

- क्रिसिल की रिपोर्ट : एफडीआई में 2 प्रतिशत से ज्यादा होगी चीन की हिस्सेदारी -12



- वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुका है ईरान युद्ध : आईईए -12



- गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से विकसित भारत का लक्ष्य संभव नहीं -13



- मुझे आईपीएल का 'इंपैक्ट खिलाड़ी' नियम पसंद नहीं : अक्षर पटेल -14


आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.10 सूर्यास्त 06.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी 04:08 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 24 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 45, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# योगी सरकार की किसानों को सौगात...गेहूं का एमएसपी बढ़ाया, 35 प्रस्ताव मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ : मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ लोक भवन में बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

- मुख्यमंत्री योगी ने दोगुना किया लक्ष्य, 2585 रुपये प्रति क्विंटल पर होगी सरकारी खरीद
- ऊर्जा, निवेश, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर को रफ्तार देने वाले कई अहम निर्णय

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में 37 प्रस्तावों पर विचार के बाद चीनी उद्योग और लखीमपुर खीरी पुल विस्तार योजना को स्थगित करते हुए 35 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में सबसे अधिक फोकस किसानों पर रहा, जबकि ऊर्जा, निवेश, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि सरकार ने गेहूं खरीद नीति को मंजूरी देते हुए एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले वर्ष से 160 रुपये अधिक है। इसके साथ ही किसानों को उतराई, सफाई और छनाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त देने का निर्णय लिया गया है, जिसका करीब 60 करोड़ रुपये का व्यय मंडी परिषद वहन करेगा। इस बार खरीद अवधि 30 मार्च से 15 जून तक तय की गई है। सभी किसानों से गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश के 75 जिलों में 6500 क्रय केंद्रों के माध्यम से आठ एजेंसियां खरीद करेंगी। सबसे अहम फैसला खरीद लक्ष्य को लेकर हुआ, जहां पहले 25 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव था, जिसे मुख्यमंत्री ने बढ़ाकर 50 लाख मीट्रिक टन कर दिया। इससे अधिक किसानों को सरकारी खरीद का लाभ मिल सकेगा। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कैबिनेट ने निजी बिजनेस पार्क योजना-2025 को मंजूरी दी है। इसके तहत प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिससे निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है, जो प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन से जोड़ेगा। औद्योगिक कॉरिडोर को मजबूत करने के को गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे 29 स्थानों पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इसके लिए 24,542 करोड़ की लागत स्वीकृत की गई है। इन क्लस्टरों में सड़क, बिजली, जल आपूर्ति समेत सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में भी बड़ा कदम उठाते हुए गोरखपुर में 20 मेगावाट सोलर प्लांट स्थापित करने को मंजूरी दी गई है, जिससे हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। घाटमपुर पावर प्लांट की 660 मेगावाट की तीन इकाई के लिए झारखंड में 2242.90 करोड़ में एक कोल ब्लाक लेने के लिए मंजूर किया गया है। इससे बिजली लागत 3.78 रुपये प्रति यूनिट से घटकर 2.72 प्रति यूनिट होने की उम्मीद है।

### संभल में 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संभल में 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के निर्माण को मंजूरी दी गई है। करीब 300 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली इस परियोजना से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

### नक्शा पास होते ही बदल जाएगा भूमि उपयोग

कैबिनेट ने राजस्व संहिता की धारा 80(8) में बदलाव करते हुए बड़ा निर्णय लिया है। अब किसी भी भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका भूमि उपयोग स्वत: बदल जाएगा। अलग से लैंड यूज परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे निर्माण और निवेश प्रक्रिया आसान होगी।

### लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए बनेगा कन्वेंशन सेंटर

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि राजधानी लखनऊ में 1435 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस सेंटर में 10 हजार क्षमता का मुख्य हॉल और 2500 क्षमता का ऑडिटोरियम होगा। जिससे लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### इंडिगो ने आलोक सिंह को मुख्य रणनीति अधिकारी नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के पूर्व प्रबंध निदेशक अलोक सिंह को अपना मुख्य रणनीति अधिकारी (सीएसओ) नियुक्त करने की घोषणा की। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे को दो सप्ताह भी नहीं हुए हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा कि सिंह में रणनीतिक दृष्टि और परिचालन क्षमता का उत्कृष्ट मिश्रण है।

### दिल्ली के उत्तम नगर में हाई अलर्ट, नवरात्र के कारण कड़ी निगरानी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के उत्तम नगर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और नवरात्र के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हाई अलर्ट पर है। एक अधिकारी ने बताया कि ईद के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस ने एहतियाती उपाय के तौर पर 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया था। सत्यापन के बाद उन सभी को रिहा कर दिया गया। द्वारका के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने कहा, नवरात्र के दौरान जेजे कॉलोनी क्षेत्र में सुरक्षा बल तैनात किए गए है।

# होर्मुज का रास्ता रोकना नामंजूर, सरकार हर अप्रत्याशित संकट से निपटेगी : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- युद्ध का प्रभाव लंबा रह सकता है, इसलिए हमें तैयार और एकजुट रहना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- पश्चिम एशिया संकट पर लोकसभा में मोदी ने दिया वक्तव्य, कहा- कूटनीति से ही युद्ध का समाधान संभव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर वक्तव्य देते हुए यह भी कहा कि इस संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है और इसका सामना देशवासियों को कोरोना संकट की तरह ही करना होगा।

उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट और व्यावसायिक जहाजों पर हमलों को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि इस समस्या का समाधान कूटनीति और बातचीत से ही संभव है तथा भारत तनाव को कम करने व संघर्ष समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में ऊर्जा क्षेत्र में सरकार की तैयारियों के कारण आज हालात से निपटने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री ने सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा, सरकार संवेदनशील है, सतर्क है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व ऐसे संकट में गलत फायदा उठाने का प्रयास करते हैं, इसलिए कानून व्यवस्था से जुड़ी सभी एजेंसियों को सतर्क रखा गया है। इस युद्ध के कारण दुनिया में बने हालात का प्रभाव लंबे समय तक रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा, हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धीरज, संयम और शांत मन से हर चुनौती का मुकाबला करना है। मोदी ने कहा कि होर्मुज से कच्चे तेल, गैस और उर्वरक से लदे जहाजों के आवागमन में चुनौती के बावजूद सरकार का प्रयास देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति बहुत अधिक प्रभावित नहीं होने देने का है। देश में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया जा रहा है और पेट्रोल-डीजल की लगातार सुचारू आपूर्ति पर काम किया गया है।

### बढ़ेगी बिजली की मांग पर्याप्त संसाधन मौजूद

प्रधानमंत्री ने कहा, आज देश में किसानों ने अन्न भंडार भर रखे हैं। हमारे पास पर्याप्त खाद्यान्न हैं। प्रयास है कि खरीफ मौसम की सही से बुवाई हो। उन्होंने कहा, मैं देश के किसानों को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार उनकी हरसंभव मदद करती रहेगी। कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली की मांग बढ़ने की चुनौती रहेगी, लेकिन सभी संयंत्रों के लिए पर्याप्त कोयला भंडार पर्याप्त हैं।

### आर्थिक, राष्ट्रीय व मानवीय सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती

पिछले तीन सप्ताह से अधिक समय से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के हालात ने भारत के सामने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं जो आर्थिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवीय सुरक्षा से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा, यह आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज में संदेश दुनिया में जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि संकट की स्थिति बनने के बाद उन्होंने स्वयं पश्चिम एशिया के अधिकतर राष्ट्राध्यक्षों से दो बार फोन पर बात की है और उन सभी ने वहां भारतीयों की सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया है। मोदी ने कहा कि प्रभावित देशों में भारत के जितने भी मिशन हैं वे निरंतर भारतीयों की मदद में जुटे हैं, वहां काम करने वाले भारतीयों, पर्यटकों को हर संभव मदद दी जा रही है। मोदी ने कहा, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक लगभग 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही अभी तक लगभग एक हजार भारतीय सुरक्षित वापस आए हैं।

# ट्रंप ने ईरानी ऊर्जा संयंत्रों पर हमला टाला, होर्मुज के लिए समयसीमा बढ़ाई

दुबई, एजेंसी



- ट्रंप बोले- 5 दिन अटैक नहीं करेंगे पहले दिया था 48 घंटे का अल्टीमेटम
- समझौता होने पर संवर्धित यूरेनियम को अपने कब्जे में लेने की बात कही
- ईरान ने कहा- कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए दी गई समयसीमा सोमवार को बढ़ा दी और कहा कि अमेरिका पांच दिन के लिए ईरानी बिजली संयंत्रों पर हमले टाल रहा है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल साइट पर युद्ध के समाधान की संभावना भी जताई। हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने बातचीत होने से इनकार किया है। कहा कि तेल कीमत घटाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप गुमराह कर रहे हैं।

ट्रंप के रुख में आए बदलाव से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध का कुछ समाधान निकलने की उम्मीद जगी है। बाद में, ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी दूत एक सम्मानित ईरानी नेता के साथ बातचीत कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि पश्चिम एशिया के लिए विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और उनके (ट्रंप के) दामाद जेरेड कुशनर ने रविवार शाम तक बातचीत की तथा वार्ता जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई से बात नहीं की है। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान से समझौता हो जाता है, तो अमेरिका परमाणु कार्यक्रम के लिए संवर्धित यूरेनियम को अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई करेगा।

# रामनवमी मेले को लेकर 80 घंटे बंद रहेगा अयोध्या हाईवे

**अयोध्या।** रामनवमी मेले को लेकर 24 मार्च की दोपहर दो बजे से 27 मार्च की रात 12 बजे तक जिले की सीमाओं से जुड़े राष्ट्रीय व प्रादेशिक राजमार्ग पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान मालवाहक भारी वाहन जैसे ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि का मार्ग परिवर्तित कर उनके गंतव्य को भेजा जाएगा। एसपी यातायात एपी सिंह ने सोमवार देर शाम बताया कि यह प्रतिबंध आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा। साथ ही श्रद्धालुओं के वाहनों को भी आने जाने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुल्तानुपर से आने वाले वाहनों को कूड़ेभार से, रायबरेली से आने वाले वाहनों को हलियापुर से, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर से आने वाले वाहनों को गोहन्ना मोड़ अम्बेडकरनगर से, बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहनों को भिटरिया रामसनेही घाट से और जनपद बस्ती की ओर से आने वाले वाहनों को लोलपुर से डायवर्ट किया जाएगा। इसी तरह जनपद गोरखपुर से वाहनों का डायवर्जन-गोरखपुर से लिंक एक्सप्रेस-वे होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर किया जाएगा। जनपद बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती, से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहनों को टिकोरा मोड़ से चहलरी घाट रोड होते हुए सिधौली सीतापुर-लखनऊ मार्ग पर डायवर्ट किया जाएगा। कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को कानपुर, उन्नाव, मौरावां, मोहनलालगंज, गोसाईगंज, चांद सराय से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर डायवर्ट किया जाएगा। जनपद लखनऊ में आगरा एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहनों को मोहान, जुनाबगंज, से मोहनलालगंज से गोसाईगंज से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर भेजा जाएगा और सीतापुर, शाहजहांपुर, से आने वाले वाहनों को आईआईएम रोड दुबग्गा से आलमबाग, नहरिया से शहीदपथ होते हुए अहीमामऊ से होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा।

# प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज ढहा, 4 की मौत



प्रयागराज के फाफामऊ थाना क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की गिरी छत।

प्रयागराज, एजेंसी

- अमोनिया गैस का रिसाव होने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मची, एक किमी तक फैली गैस, 12 घायल

यहां के गंगा नगर के फाफामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक कोल्ड स्टोरेज के अचानक ढह जाने से चार श्रमिकों की मृत्यु हो गई, जबकि 12 श्रमिक घायल हो गए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया, घायलों का इलाज एसआरएन अस्पताल में चल रहा है। जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल से मलबा हटाकर लोगों की तलाश रही है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि फाफामऊ थाना क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोरेज अचानक भर भराकर ढह गया और उससे अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जिला प्रशासन और पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है तथा अग्निशमन विभाग की टीम भी सक्रिय है जो गैस रिसाव रोकने की दिशा में काम कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में इस घटना पर दुख व्यक्ति करते हुए कहा है, इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों और उनके परिजनों के साथ मेरी सहानुभूति है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

# शेयर बाजार क्रैश, सेंसेक्स 1,836 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी



- युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों के 48.29 लाख करोड़ डूबे

शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,837 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 602 अंक लुढ़क गया। पश्चिम एशिया युद्ध अब चौथे सप्ताह में पहुंच गया है।

इसके कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी व रुपये की विनिमय दर में गिरावट को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। सेंसेक्स 1,836.57 अंक यानी 2.46 प्रतिशत टूटकर 72,696.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार दौरान, एक समय यह 1,974.52 अंक का गोता लगाकर 72,558.44 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 601.85 अंक यानी 2.60% लुढ़ककर 22,512.65 अंक पर बंद हुआ। इसके अलावा ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरग्लोब एविएशन, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों के अब तक 48.29 लाख करोड़ डूब गए।

### रुपए ने छुआ 94 का सर्वोच्च स्तर, बाद में स्थिर

**मुंबई।** पहली बार सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 94 के स्तर को लांघ गया। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आये सुधार के बीच कारोबार के अंत में रुपया 93 .53 प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93 .84 पर खुला और पूरे दिन गिरावट में रहा। अंतत: यह पहली बार 94 के स्तर को पार कर गया। बाद में रुपया अपनी गिरावट रोकने में कामयाब रहा और डॉलर के मुकाबले रुपया 93 .53 प्रति डॉलर पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

## अधिकारी आत्महत्या मामला: आप के पूर्व मंत्री भुल्लर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य भंडारण निगम के एक अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक लालजीत सिंह भुल्लर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि भुल्लर को मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा। अमृतसर स्थित पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने शनिवार तड़के जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। वीडियो सामने आया है, जिसमें वह (रंधावा) भुल्लर पर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाते दिख रहे हैं। मामले में उनके पिता समेत तीन पर मामला दर्ज है।

**आदेश** | सुप्रीम कोर्ट ने कंपनियों से जुड़े बैंकिंग धोखाधड़ी मामले की जांच में सीबीआई और ईडी द्वारा दिखाई गई अनिच्छा पर जताई नाराजगी

# अनिल अंबानी बैंक फ्रॉड केस की निष्पक्ष व समयबद्ध जांच हो

नई दिल्ली, एजेंसी



शीर्ष कोर्ट ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) व उसकी कंपनियों से जुड़े बैंकिंग धोखाधड़ी मामले की जांच में सीबीआई और ईडी द्वारा दिखाई गई अनिच्छा पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने उन्हें इस मामले में निष्पक्ष, तटस्थ, पारदर्शी और समयबद्ध जांच करने का निर्देश दिया।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने सीबीआई और ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया और सभी संबंधित वित्तीय संस्थानों को ईडी को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया। अंबानी के नेतृत्व वाले एडीएजी की कंपनियों द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण धोखाधड़ी मामले की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करते हुए पूर्व नौकरशाह ईएएस शर्मा ने जनहित याचिका दायर की है।

इस पर सुनवाई करते हुए, पीठ ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को यह अनुमति दी कि यदि अन्य सरकारी निकाय उन्हें सहयोग देने में अनिच्छा दिखाते हैं तो वे उससे संपर्क कर सकते हैं। सुनवाई की शुरुआत में मेहता ने पीठ को सूचित किया कि एक एसआईटी का गठन किया गया है। जांच एजेंसियों ने अब तक 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

### 73,000 करोड़ रुपये है धोखाधड़ी की कुल राशि

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम उन्हें यह निर्देश नहीं दे सकते कि किसे गिरफ्तार करना है, लेकिन जांच एजेंसियों की ओर से दिखाई गई अनिच्छा स्वीकार्य नहीं है। उन्हें समयबद्ध तरीके से बताना चाहिए कि क्या पाया गया है। आपकी जांच से पता चलना चाहिए कि क्या किया गया है और इससे न केवल हमें, बल्कि सभी को विश्वास होना चाहिए। पीठ ने जांच एजेंसियों की नयी वस्तु स्थिति रिपोर्ट में सामने आए कुछ तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि सीबीआई और ईडी वर्तमान में क्रमश: सात और आठ प्राथमिकी की जांच कर रही हैं। पीठ ने यह भी कहा कि 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण का निपटारा कथित तौर पर 26 करोड़ रुपये का भुगतान करके किया गया है। पीठ ने कहा कि अनुमान है कि धोखाधड़ी की कुल राशि लगभग 73,000 करोड़ रुपये है। न्यायालय ने कहा, जांच एजेंसियों को इस मामले की तह तक जाना चाहिए। हम सीबीआई और ईडी से आग्रह करते हैं कि जांच को पूरी तरह निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से पूरा किया जाए ताकि इसे समयबद्ध तरीके से तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके।

## अन्य फैसले

### लोक सेवा अधिकरण के पदाधिकारियों की आयु सीमा बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) अधिनियम, 1976 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अधिनियम की धारा-3(8) के स्थान पर नई उपधारा 3(8)(क) जोड़ी गई है, जिससे अधिकरण के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की आयु सीमा में दो साल की बढ़ोतरी हुई है। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से अधिकरण में अनुभवी अधिकारियों की सेवाएं अधिक समय तक मिल सकेंगी, जिससे मामलों के निस्तारण में गति आएगी और न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। इस संशोधन का उद्देश्य प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखना तथा लंबित मामलों के समाधान में तेजी लाना है।

### बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण के क्षेत्र का विस्तार करते हुए 14 नए गांवों को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। सरकार का मानना है कि इस फैसले से क्षेत्र में नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा और तेजी से हो रहे विस्तार को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। नए गांवों के शामिल होने से इन क्षेत्रों में सड़क, जल निकासी, बिजली, आवास और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ने से औद्योगिक और आवासीय परियोजनाओं को गति मिलेगी, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### ललितपुर मेडिकल कॉलेज को 3250 वर्ग मीटर भूमि मिलेगी मुफ्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में ललितपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 3250 वर्गमीटर भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार का मानना है कि इस फैसले से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल शिक्षा को नई मजबूती मिलेगी। मेडिकल कॉलेज के विकास से न केवल क्षेत्र के मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

### चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम फैसला लेते हुए चिलुआताल में 20 मेगावाट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों और सौर ऊर्जा नीति के अनुरूप होगी, जिसके तहत शहर की ऊर्जा जरूरतों का एक हिस्सा अक्षय स्रोतों से पूरा किया जाएगा। इसके लिए करीब 80 एकड़ जल क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**प्रतापगढ़ :** कंधई थाना क्षेत्र के सिकरी कानूपुर निवासी निशा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पति संतोष कुमार पटेल को सिकरी कानूपुर बाजार घरेलू सामान खरीदने के लिए गए थे, लौटते समय बाजार के समीप बरहा गांव स्थित तालाब के पास ईंट भट्ठे पर मिट्टी की ढुलाई कर रहे ट्रैक्टर चालक ने पति की साइकिल में टक्कर मारकर ट्रैक्टर लेकर भाग निकला, मौके पर ही संतोष की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# तहसीलों का अधिकार छीनने से खत्म होगा भ्रष्टाचार का खेल

**यूपी कैबिनेट के फैसले : भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल प्रक्रिया होगी सरल, भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका लैंड यूज स्वतः बदल जाएगा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल प्रक्रिया को सरल बना दिया है। अब किसी भी भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका लैंड यूज स्वतः बदल जाएगा और इसके लिए अलग से जिलाधिकारी या एसडीएम से अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विभाग के इस प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी से तहसीलों का जहां अधिकार छिन गया है, वहीं एसडीएम से लेकर लेखपाल स्तर तक होने वाले भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उप्र. राजस्व संहिता, 2006 की धारा-80 में संशोधन के लिए अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी गई। इस अहम फैसले के तहत विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में गैर-कृषि उपयोग (लैंड यूज) परिवर्तन की प्रक्रिया को बेहद सरल बना दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में अलग से लैंड यूज बदलवाने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी भूखंड का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास हो जाता है, तो उसी को भूमि उपयोग परिवर्तन माना जाएगा। इससे पहले लोगों को दोहरी प्रक्रिया (पहले लैंड यूज परिवर्तन और फिर नक्शा पास कराने) से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी।



कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना और नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

**क्या बदला, क्या होगा फायदा**

**पहले क्या था**
- लैंड यूज बदलने के लिए अलग से अनुमति जरूरी
- एसडीएम, तहसील और लेखपाल स्तर पर लंबी प्रक्रिया
- महीनों तक फाइल लंबित रहती थी
- दलालों के जरिए अवैध वसूली

**अब क्या होगा**
- नक्शा पास होते ही स्वतः लैंड यूज बदल जाएगा
- अलग से अनुमति लेने की जरूरत खत्म
- प्रक्रिया पूरी तरह सरल और तेज

**सीधा फायदा**
- तहसीलों में भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार
- आम लोगों और निवेशकों को राहत
- निर्माण और निवेश परियोजनाओं में तेजी
- पारदर्शिता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा

# नवयुग पालिका योजना को मंजूरी 58 शहरों का होगा स्मार्ट विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **2916 करोड़ से बदलेगी नगर पालिकाओं की तस्वीर, डिजिटल गवर्नेंस पर जोर**
- **जिला मुख्यालयों के संतुलित विकास से घटेगी क्षेत्रीय असमानता**

**अमृत विचार:** प्रदेश में संतुलित शहरी विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में "नवयुग पालिका योजना" को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के 58 जिला मुख्यालयों के नगरीय निकायों को स्मार्ट सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिससे नगर निगमों के बाहर के शहरों में भी आधुनिक विकास का लाभ पहुंच सके।

योजना के अंतर्गत 55 नगर पालिका परिषद, 3 नगर पंचायतों तथा दादरी नगर पालिका परिषद को शामिल किया गया है। पहली बार राज्य सरकार ने नगर निगमों से इतर नगरीय निकायों पर फोकस करते हुए उनके समग्र विकास के लिए अलग नीति लागू की है। इस योजना पर अगले 5 वर्षों (2025-26 से 2029-30) में कुल 2916 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। हर वर्ष करीब 583.20 करोड़ निवेश किए जाएंगे, जिसे पूरी तरह राज्य सरकार वहन करेगी। नवयुग पालिका योजना के तहत डिजिटल गवर्नेन्स, ई-सेवाएं और स्मार्ट तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे नागरिक सेवाएं अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनेंगी। साथ ही सड़कों, जल निकासी, पेयजल का उन्नयन किया जाएगा।

### ग्रेटर नोएडा में 174 एकड़ में बनेगा मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क नीति-2024 के तहत ग्रेटर नोएडा में 174 .12 एकड़ भूमि पर मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना में 1000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा और 30% फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी उपलब्ध होगी। भूखंड का आवंटन ई-नीलामी मॉडल से किया जाएगा, जिसमें कंपनियां, एलएलपी और साझेदारी फर्म भाग ले सकेंगी। परियोजना के लिए भूमि का रिजर्व प्राइस 11,000 रुपये प्रति वर्गमीटर तय किया गया है। चयनित निवेशक को 7 वर्षों में परियोजना पूरी करनी होगी, जिसमें पहले 3 वर्षों में 40% कार्य अनिवार्य होगा। यह लॉजिस्टिक्स पार्क प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक सप्लाई चेन से जोड़ने, माल ढुलाई लागत कम करने और रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाएगा।

# प्रदेश में 'री-यूज वाटर' नीति लागू पेयजल बचाने की बड़ी पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार ने सेफ री-यूज ट्रीटेड वाटर पॉलिसी को मंजूरी देते हुए जल प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है। इस नीति के तहत अब घरों और उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को शोधन (ट्रीटमेंट) के बाद दोबारा उपयोग में लाया जाएगा, जिससे पेयजल संसाधनों पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सके।

प्रदेश में सिंचाई, घरेलू, औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्रों में पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए सरकार ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के माध्यम से शोधित जल के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। नीति के तहत पहले चरण में नगर निकायों के कार्य, निर्माण गतिविधियों, बागवानी और सिंचाई में इस पानी का उपयोग किया जाएगा। दूसरे चरण में इसे उद्योग, कृषि और रेलवे जैसे क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा। वहीं तीसरे चरण में ड्यूल पाइप सिस्टम के जरिए घरों तक गैर-पीने योग्य पानी की अलग आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल स्वच्छ पेयजल की बचत होगी, बल्कि नदियों और जलाशयों में प्रदूषण भी कम होगा। साथ ही जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और ऊर्जा की खपत में भी कमी आएगी।

**'री-यूज वाटर' नीति की विशेषताएं**

*अपशिष्ट जल को ट्रीट कर दोबारा उपयोग

*एसटीपी और एफएसटीपी के जरिए शोधन

*निर्माण, बागवानी और सिंचाई में उपयोग

*उद्योग और रेलवे तक विस्तार

*ड्यूल पाइप सिस्टम से घरों में अलग सप्लाई

*प्रदूषण में कमी

*जल संरक्षण और ऊर्जा बचत को बढ़ावा

# तीन वर्ष में 57 हजार बीमा सखी तैयार करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**बड़ा कदम**
- **हर ग्राम पंचायत में एक बीमा सखी महिलाओं को मिलेगा रोजगार**
- **इस पहल से गांव-गांव तक बीमा सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी**

**अमृत विचार:** प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने अगले तीन वर्षों में प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों में 57 हजार 'बीमा सखी' तैयार करने का निर्णय लिया है।

इस योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा, जिससे उनकी आय बढ़ेगी और गांव-गांव तक बीमा सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी।

यह पहल भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के सहयोग से संचालित की जा रही है। योजना के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण देकर "बीमा सखी" बनाया जा रहा है, जो ग्राम स्तर पर बीमा उत्पादों का प्रचार-प्रसार और सेवाएं प्रदान करेंगी। प्रशिक्षण के लिए एलआईसी के ट्रेनिंग सेंटरों के सहयोग से जिला स्तर पर कैलेंडर तैयार किया जा रहा है और परीक्षा में असफल अभ्यर्थियों के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की जा रही है। जिससे नई सुविधा मिलेगी।

### भाजपा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी घोषित

**प्रतापगढ़:** भाजपा के जिला कार्यकारिणी का गठन पूरा कर लिया गया है। जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि राजेश सिंह, राजेश मिश्र राजन, अजय वर्मा जिला महामंत्री, सरोज त्रिपाठी, पवन गौतम, अशोक श्रीवास्तव, अशोक सरोज, अजय सिंह, रामजी मिश्र, अनुराग मिश्र, राम आसरे पाल जिला उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। विनोद शर्मा, राम चरित्र वर्मा, प्रतिभा केसरवानी, पूनम इंसान, अनिल मौर्य, जितेन्द्र विक्रम सिंह, मुदित सिंह और सूर्य प्रकाश पटेल को जिला मंत्री का पद मिला है। इसके अलावा शिव विलास वैश्य कोषाध्यक्ष, विक्रम सिंह कार्यालय मंत्री, मुरलीधर कार्यालय सह मंत्री, राघवेन्द्र शुक्ल जिला मीडिया प्रभारी, देवेश त्रिपाठी, आशीष खंडेलवाल जिला सह मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं।

### विश्व हिंदू महासंघ की मांग, बने वंदे मातरम चौक

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** शहीद दिवस पर विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में प्रयागराज मंडल प्रभारी अनुज सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में जिलाधिकारी को मांगपत्र सौंपा गया। संगठन के पदाधिकारियों ने शहर में एक प्रमुख स्थान पर "वंदे मातरम चौक" बनाए जाने की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि यह चौक देशभक्ति की भावना को सशक्त करेगा। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से प्रतापगढ़ महत्वपूर्ण है। यहां देशभक्ति से जुड़े प्रतीकों का होना आवश्यक है। इस दौरान राजकुमार पाल, संगम लाल, उमेश सिंह, विमल, मनीष, अनीता, सुष्मिता, ओम प्रकाश, माया, सोनी, निर्मला रहीं।



मांग को लेकर जुटे विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी।

### अमर बलिदानी भगत सिंह को किया नमन

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में शहीद दिवस श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। डायरेक्टर राकेश सिंह, व्यवस्थापक धीरेंद्र कुमार सिंह ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कहा कि उनका बलिदान हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण, साहस और त्याग की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अंशिका, आस्था, सुहानी, प्रिया, विजया, नित्या, तनु आदि रहीं।



स्कूल में शहीद भगत सिंह को नमन करते शिक्षक।

### स्वयसेवकों को बताया योग का महत्व

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पीबीपीजी कॉलेज सिटी में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन योगाभ्यास कराया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताया। कहा कि एक स्वयंसेवक का जीवन अनुशासित होता है। प्रो .उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि स्वयंसेवक सदैव एक अच्छे और स्वस्थ समाज की कल्पना करता है। द्वितीय सत्र में योग प्रशिक्षक नन्दलाल गुप्ता ने स्वयसेवकों को जीवन में योग का महत्व बताते हुए उन्हें योग मुद्राओं का प्रशिक्षण दिया। बताया कि योग से ही मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो सकता है। योग अनेकों बीमारियों को जड़ से मिटा सकता हैं। लोकगायक संतोष यादव ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। डॉ. राकेश सिंह, डॉ. देवेश कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश मोदनवाल, डॉ. भूपाल सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. वंदना सिंह, अजय कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं डॉ. पवन कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ .शिव प्रताप सिंह, संतोष सिंह, बालेंदु भूषण सिंह, दिनेश शर्मा, अजय मिश्र, चंद्रमा सिंह, प्राची, अशोक मौर्य, गोविंद, उपमन्यु शुक्ल, श्याम लाल मौर्य आदि रहे।



प्रशिक्षण देते नन्द लाल गुप्ता।

# समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी करें मेट्रो परियोजनाएं : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में संचालित मेट्रो परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश को विश्वस्तरीय शहरी परिवहन व्यवस्था में अग्रणी बनाना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए निर्माण से लेकर संचालन तक हर स्तर पर पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शहरों की अर्थव्यवस्था को गति देने और निवेश आकर्षित करने का माध्यम भी है। उन्होंने परियोजनाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए नए आय स्रोत विकसित करने पर जोर दिया। इसके तहत स्टेशनों पर रिटेल, फूड कोर्ट, मल्टीलेवल पार्किंग, ऑफिस स्पेस और विज्ञापन जैसे विकल्पों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने मेट्रो परियोजनाओं में मल्टी-मोडल और लास्ट माइल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देने को कहा, ताकि यात्रियों को निर्बाध यात्रा सुविधा मिल सके। बैठक में लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। लखनऊ मेट्रो का 23 किमी कॉरिडोर संचालित है और विस्तार 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य है। कानपुर मेट्रो के दोनों कॉरिडोर पर तेजी से काम जारी है और शेष कार्य मार्च 2027 तक पूरा होगा। आगरा मेट्रो के कॉरिडोर-1 को जून 2026 और कॉरिडोर-2 को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

मेट्रो सेवाओं के बढ़ते उपयोग से यातायात दबाव कम हुआ है। नॉन-फेयर बॉक्स आय 2024-25 में करीब 222 करोड़ रुपये रही। सीएम ने नियमित मॉनिटरिंग और गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश दिए।


**आवश्यकता है**

**स्वामी ब्रम्हानंद महाविद्यालय**
आगमपुर शाहाबाद-हरदोई
(सम्बद्ध लखनऊ वि0वि0 लखनऊ)

निम्नलिखित पदों पर प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।

**B.A. हेतु**
1- संस्कृत - 4 पद

**M.A. हेतु**
1- भूगोल - 4 पद,
2- ग्रहविज्ञान - 4 पद

**M.Sc. हेतु**
1- जन्तु विज्ञान - 4 पद,
2- वनस्पति विज्ञान - 4 पद,
3- भौतिक विज्ञान - 4 पद

**M.Sc. कृषि हेतु**
1- एग्रोनोमी - 4 पद,
2- हॉर्टिकल्चर - 4 पद

योग्यता एवं वेतनमान - यू.जी.सी एवं लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के मानकानुसार देय होंगे।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिन के अंदर करें। साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं देय होगा।

प्रबंधक- मो0 : 6393051845


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली**

पत्रांक/के0जी0बी0वी0/9105-09/2025-26 दिनांक : 23.03.2026

**विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या-1553/68-5/2020 दिनाँक 11 दिसम्बर 2020 एवं निदेशक राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक- के0जी0बी0वी0/शिक्षक/1837/2024-25 दिनाँक 30.05.2024 द्वारा दिए गए निर्देशों के कम में जनपद रायबरेली के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) में अस्थाई रूप से सृजित संविदा आधारित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति हेतु इच्छुक, अर्ह, योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शर्तो के अधीन आवदेन पत्र आंमत्रित किये गये थे। आवदेन पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि 22.12.2025 की सायं 05:00 बजे तक थी। प्राप्त आवेदन पत्रों से पात्र अभ्यर्थियों (पूर्णकालिक व अंशकालिक शिक्षिका एवं लेखाकार) की काउंसलिंग दिनांक 23.01.2026 व साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों (सहायक रसोइया, चौकीदार व चपरासी) को 28.01.2026 को साक्षात्कार पूर्ण किया गया। शासनादेश देश में निहित प्राविधानों के अनुसार काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों से विकल्प लिए जाने के निर्देश है। तत्क्रम में काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में दिनाँक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विकल्प हेतु अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित उपस्थित होंगे।

विकल्प हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जनपद रायबरेली के एन0आई0सी0 की वेबसाइड- http://raebareli.nic.in व कार्यालय के सूचना तट पर उपलब्ध है।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**रायबरेली**

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

| S. L. N. | CODE NO | NAME OF ZONE | NAME OF WORK | TENDER COST (Rs.) | Date of Pre-bid Meeting | Date of Technical bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Agra-27/26 | Agra Zone | Construction Work of Extension of Third Floor of U.I.E.T.-4 at CSJMU Campus , Kanpur.(U.P). | 7,80,07,000 | 23.03.2026 | 01.04.2026 |
| 2 | Del-8/26 | Delhi Zone | Construction of Academic Building-3 at Raja Mahendra Pratap Singh University, Aligrah. | 18,55,65,000 | 25.03.2026 | 09.04.2026 |
| 3 | Del-9/26 | -do- | Special repair and painting works of District Home Guard Building Ghaziabad. | 18,86,349 | 27.03.2026 | 08.04.2026 |
| 4 | E-IV-13/26 | Electrical zone-4 | Modification of Stairs and Installation of Service Lift at New High Court CJ Campus Gomti Nagar Lucknow. | 23,48,000 | --- | 07.04.2026 |
| 5 | E-IV-14/26 | -do- | Renovation of Exterior Walls of Collectorate Campus Sitapur by using Facad Lighting. | 67,97,000 | 25.03.2026 | 07.04.2026 |
| 6 | E-IV-15/26 | -do- | Comprehensive Maintenance and Operation of HVAC, Fire Fighting, DG Set and HT/LT Electrical Panel Installed at Indira Gandhi Planetarium Lucknow. | 29,89,000 | 23.03.2026 | 26.03.2026 |
| 7 | Ayo-8/26 | Ayodhya Zone) | Construction of Model Composite School (Pre-Primary to Class-12) Dullapur khalsa District Gonda. | 21,20,56,000 | 02.04.2026 | 09.04.2026 |
| 8 | GKP-22/26 | Gorakhpur Zone | Construction of Balance Work of CHC Pauli Santkabir Nagar Hospital Main Bulding. | 62,85,000 | -- | 30.03.2026 |

For more details visit U.P. Government e-tender portal **http://etender.up.nic.in** and UPRNNL website **http://www.uprnn.upsdc.gov.in**


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल अपना नाम अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल को परिवर्तित करके अवन्तिकाबेन पटेल कर रही हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु अवन्तिकाबेन पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **अवन्तिकाबेन पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल अपना नाम सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके सपना पटेल कर रही हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु सपना पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **सपना पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कल्पेश राजेंद्र भाई पटेल पुत्र श्री राजेंद्र भाई पटेल अपना नाम कल्पेश राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके कल्पेश पटेल कर रहा हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यो हेतु कल्पेश पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **कल्पेश पटेल पुत्र श्री राजेंद्र भाई पटेल माकन संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1630319 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है । **प्रार्थी दानिश पुत्र ऐजाज अहमद नवीन नगर बिल्हौर कानपुर नगर**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1231412986 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 अनुक्रमांक 2256183180 के प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं । **प्रार्थी ज्योति पुत्री बृजमोहन ग्राम पोस्ट लुघपुरा बिधूना जनपद औरैया**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेंद्र भाई पुत्र श्री मगन भाई पटेल अपना नाम राजेंद्र भाई को परिवर्तित करके राजेंद्र भाई पटेल कर रहा हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु राजेंद्र भाई पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा । **राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री मगन भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD HAROON से बदलकर MOHD HAROON रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SULEMAN ADD-660/7/P-86A PHOOL BAGH COLONY BAHADURPUR, KURSI ROAD, ERAM MEDICAL COLLEGE, GUDAMBA, DIST-LUCKNOW-226026 (U.P.)

**सूचना**

I, SAREEF S/O MOHAMMAD HANIF, R/O MOHALLA-PATEL NAGAR, UTRAULA, BALRAMPUR, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO MOHAMMAD SHAREEF , AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS MOHAMMAD SHAREEF.

**सूचना**

मैने अपना नाम VIGYAN SINGH से बदलकर VIGYAN RAJESH SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाय । S/o Rajesh Kumar Singh Add- Flat No 3A 106 Sixth Floor Wing A Tower 1 Golf View Appartment Sector-i Ansal Sushant Golf City Lucknow UP-226030

**सूचना**

मैने अपना नाम CHABIWALA NAYIAM YUSUF से बदलकर MOHAMMAD NAEEM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHAMMAD YUSUF ADD-624/P 7B/KH 71A FAIZULLAGANJ-2 NEAR NASIR FARM RAHIM NAGAR DIDAULI, DIST-LUCKNOW-226020 (U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र महेन्द्र कुमार को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज से मेरा उससे कोई संबंध नहीं रहेगा। **रामरतन पुत्र बनवारी निवासी मोहल्ला नयीवस्ती तहसील शाहाबाद जनपद हरदोई**

**सूचना**

मैं **चंद्रवती पत्नी संकठा प्रसाद नि. गजोधरपुर मोड़ 25वाहिनी पीएसी, रायबरेली**, अपने बड़े पुत्र उमेश कुमार धीमान को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नही होगा।

**सूचना**

पहले मेरा नाम SHAHNEWAZ AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम SHAH NEWAZ AHAMAD रख लिया है भविष्य में मुझे SHAH NEWAZ AHAMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- GULAM ZILANI R/O- FLAT NO-108, 1ST FLOOR, AJEET RESIDENCY SECTOR - 2, VIKAS NAGAR LUCKNOW 226022

**सूचना**

मैं **बिमला पत्नी मंगल निवासी ग्राम मसौलिया तहसील करनैलगंज जिला गोंडा** की निवासिनी हूँ। मेरे सभी अभिलेखानुसार व वास्तविक नाम और पता यही है। जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश जय कला दर्ज हो गया था। जिसे मैंने सही करा दिया है। मेरे वास्तविक नाम बिमला पत्नी मंगल के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मै **बिहारी लाल पुत्र जंगली, निवासी- ग्राम मनिहार खेड़ा मजरा बडखोरवा थाना रहीमाबाद तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ** का है। मेरा मझला पुत्र विरेन्द्र कुमार मुझे व मेरी पत्नी व मेरे अन्य पुत्र पुत्रियों को प्रताडित किया करता है और किसी की बात भी नही मानता है। इसलिए मै तथा मेरा उपरोक्त परिवार मझिले पुत्र विरेन्द्र कुमार के चालो चलन व व्यवहार से परेशान है। यदि विरेन्द्र कुमार कही भी किसी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर दे तो उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। इसलिए मै अपने पुत्र विरेन्द्र कुमार को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। और आज की तारीख से मेरी सम्पत्ति व मेरे परिवार से विरेन्द्र कुमार को कोई वास्ता नही रहा है।

**सूचना**

गोंडा आर्म रेसलिंग एसोसिएशन इंद्रासन भवन सिविल लाइन गोंडा का पंजीकरण शिवांश सिंह द्वारा सचिव की हैसियत से संबंधित विभाग में आनलाइन आवेदन के उपरांत कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार पत्रांक डीआईएस/378341 दिनांक 10-03-2026 के अनुपालन में सूचना प्रसारित की जा रही है कि गोंडा आर्म रेंसलिंग एसोसिएशन इंद्रासन भवन सिविल लाइन गोंडा के नाम से मिलती जुलती अन्य कोई संस्था पूर्व में पंजीकृत नहीं है, यदि किसी को कोई आपत्ति होती है तो सूचना प्रसारण के 15 दिन के अंदर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। **शिवांश सिंह, सचिव, गोंडा फुटबाल एसोसिएशन इंद्रासन भवन सिविल लाइन गोंडा।**

# डीएम की पहल से निराश्रित परिवारों को मिला सहारा

## संपूर्ण समाधान दिवस में 291 शिकायतों में से 43 का मौके पर ही किया गया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जिले की विभिन्न तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील फतेहपुर में कार्यक्रम जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर राहत प्रदान करने पर जोर दिया गया। समाधान दिवस में बनार निवासी फूलकुमारी ने पति की मृत्यु के बाद बच्चों के भरण-पोषण के लिए सहायता मांगी। इस पर जिलाधिकारी ने पारिवारिक लाभ योजना के तहत 30 हजार रुपये, निराश्रित महिला पेंशन के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह तथा दोनों बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़कर प्रति बच्चा 2500 रुपये मासिक सहायता दिलाने के निर्देश दिए।

साथ ही पुत्री को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जोड़ने एवं अन्त्योदय राशन कार्ड बनवाने के भी निर्देश दिए गए। इसी प्रकार बारोलिया निवासी पुष्पा देवी के प्रकरण में भी उनके नाबालिग पुत्र को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए गए। धरौली निवासी शंभू द्वारा अतिक्रमण की शिकायत पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई तथा जलनिकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पचघरा की मायादेवी के राशन कार्ड संशोधन संबंधी प्रार्थना पत्र पर भी तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन, आवास समेत जनसामान्य से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए।

सभी तहसीलों में कुल 291 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 43 का मौके पर निस्तारण किया गया। रामसनेहीघाट में 41 में से 5, सिरौलीगौसपुर में 19 में से 11, रामनगर में 38 में से 5 तथा नवाबगंज में 66 में से 8 शिकायतों का निस्तारण किया गया। हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार तहसील में आयोजित समाधान दिवस में दिव्यांग महिला मिथिलेश कुमारी ने मारपीट व पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने की शिकायत की। वहीं सफरीन बानो ने भी उत्पीड़न व मोबाइल तोड़े जाने का आरोप लगाया। उपजिलाधिकारी ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।



निराश्रित महिला की शिकायत सुनते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

### षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्ति के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र...

मां कात्यायनी: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने दिनेश कुमार निवासी ग्राम कुंवरपुर को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से 16 पाउच देशी शराब बरामद हुई।

# हादसों में किशोर की मौत, 7 घायल

**रफ्तार की मार**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं, वहीं दूसरे हादसे में सात लोग घायल हो गए।

पहला हादसा सतरिख नाका क्षेत्र में रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे हुआ। लखपेड़ाबाग निवासी वसीक सिद्दीकी (16) पुत्र वसीम स्कूटी से बड़ेल मौरंग मंडी की ओर मेला देखकर घर लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डीसीएम ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वसीक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। दूसरा हादसा सोमवार को फतेहपुर थाना क्षेत्र में महमूदाबाद रोड स्थित झांसा पुरवा गांव के पास हुआ। यहां एक ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के जरिए फतेहपुर सीएचसी पहुंचाया गया। सीतापुर जिले के थानगांव थाना क्षेत्र के जुम्मन पुरवा गांव निवासी लोग कटघरा गांव में आयोजित एक निकाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। झांसा पुरवा के पास अचानक सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली आ जाने से ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। घायलों में महबूबा (60), नाजमी (50), कासिम (50), नाजिमा (40), दरस्सा (30), मिश्कीन (18) तथा ई-रिक्शा चालक रवि सोनी (30) शामिल हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अवधेश कौशल के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में हुए एक हादसे में घायल होकर इलाज करा रहे युवक की मौत हो गई। ग्राम भीखरपुर निवासी हीरालाल का पुत्र विनय कुमार 18 मार्च की रात बहरेला से दवा लेकर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह भीखरपुर स्थित सैनिक ढाबा के पास पहुंचा, तभी हैदरगढ़ की ओर से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विनय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सीएचसी ले गए, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान 19 मार्च की सुबह उसकी मौत हो गई।

## कोटवाधाम आया सीतापुर का वृद्ध लापता

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बदोसरांय थाना क्षेत्र स्थित कोटवाधाम में दर्शन करने परिवार सहित आया एक बुजुर्ग व्यक्ति अचानक लापता हो गया। काफी तलाश के बावजूद कुछ पता न चलने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई। सीतापुर जनपद के थाना थानगांव क्षेत्र के ग्राम माडूबेहड़ निवासी सरोज यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 19 मार्च को अपने पिता फौजदार यादव (60) के साथ कोटवाधाम दर्शन करने आया था। उनके साथ परिवार के दो अन्य सदस्य भी थे और सभी लोग वहीं रात्रि विश्राम कर रहे थे। तहरीर के अनुसार, 20 मार्च को दोपहरफौजदार यादव बिना किसी को बताए कहीं चले गए। इसके बाद से वह वापस नहीं लौटे।

# गैर इरादतन हत्या में 10 वर्ष का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** न्यायालय ने करीब 11 साल पूर्व हुई गैर इरादतन हत्या के अभियुक्त को 10 वर्ष कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई है। थाना कोतवाली नगर पर गैर इरादतन हत्या के अपराध की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त भरत उपाध्याय पुत्र ब्रह्मा उपाध्याय निवासी लखपेड़ाबाग निकट पटेल टेन्ट हाउस थाना कोतवाली नगर को न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-एक द्वारा 10 वर्ष का कठोर कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार एक मई 2015 को वादी शीतला प्रसाद मिश्रा निवासी कार्तिक बिहार कालोनी लखपेड़ा बाग ने भरत उपाध्याय पुत्र ब्रह्मा उपाध्याय के विरूद्ध उनके बेटे को अपने साथ बहला फुसला कर ले जाने व हत्या कर देने के सम्बन्ध में तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक प्रभारी निरीक्षक शशिकान्त मिश्रा द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।



शिविर में मौजूद अध्यापक व प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरवारी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिरौलीगौसपुर की ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र, प्रो. डॉ. सुनीत कुमार सिंह सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कवि कुमार पुष्पेंद्र, संदीप कुमार वर्मा, डॉ. अखिलेश पटेल, डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा, डॉ. पंकज जायसवाल, डॉ. रामकुमार सिंह, डॉ. के.पी. सिंह, सौरभ सिंह, राजेश कुमार यादव व मनीष कुमार ने भी सहभागिता की।

## अंतिम चरण में पीपा पुल का निर्माण

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरयू नदी पर स्थित संजय सेतु की प्रस्तावित मरम्मत को ध्यान में रखते हुए बनाए जा रहे वैकल्पिक पीपा पुल का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। निर्माण कार्य तेज गति से जारी है और संबंधित विभाग ने एक अप्रैल तक अप और डाउन दोनों पुलों को पूरी तरह तैयार करने का लक्ष्य तय किया है। प्रशासन के अनुसार इस अस्थायी पीपा पुल से केवल छोटे वाहन, एम्बुलेंस और हल्के यातायात को ही गुजरने की अनुमति दी जाएगी।

# प्रेमी के ठुकराने पर महिला ने दी जान

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में प्रेम प्रसंग विवाद के चलते एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका पति के बजाए प्रेमी संग रहना चाहती थी लेकिन प्रेमी राजी नहीं हुआ। घटना चर्चा का विषय बनी वहीं दो बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया।

क्षेत्र के शाहपुर चक बहरवा गांव निवासी वीरेंद्र वर्मा (30) का विवाह वर्ष 2020 में सफदरगंज थाना क्षेत्र की रीना देवी (28) के साथ हुआ था। दंपति के दो पुत्र शिवा (6) और शिवांश (4) हैं। बताया जा रहा कि होली के मौके पर रीना अपने बच्चों के साथ मायके गई, जहां से वह ससुराल के ही एक युवक अजीत यादव के साथ वापस लौटी। शक होने पर 22 मार्च को वीरेंद्र ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर पत्नी पर अजीत से चोरी-छिपे बातचीत करने का आरोप लगाया। पुलिस की जांच में मोबाइल फोन से दोनों के बीच बातचीत के साक्ष्य भी मिले। पूछताछ के दौरान रीना ने अजीत के साथ रहने की इच्छा जताई, लेकिन अजीत और उसके पिता अनूप कुमार ने उसे साथ रखने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस और परिजनों की समझाइश पर रीना अपने पति के साथ घर लौट आई। मंगलवार सुबह वीरेंद्र अपनी सास को छोड़ने ससुराल गया था। इसी दौरान रीना ने अपने बच्चों को किसी बहाने बाहर भेज दिया और घर में धोती का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। बच्चों ने जब मां को फंदे से लटका देखा तो चाचा को सूचना दी। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर अमित सिंह ने बताया कि मामले में सभी पक्षों को पहले भी बुलाकर समझाया गया था। फिलहाल पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में पाती अभियान जारी

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सेवारत शिक्षको के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में ब्लॉक फतेहपुर के शिक्षकों ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के जिला संयोजक डॉ राकेश सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष को पोस्ट कार्ड, ई मेल के माध्यम ज्ञापन भिजवाया।

ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों के साथ अपने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन को ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया गया। इस अवसर पर जनपदीय उपाध्यक्ष दिनेश मौर्य, जनपदीय मीडिया प्रभारी जय कुमार, ब्लॉक कोषाध्यक्ष भानु मिहिर के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय मदनपुर की प्रधानाध्यापिका आभा वर्मा, प्राथमिक विद्यालय मदनपुर के प्रधानाध्यापक अनुभव पोद्धार, उच्च प्राथमिक विद्यालय रमवापुर की सहायक अध्यापिका वन्दना वर्मा, प्रावि रमुवापुर की सहायक अध्यापिका नीलम वर्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय निजामपुर के सहायक अध्यापक आलोक कुमार, प्राथमिक विद्यालय शाहपुर की प्रधानाध्यापिका रीना सिंह एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुर के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अनिल कुमार आदि उपस्थिति रहे।



हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

# मुठभेड़ में 10 हजार का इनामी बदमाश घायल

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वाट व थाना मसौली पुलिस टीम से हुई मुठभेड़ में 10 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस टीम द्वारा गश्त व चेकिंग कर रही थी कि जकरिया की तरफ से एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखायी दिया, संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर भागने लगा तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में संदिग्ध अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु तत्काल सीएचसी बड़ागांव भेजा गया। घायल की पहचान उस्मान उर्फ कलेजी पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम बांसा थाना मसौली के रूप में हुई। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा बरामद किया गया। उस्मान उर्फ कलेजी गोवध निवारण अधिनियम में वांछित था।

# हाईवे पर ट्रक खड़े कर लगाया जाम, हिरासत में चालक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हादसे के बाद भागने पर सजा व जुर्माने के प्रावधान से भड़के ट्रक चालकों ने सोमवार को नेशनल हाइवे जाम करने का प्रयास किया और ट्रक खड़े कर दिये। इसूचना पाते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाते हुए सभी चालकों को ट्रक समेत हिरासत में ले लिया। पुलिस ने नौ से अधिक चालकों पर मामला दर्ज किया है।

बताते चलें कि कानून में दुर्घटना के बाद भागने पर ट्रक चालक को 10 साल की सजा और 7 लाख तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इस प्रावधान से ट्रक चालक भड़के हुए हैं। सोमवार को वाहन चालक कल्याण समिति पूर्ण भारत संगठन की अपील पर बड़ी संख्या में ट्रक समेत चालक हैदरगढ़ बाईपास पर जुटे और रोड पर ट्रक खड़े कर जाम लगा दिया। पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने सबसे पहले जाम हटवाकर यातायात सुचारु किया फिर मौके पर मौजूद ट्रक चालक संजय कुमार, अमित कुमार, विनय कुमार तिवारी, अर्जुन व रिंकू यादव, सुशील कुमार यादव, विवेक कुमार, शिवचरन व कमलेश यादव को हिरासत में लेकर कोतवाली चली आई। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**बैठक** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर डीएम ने जताई सख्ती

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना प्राथमिकता है। डीएम ने एक से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान की तैयारियां समय से पूरी करने को कहा। टीबी उन्मूलन के तहत 100 दिवसीय खोज अभियान में चिन्हित मरीजों के त्वरित उपचार और डीबीटी भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीकाकरण में 90 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य हासिल करने, जीरो सेशन खत्म करने और कम प्रगति वाले ब्लॉकों पर नोटिस जारी करने को कहा गया। सभी गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कर संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी निर्माण में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए एमओआईसी टिकैतनगर का वेतन रोकने व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**दस्तक अभियान में सभी की सहभागिता अनिवार्य : सिरौलीगौसपुर :** उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के आगामी संचारी एवं दस्तक अभियान की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बताया गया कि संचारी एवं दस्तक अभियान का आयोजन एक से 30 अप्रैल तक प्रस्तावित है। विशेष रूप से दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इस अभियान में सभी विभागों की समान सहभागिता अनिवार्य होगी। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय और सहभागिता पर जोर दिया गया। जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विद्यालयों के माध्यम से रैलियां निकालने के लिए भी प्रेरित किया गया। बैठक में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के विषय पर भी चर्चा हुई। इसके लिए ग्राम पंचायत सहायकों और कोटेदारों सहित सभी संबंधित विभागों की सहभागिता को अनिवार्य बताया गया। इसके अतिरिक्त, अन्य विभागीय कार्यक्रमों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, एडीओ पंचायत मनोज मिश्रा आदि थे।

### श्रद्धा व आस्था के साथ निकली कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल बच्चे व श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार स्थित मंदिर पर सोमवार से शुरु हुई सात दिवसीय श्री मद्भागवतकथा से पूर्व कथा स्थल से कलशयात्रा निकाली गयी जो पड़रिया घाट कल्याणी नदी से जल लाकर पूरे गांव में भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई। यात्रा मढीटोला दुर्गा मंदिर पूरब टोला हनुमान मंदिर मंझपटिया स्थित काली मंदिर होते हुए कथास्थल पहुंची। नदी से जल भरकर पुन कलश यात्रा कथा स्थल पर पहुंची। जहां पर नैमिष से आये आचार्य सचिन महाराज व आशीष महाराज आदि द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कलश स्थापना हुई। कथावाचक उमेश महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनने से व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास होता है। इस मौके पर कथा आयोजक श्रवण कुमार किशन रस्तोगी, मास्टर सुरजन यादव, नरेंद्र चौहान, राजेंद्र यादव, कल्लूराम यादव, विनीत यादव, कृष्ण कुमार, मोनू कश्यप, राजमल रावत, सुनील चौहान आदि मौजूद रहे।

### करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत



राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के भिटरिया स्थित छोटी हनुमान गढ़ी परिसर में सोमवार को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सूरजपाल सिंह अमू के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। कार्यक्रम में नवागत प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष अभिनव सिंह का भी जोरदार स्वागत हुआ। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि करणी सेना सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष अभिनव सिंह के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ता और अधिक सक्रिय होकर कार्य करेंगे।

### कथा आरंभ से पहले निकली कलश यात्रा



सरोवर से जल लेते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** अमोली कला गांव में सोमवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा गांव से प्रारंभ होकर महादेवा मंदिर स्थित अभरन सरोवर तालाब पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर विधि-विधान से शिवलिंग का पूजन-अर्चन किया। इसके उपरांत मातनताल में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा का कथा स्थल पर समापन हुआ। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापना कर कथा का शुभारंभ कराया गया। कथा वाचन के लिए अयोध्या से पधारे कथावाचक अवधेश कुमार शुक्ल महाराज एवं नैमिष धाम से आए आचार्य कमलेश पांडे श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कार्यक्रम का आयोजन राधेश्याम मिश्रा व अनमोल मिश्रा गढ़हापार, अमोली कला के यहां किया जा रहा है।

### श्रद्धा के साथ मनाया गया मुक्ति दिवस

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** जयगुरुदेव आश्रम में मुक्ति दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। आश्रम परिसर में ध्वजारोहण किया गया और "जय गुरुदेव" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। वक्ताओं ने बताया कि आपातकाल के दौरान बाबा जय गुरुदेव को 29 जून 1975 को मथुरा से गिरफ्तार कर विभिन्न जेलों में रखा गया, जहां उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना किया, लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। बताया गया कि 23 मार्च 1977 को उनकी रिहाई हुई, जिसकी स्मृति में हर वर्ष मुक्ति दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम का संयोजन तहसील अध्यक्ष चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष बनीकोडर राजकिशोर, सहदेव कुमार, चौधरी दीपचंद यादव, दीपू यादव, मालिक राम, गुड्डू, विनोद रावत, अयोध्या प्रसाद आदि सत्संगी उपस्थित रहे।



ध्वज को सलामी देते अनुयायी।

### बैंक में छात्राओं को मिले बचत के जरूरी टिप्स

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति पेज 5 के तहत सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र में केसरगंज स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा के अधिकारियों ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को छोटी-छोटी बचत के बारे में जागरूक किया। शिक्षिका व वार्डन वंदना राम, स्नेह लता और मिथलेश कुमारी के नेतृत्व में तीन दर्जन छात्राएं बैंक पहुंचीं। यहां बैंक शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने उन्हें बचत के महत्वपूर्ण टिप्स बताए। अधिकारियों ने छात्राओं को आवश्यक दस्तावेजों के साथ बैंक में नया खाता खोलने और बचत के महत्व को समझाया। बताया गया कि कैसे वह अपनी रोजमर्रा की बचत को खाते में जमा कर सकती हैं। इस कार्यक्रम में करीना, वर्षा, परी सिंह, दिव्यांशी मिश्रा, पल्लवी, सपना गौतम, शिवानी मिश्रा, वैष्णवी और मौसम निनी सहित कई छात्राएं मौजूद थीं। छात्राओं ने बताया कि वे इस संबंध में अपने घर वालों को भी जागरूक करेंगी। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक आशीष सचान, शिवेंद्र प्रताप राजवंशी, दिनेश सिंह, बृजराज वर्मा, अभिषेक निगम व अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

### शहीद दिवस पर क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहीद दिवस पर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने क्रांतिकारी शहीदों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने वर्तमान नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि देश को आत्मनिर्भर और स्वतंत्र विचारधारा की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि भगत सिंह के सपनों का भारत बनाने के लिए शोषण और अन्याय के खिलाफ संघर्ष जरूरी है। कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि भगत सिंह एक ऐसे समाज की कल्पना करते थे, जहां शोषण, अत्याचार, महंगाई, बेरोजगारी और भुखमरी न हो। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद कदीर हसन ने की, जबकि संचालन विनय कुमार सिंह ने किया। अंत में उपस्थित लोगों ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

न्यूज ब्रीफ

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवती का शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** बिहार थानाक्षेत्र के कैलाश खेड़ा गांव निवासी युवती का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजने की कार्रवाई शुरू की है। गौरा गांव के मजरा कैलाश खेड़ा निवासी कंचन (19) पुत्री गंगाराम लोध घर पर रहती थी। सोमवार को वह बिना बताए घर से निकली, कुछ देर बाद उसका शव गांव के बाहर बाग में पेड़ पर फंदे से लटका देखा गया। सूचना पर भाई विनय व अन्य परिजन पहुंचे। शव देख परिजन बेहाल हो गए। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर आगे की कार्रवाई शुरू की। कंचन के माता-पिता नवरात्रि पर मिर्जापुर के विंध्याचल धाम मां विंध्यवासिनी दर्शन को गए हैं। उन्हें घटना की जानकारी दी गई है। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पीएम रिपोर्ट के आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक ने खेत पर जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। पिहानी कोतवाली के कुंवरपुर बसीठ गांव निवासी सुरजीत (25) के पिता राम औतार और मां मालती की पहले ही मौत हो चुकी थी। बड़ी बहन लखीमपुर खीरी में ब्याही है। सुरजीत घर में अकेले रहता था। उसके दोस्त अनमोल ने बताया कि सोमवार की दोपहर सुरजीत ने उसे फोन पर बताया कि झगड़े के चलते उसने आत्महत्या करने के लिए ज़हर खा लिया। उसी ने बताया था कि वह यूपी-112 और एम्बुलेंस-108 पर पहले ही कॉल कर चुका है। अनमोल के मुताबिक जब वह मौके पर पहुंचा तो सुरजीत को उल्टियां हो रहीं थी। एम्बुलेंस-108 भी आ चुकी थी। उसे सीएचसी ले जाया गया जहां से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। अनमोल ने बताया कि सुरजीत ने झगड़े की बात तो कही थी लेकिन किससे हुआ है, इस बारे में कुछ नहीं बताया था।

# प्रधान के खाते में भेजा जा रहा विकास निधि का पैसा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

- प्रधान व सचिव पर वित्तीय अनियमितता का आरोप

**अमृत विचार।** विकास खंड की ग्राम पंचायत ऐगवां में विकास कार्यों के नाम पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने पंचायत सचिव की मिलीभगत से ग्राम निधि की धनराशि सीधे अपने निजी खाते में आहरित कर नियमों को दरकिनार कर दिया। सरकारी नियमों को ताक पर रखकर प्रधान और सचिव के गठजोड़ ने खूब मनमानी की गई। जानकारी के अनुसार अलग-अलग बाउचर पर नाली निर्माण के मद में 17,024, 19,660 19,456 और 6,558 रुपये प्रधान के निजी खाते में भेजे गए।

निजी खाते में स्थानांतरित किए गए। इसके अलावा गौशाला में तार फेंसिंग व खाई खुदा के मद में 20,572 रुपये, केयरटेकर रूम, हैंडपंप आदि के लिए 26,614 रुपये, चरनी निर्माण के लिए 52,908 रुपये, भूसा शेड निर्माणके लिए 46,474 रुपये प्रधान के निजी खाते में आहरित किए गए। 24 सितम्बर 2025 को पंचायत सचिव द्वारा प्रशासनिक मद के नाम पर प्रधान के निजी खाते में 35,200 रुपये तथा एक अन्य व्यक्ति (शारिक) के खाते में 35,200 रुपये स्थानांतरित किए गए। जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार ने पूछने पर कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। मामला संज्ञान में आने पर जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### नियमों की खुली अनदेखी

उत्तर प्रदेश पंचायती राज वित्तीय एवं लेखा नियमावली, 2016 के अनुसार ग्राम निधि का संचालन केवल अधिकृत पंचायत खाते से ही किया जा सकता है तथा किसी भी स्थिति में निजी खातों में धनराशि भेजना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद ग्राम प्रधान द्वारा बाउचर के माध्यम से निजी खाते में धन आहरित कर गड़बड़झाला किया जाना शासनादेशों की खुली अवहेलना माना जा रहा है।

# स्कूल वैन चालक से अभद्रता पर केस

संवाददाता अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम भरावन स्थित गुरुकुल एकैडमी का प्रचार प्रसार करने गये वैन चालक से ग्राम छावन में एक युवक ने अभद्रता किया। मामले में पहुंची पुलिस से भी युवक ने धक्का मुक्की किया। और वर्दी पकड़ लिया। पुलिस ने प्रबंधक की तहरीर पर युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। प्रबंधक अश्वनी शुक्ला ने बताया कि वैन चालक छन्नूलाल गाड़ी लेकर ग्राम छावन स्कूल प्रचार प्रसार के लिए गया था। सोमवार को दोपहर 12 बजे छावन निवासी राहुल ने जा बेजा कहा और जान से मार डालने की धमकी देते हुए गाड़ी के पास आकर चालक से चाभी छीन लिया। चालक ने पुलिस को 112 पर फोन करके सूचना दिया। स्कूल प्रबंधक थाने पर सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस दीवान राम कुमार और सिपाही शिवम से युवक ने धक्का मुक्की किया और वर्दी पकड़ कर खींच लिया। जिससे दोनों को चोट आयी। दीवान और सिपाही ने सीएचसी पहुंच पर अपना चिकित्सकीय परीक्षण कराया। यह जानकारी मिलते ही थाने से भारी मात्रा में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच कर युवक को पकड़ा लायी। राहुल का कहना है कि पहले हम गुरुकुल की गाड़ी चलाता था उसी की मजदूरी 1500 रुपया स्कूल संचालक पर बाकी थे। वह रुपये चालक से दिलाने को कहा था। राहुल के पिता राम शंकर शुक्ला का कहना है उनका पुत्र राहुल कुछ दिनों से मानसिक विक्षिप्त चल रहा है। क्षेत्राधिकारी सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है पकड़ने में पुलिस से धक्का मुक्की हुई है।

# एक्सप्रेस-वे पर पलटी टूरिस्ट बस, महिला की मौत

## दिल्ली से लखनऊ जाते समय बस डिवाइडर से टकराई, तीन दर्जन घायल यात्रियों का चल रहा इलाज

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार सुबह दिल्ली से लखनऊ जा रही टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गई। इससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। यूपीडा व पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर घायलों को बस से निकला। लेकिन तब एक वृद्धा की मौत हो गई। एंबुलेंसों से 36 घायलों को सरकारी अस्पतालों में पहुंचाया गया। जहां से 12 को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस की जांच में प्रथम दृष्टया बस चालक को झपकी लगना हादसे की वजह माना जा रहा है। वहीं हादसे की खबर मिलते ही डीएम गौरांग राठी, एसएसपी जयप्रकाश सिंह व सीएमओ ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

बता दें कि लखनऊ से एक नेटवर्क कंपनी के नई दिल्ली में आयोजित सेमिनार में शामिल होने लखनऊ से करीब 50 लोग गए थे। इसके बाद रविवार देररात सभी बुकिंग पर गई टूरिस्ट बस से लखनऊ लौट रहे थे। तभी सोमवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या-239 पर चालक को झपकी आ गई। इससे बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। पुलिस ने यूपीडा कर्मियों की मदद से बस में फंसे घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंसो से सरकारी अस्पतालों में पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने तारावती (62) व पत्नी त्रिभुवन निवासी मोहल्ला जहांगीरपुर थाना गोसाईगंज लखनऊ को मृत घोषित कर दिया।


एक्सप्रेस-वे पर पलटी पड़ी बस।

वहीं 36 घायलों के प्राथमिक इलाज के बाद 12 की हालत गंभीर देख उन्हें लखनऊ भेजा गया। बस पलटने से एक्सप्रेस-वे पर एक लेन का यातायात बाधित हो गया। वाहनों की लंबी कतार लग गई। हाइड्रा से दुर्घटनाग्रस्त बस को हटवाया गया तब आवागमन शुरू हुआ। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि बस पलटने से एक महिला यात्री की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। डीएम एसएसपी व सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता के साथ डॉक्टरों की टीम ने घायलों का इलाज किया। सभी घायल खतरे से बाहर बताए गए हैं। डीएम ने बताया कि घायलों की स्थिति में सुधार है। सीटी स्कैन व एक्सरे कराया गया है। जिनके परिजन नहीं पहुंचे है उन्हें स्वस्थ होने पर उनके घर भेजने की व्यवस्था कराई जा रही है।

#### हादसे में ये हुए घायल

1. मधु वर्मा पत्नी शरद वर्मा निवासी दुबग्गा ठाकुरगंज लखनऊ
2. शरद वर्मा पुत्र राम सरन वर्मा निवासी दुबग्गा ठाकुरगंज लखनऊ
3. प्रियंका पुत्री देवेन्द्र कुमार निवासी गोसाईगंज लखनऊ
4. अंशिका पुत्री देवेन्द्र कुमार गोसाईगंज लखनऊ
5. हेमवती पत्नी देवेन्द्र कुमार गोसाईगंज लखनऊ
6. ओमकार निवासी शिव शरण मिर्री कला पुरवा उन्नाव
7. प्रवीण कुमार रावत पुत्र रामशंकर निवासी अंशल गोसाईगंज लखनऊ
8. कपिल निवासी पुत्र परमेश्वर दयाल ग्राम बसंत खेड़ा, सरोजनी नगर, लखनऊ
9. हिमांशु पुत्र अमरनाथ निवासी बसंत खेड़ा, सरोजनी नगर लखनऊ
10. सरोज पुत्र सत्यनरायण निवासी भैंदा थाना काकोरी, लखनऊ
11. हरिराम पुत्र अज्ञात निवासी हैरानी, बंथरा, लखनऊ
12. विनोद कुमार पुत्र दूधनाथ निवासी निवासी ग्राम सरवामा पाली, लखनऊ
13. आशीष पुत्र रामासरे निवासी गोमापुर सोहरामऊ, उन्नाव
14. मिथलेश पुत्र गोपाल निवासी बिसुवा, सीतापुर
15. संतराम पुत्र मैकू निवासी ग्राम सोहवा जैतीखेड़ा, मोहनलालगंज लखनऊ
16. मोहित वर्मा पुत्र राकेश निवासी बसंत खेड़ा, सरोजनी नगर लखनऊ
17. चतुर्भुज पुत्र सलीराम तिवारी निवासी अमौसी लखनऊ
18. हरिओम पुत्र चन्द्रलाल निवासी हरदासपुर गोसाईगंज लखनऊ
19. कुशमा पत्नी गणेश प्रसाद निवासी ग्राम ज्ञानपुर बंथरा, लखनऊ
20. शिवानी पुत्री रामचंद्र निवासी ग्राम ज्ञानपुर बंथरा, लखनऊ
21. श्रवण कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी ग्राम भटगांव बंथरा लखनऊ
22. देवेंद्र कुमार पुत्र नेवाजीत निवासी अंशल, गोसाईगंज लखनऊ
23. सोनी पत्नी इन्द्रेश निवासी बंथरा लखनऊ
24. अश्वनी कुमार पुत्र राजाराम निवासी ग्राम रसूलपुर बंथरा लखनऊ
25. श्वेता पुत्री बिनोद कुमार निवासी फैजुल्लागंज, मड़ियांव लखनऊ
26. कंचन पुत्री बंशीलाल निवासी ग्राम प्रसाद खेड़ा, सोहरामऊ उन्नाव
27. सुमन पत्नी राजकुमार निवासी ग्राम प्रसादखेड़ा, सोहरामऊ उन्नाव
28. राजेश कुमार पुत्र रामलखन निवासी ग्राम चक, बंथरा, लखनऊ
29. सुखवीर सिंह पुत्र भैया लाल निवासी मोहिउद्दीन आसन नगर, उन्नाव
30. सौरभ कुमार पुत्र हरिशंकर निवासी मोहवई, आसन नगर, उन्नाव
31. शैलेश पुत्र हरिशंकर निवासी मोहवई आसन नगर, उन्नाव
32. टेकचंद्र पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी फरहदपुर, हसनगंज, लखनऊ
33. सुनीता पत्नी नरेन्द्र कुमार निवासी भौंदा काकोरी, लखनऊ
34. बौआ पुत्र रामबिलास निवासी गोसाईगंज, लखनऊ
35. अंशिका पुत्री रामचंद्र निवासी ग्राम ज्ञानपुर बंथरा लखनऊ
36. नौमीलाल हरिकिशन जैतीखेड़ा, मोहनलाल गंज, लखनऊ

### घर में चारपाई के नीचे दबा मिला शव

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी और बच्चों को ससुराल छोड़ कर घर में अकेले रह रहा राजमिस्त्री का शव उसके बंद कमरें के अंदर चारपाई के नीचे दबा हुआ देखा गया, वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ कर बाहर निकाला। शराब का ओवर डोज़ होने से मौत होने की बात कही जा रही है, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने खे बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है। लोनार थाने के दौली निवासी 35 वर्षीय संजय पुत्र नरेश पेशे से राजमिस्त्री था, वह पत्नी सुखरानी, बेटे अरुण, बेटी कांती और एक दुधमुंहे बेटे के साथ गांव के बाहर था अलग मकान बना कर रहता था। भतीजे आकाश ने बताया कि उसके चाचा संजय चाची और बच्चो. को अपनी ससुराल शाहजहांपुर के सैदापुर बरुआ छोड़ आए थे, शनिवार की रात घर में अकेले थे, रविवार को पूरे दिन घर से बाहर नहीं निकले तो उसने खिड़की से कमरें के अंदर झांका, जहां संजय चारपाई के नीचे दबा हुआ था। वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ कर बाहर निकाला, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। संजय ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि शराब का ओवर डोज़ होने से मौत हुई।

# मुसीबत से बचने को खुद भी सतर्क रहें महिलाएं

संवाददाता, सुरसा, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खजुराहरा के मजरा जैतपुर व तुंदवल, दहिती में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कहा कि यदि महिलाएं खुद भी थोड़ा सतर्क और जागरूक रहें तो मुसीबत से बच सकती हैं। महिलाओं, बालिकाओं तथा बच्चों को साइबर क्राइम और इनसे बचने के तरीकों के बारे में बताया। मिशन शक्ति टीम ने खजुरहरा के मजरा जैतपुर गांव में एक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया है।

थाना सुरसा की मिशन शक्ति टीम प्रभारी महिला उप निरीक्षक सुरेखा शर्मा ने तुंदवल, दहिती गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं व छात्राओं को आधुनिक तकनीक के बढ़ते उपयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में सतर्क रहने के तरीके समझाए। सुरसा थाना प्रभारी सुनील मिश्रा ने बताया मिशन शक्ति टीम के माध्यम से महिला पुलिसकर्मीयो द्वारा गांवों व विद्यालयों में जाकर महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए शुरू किए गए मिशन शक्ति फेस-5.0 के दूसरे चरण के दृष्टिगत सोमवार को महिला पुलिस कर्मियों व अधिकारियों ने बाइक रैली निकाली। एएसपी पश्चिमी मार्तंड प्रताप सिंह, सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली रवाना किया।


महिलाओं को जागरूक करतीं टीम प्रभारी उप निरीक्षक सुरेशा शर्मा।


पुलिस लाइन से बाइक रैली निकालतीं महिला सिपाही। अमृत विचार

- मिशन शक्ति टीम ने किया गांवों में जाकर महिलाओं को जागरूक

### बालिकाओं व महिलाओं को किया गया जागरूक

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को कस्बे के शंकरी देवी मंदिर परिसर में एंटी रोमियो टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा, अधिकारों व सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इसमें उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं की समस्याएं सुनने के साथ उन्हें महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। महिला पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण हेल्प लाइन नंबर 1090, 112, 1930, 1098 व 181 की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए और महिलाओं को सतर्क रहने की सलाह दी गई।

# बच्ची की मौत के बाद लखनऊ के लिए रेफर कर दी डेड बॉडी

**हरदोई, अमृत विचार।** दिहाड़ी मजदूर की इकलौती बेटी को पेट दर्द की शिकायत होने पर कछौना के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उससे 25 से 30 हज़ार रुपये खर्च कराए गए। सोमवार की सुबह बच्ची मौत होने के बाद निजी हास्पिटल के डाक्टर ने लखनऊ रिफर करते हुए 20 हज़ार रुपये मांगे, लेकिन जब उस बच्ची को सीएचसी पहुंचाया गया तो वहां के डाक्टरों ने बताया कि बच्ची की करीब 3 घंटे पहले ही मौत हो चुकी थी। आरोप के चलते पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

कछौना कोतवाली के मंडलहिया मजरा गौहानी निवासी अरुण कुमार पेशे से दिहाड़ी मज़दूर है, उसी से पत्नी सीमा देवी, दो बेटों कमल व नैतिक के अलावा चार साल की इकलौती बेटी आरुषि का पेट पाल रहा है। अरुण कुमार ने बताया कि शुक्रवार को पेट दर्द के चलते आरुषि को कछौना के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया, उसने उधार कर्ज़ ले कर इलाज के नाम पर 25 से 30 हज़ार रुपये जमा किए थे, सोमवार की सुबह निजी हास्पिटल के डाक्टरों ने आरुषि को लखनऊ के लिए रेफर करते हुए उससे 20 हज़ार रुपये मांगे। अरुण ने बताया कि पैसों का बंदोबस्त न होने पर वह उसे सीएचसी कछौना उठा ले गया, आरुषि को देखते ही वहां के डाक्टरों ने बताया कि 3 से साढ़े 3 घंटे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। अरुण ने बेटी की मौत के लिए निजी हास्पिटल के डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### सामाजिक समता के बिना मजबूत राष्ट्र की कल्पना बेमानी : डॉ. ओम

**उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर क्षेत्र के गांव हिन्दपाल खेड़ा महाई स्थित वंश गोपाल सनातन धर्म डिग्री कॉलेज में सामाजिक समता व सद्भाव के उद्देश्य से 'बतकहीं' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिक्षाविद व मनीषी पूर्व प्रधानाचार्य श्रीराम सिंह के नेतृत्व में हुए इस 40वें सत्र में प्रबुद्ध वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में सामाजिक समरसता की अनिवार्यता पर जोर दिया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि समता व समरसता के बिना एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना व्यर्थ है। चिकित्सक डॉ. शत्रुघन यादव ने कहा कि हमें अपने आचरण में समता को उतारना होगा तभी समाज में वास्तविक समरसता बढ़ेगी। बछरावां डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. रामनरेश ने कहा कि सामाजिक भेदभाव राष्ट्रीय एकता को कमजोर करता है। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक रमेश सिंह 'सराय मंगली' ने श्रीमद्भगवद्गीता का उदाहरण देते हुए कहा कि कृष्ण का उद्घोष 'समत्वम् योग उच्यते' आज की वैश्विक व सामाजिक परिस्थितियों में सबसे सटीक समाधान है।

# साली ने ही की थी बहनोई की गला दबाकर हत्या

संवाददाता, हरदोई


पकड़ी गई अनारकली।

- बेटी के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने पर वारदात को दिया था अंजाम
- पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** अखिलेश की गला दबाकर हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसकी साली ने ही की थी। पुलिस से हुई पूछताछ में हत्यारोपी साली ने अपराध करना स्वीकार करते हुए बताया कि बहनोई ने उसकी बेटी के साथ गलत हरकत की थी। जिसके चलते उसने बहनोई की हत्या कर दी।

बताते चलें कि शाहाबाद कोतवाली के नगला लोथू निवासी अखिलेश का साढू लाला राम उसी कोतवाली के सहोरा गांव में रहता था। जहां उसका अक्सर आना-जाता रहता था। लेकिन पत्नी के न रहने के बाद उसका रोज़ का आना-जाना हो गया था। 20 मार्च को अखिलेश का शव साढू लालाराम के घर चारपाई पर पड़ा हुआ था। साली ने अखिलेश के शराब के नशे का आदी होने और आत्महत्या करने की बात कही थी। लेकिन 21 मार्च को अखिलेश की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की बात कही गई। जिसके बाद पुलिस ने अखिलेश के भाई विमलेश कुमार की तहरीर पर अनारकली समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच तेज कर दी। पुलिस ने अनारकली को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। अनारकली ने बताया कि 20 मार्च को खेत पर गई हुई थी, उसी बीच उसका बहनोई अखिलेश घर पहुंचा और उसकी बड़ी बेटी से दुश्कर्म करने की कोशिश की। वापस लौटने पर जब बेटी ने जानकारी तो वह आपा खो बैठी और बहनोई अखिलेश की गला दबाकर हत्या कर दी।

### शहीद दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** मेरा युवा भारत के तत्वावधान में शहीद दिवस के अवसर पर भरखनी के विभिन्न युवा मंडलों अनंगपुर, लखनौर, उबरीखेड़ा, बिल्सर एवं सुल्तानपुर के युवाओं द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पदयात्रा, श्रमदान तथा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव दीक्षित ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा अनंगपुर दुर्गा मंदिर से पंचवटी तक गई जिसमें युवाओं ने इंकलाब जिंदाबाद जैसे जोशीले नारों के साथ देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य समाजसेवी इंद्रपाल जी ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा युवाओं को शहीदों के आदर्शों और कर्तव्यों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक पाठक एवं अजय राजपूत ने किया। इस अवसर पर लखनौर युवा मंडल अध्यक्ष तस्लीम इदरीशी, अनंगपुर युवा मंडल से दुष्यंत, भय प्रताप सिंह सहित अनेक युवा उपस्थित रहे।

आयोजन

ग्राम चौपाल में एसडीएम व डीडीओ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, अधिकारियों से कहा

# शिकायतों का मौके पर जाकर करें निस्तारण

संवाददाता, परियर, उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के मरौंदा सूचित गांव में सोमवार को ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता एसडीएम क्षितिज द्विवेदी व डीडीओ देव कुमार चतुर्वेदी ने की। इसमें अधिकारियों ने न केवल सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की बल्कि ग्रामीणों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

चौपाल में आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी, जीरो पावर्टी अभियान, पेंशन, चिकित्सा, आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, मुख्यमंत्री आवास, राशन कार्ड व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों से पूछा कि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आलोक तिवारी ने गांव स्थित ब्रह्मदेव स्थान पर हो रहे अवैध कब्जे का मामला उठाते हुए अधिकारियों को बताया कि इस पवित्र स्थान पर अतिक्रमण की कोशिश की जा रही है। इस पर एसडीएम ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर शिकायती पत्र सौंपे। शिकायत दर्ज कराने वालों में ऊषा, कमला, जगरूप सिंह व फतेह बहादुर शामिल रहे। डीडीओ ने वहां मौजूद स्वास्थ्य, पशुपालन व ग्राम विकास विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।


ग्राम चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### ईद मिलन में पूर्व सांसद ने साझा कीं खुशियां

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र के गांव अतरधनी में ईद मिलन समारोह आयोजित हुआ। इसमें सपा के वरिष्ठ नेता कय्यूम खां द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों व प्रबुद्ध वर्ग ने शिरकत की। समारोह में पहुंचीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन का लोगों ने स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि ईद का त्योहार हमें आपसी भेदभाव व गिले-शिकवे भूलकर प्रेम व भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता है। कहा कि भारत की गंगा-जमुनी तहजीब ही हमारी असली ताकत है। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी।

# जगदीश्वरी माता मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नवरात्र के पांचवें दिन नगर के मोहल्ला भटपुरी स्थित जगदीश्वरी माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

माता के जयकारों व भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचने का सिलसिला ब्रह्ममुहूर्त से ही शुरू हो गया था। जो देरशाम तक जारी रहा। भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता रानी के दर्शन किए और फल, फूल व मिष्ठान अर्पित कर विधिविधान से पूजन-अर्चन किया। सभी ने मां के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि व मंगल की कामना की। श्रद्धालुओं की भीड़ देख मंदिर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। मंदिर के सेवक जगदीश नारायण श्रीवास्तव व ओम नारायण श्रीवास्तव ने श्रद्धालुओं को दर्शन कराने में सहयोग किया और प्रसाद वितरित किया।


मंदिर में विराजमान मां जगदीश्वरी।

### पतन का कारण बनता है अतिथि का अपमान और वाणी का दोष

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला कस्बा टोला स्थित आकाश राजपूत के हाता में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मेहंदीपुर बालाजी दरबार से आए भागवताचार्य पंडित अतुल कृष्ण शास्त्री ने भक्तों को जीवन प्रबंधन और अध्यात्म का पाठ पढ़ाया। कहा कि किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक लोगों को आमंत्रित करना एक अत्यंत शुभ कार्य है। अतिथि का अपमान और वाणी का दोष पतन का कारण बनता है। कटु वचनों के कारण ही महाभारत हुआ था।

## न्यूज ब्रीफ

### डंपर को बचाने में पलटा प्याज से भरा ट्रक



मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। प्याज से भरा ट्रक अचानक सामने से आ रहे डंपर को बचाने में पलट गया, जिससे कन्नौज-हरदोई मार्ग प्रभावित बना रहा। बताते चले कि मेंहदीघाट पुल के पास रात्रि अचानक झांसी से हरदोई प्याज लेकर जा रहा था। तभी सामने से आ रहे डंपर को बचाने में पलट गया। हादसे में चालक और क्लीनर बाल-बाल बच गया। पुलिस ने वाहन को किनारे करा कर रास्ता बहाल कराया।

### हरदोई पुलिस का वांछित मुरादाबाद की जेल में बंद मिला

हरदोई, अमृत विचार। कोर्ट के आदेश पर दर्ज अपहरण के मामले में पुलिस आरोपी को खोज रही थी। इसी बीच यक्ष ऐप से पता चला कि आरोपी अपहरणकर्ता बाइक चोरी के आरोप में मुरादाबाद की जेल में बंद है। जिसके बाद हरदोई पुलिस ने राहत की सांस ली। सण्डीला कोतवाली के गौसा मजरा गदीरा की लल्ली ने एसीजेएम (द्वितीय) की कोर्ट में दाखिल की अर्जी में कहा था कि उसका पुत्र असलम चंडीगढ़ नौकरी करने गया था। उसके बाद से लापता है, लल्ली ने अतरौली थाने के वृंदावन निवासी सुमित पर पुत्र के अपहरण का आरोप लगाया था। कोर्ट के आदेश पर सण्डीला पुलिस ने 29 जून 2024 को सुमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सीओ सण्डीला मामले की जांच कर रहे है। पुलिस को यक्ष ऐप से पता चला कि आरोपी को संभल जिले के थाना गुन्नौर की पुलिस ने 30 अक्टूबर 2023 को बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था, जो मुरादाबाद की जेल में बंद है।

# भरावन की कुल देवी हैं मां शीतला देवी, लग रही भीड़

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। क्षेत्र के भरावन कस्बे में शक्ति पीठ मां शीतला देवी मन्दिर क्षेत्र का प्राचीन मन्दिर है। चैत्र नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है, इस मौके पर माता का विशेष श्रृंगार किया जाता है। मां शीतला देवी मन्दिर में 21 वर्षों से नवरात्र पर महायज्ञ किया जाता है और विशेष पूजन किया जाता है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र का 200 वर्ष से अधिक प्राचीन मन्दिर है, इस मन्दिर का निर्माण भरावन के राजा राजा देव सिंह के पिता राजा माधव सिंह के द्वारा कराया गया था। यहां के लोगों की मान्यता कई प्रकार से है, बताते हैं गांव के कल्लू, डॉ. भार्गव कमलेश को चर्म रोग व लकवा हो गया था, जिसके निवारण के लिए पूर्वजों के कथन से मां शीतला देवी के नीर को कई दिनों तक लगाया तो रोग का निवारण हो गया। बताया जाता है कि पुत्र प्राप्ति के लिए लोग अनुष्ठान करते हैं, नव दंपति जोड़े की शादी के बाद मां शीतला के दरबार में सबसे पहले पूजन करते हैं जिससे जीवन सुखमय रहता है। यहां पर हर वर्ष श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा, जन्माष्टमी पर विशेष आयोजन, नवरात्र पर महायज्ञ किया जाता है।



मां शीतला देवी का मंदिर।



जगदीश माली।



पप्पू रस्तोगी।



आशीष अवस्थी।



आलोक शुक्ला।

### बोले भक्त

मन्दिर की देखभाल कर रहे है जगदीश माली ने बताया मन्दिर में लगभग चार वर्षो से अधिक हर मंगलवार को सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाता है। और मन्दिर परिसर में नवरात्रि पर महायज्ञ किया जाता है जों कि इस बार 21वां महायज्ञ होना है।

मन्दिर के संरक्षक पप्पू रस्तोगी ने बताया कि पूर्वजों कर निर्देशन पर लोगों के सहयोग से मन्दिर प्रांगण में भगवान विष्णु, भगवान शंकर, भगवान हनुमान जी के नव मंदिरों का निर्माण कराकर गिर एवं यज्ञ शाला का निर्माण, कथा के हाल का निर्माण लगभग 10 वर्ष पूर्व कराया गया था।

प्रधान प्रतिनिधि आशीष अवस्थी ने बताया कि नवरात्र व जन्माष्टमी पर मां शीतला देवी मन्दिर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कुल देवी के रूप में पूजी जाने वाली मां शीतला के प्रांगण में दूर-दराज से भक्त आकर अपने बच्चों का मुंडन संस्कार और बहुओं की गोद भराई के कार्यक्रम करते हैं

भक्त आलोक शुक्ला ने बताया कि मन्दिर में दर्शन के लिए कई जनपदो से हजारों श्रद्धालु दिन प्रतिदिन आते हैं और अपने भाव मान्यताओं के पूर्ण होने विशेष अनुष्ठान करते हैं। हमारे क्षेत्र की कुल देवी के रूप में मां शीतला देवी पूजी जाती हैं।



मां की आरती उतारते भक्त। अमृत विचार

### पांचवें दिन मां स्कंदमाता की हुई पूजा

हरदोई, अमृत विचार। चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को मंदिरों व घरों में भक्तों ने मां स्कंदमाता का पूजन अर्चन किया। इसके उपरांत देवी जी को फल, मिठाई आदि से भोग लगाया गया। बाबा दुरंत नाथ मंदिर, बाबा सिद्धनाथ मंदिर, मां श्रवण देवी मंदिर, संतोष माता मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, फूलमती मंदिर आदि में सुबह से ही मंदिरों में मां की आराधना करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही।

### बाबा जयगुरुदेव की रिहाई के स्मरण में मुक्ति दिवस मनाया गया

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के अनुयायियों ने सोमवार को विकास खण्ड कोथावां के ग्राम बैरागीखेड़ा में बाबा जयगुरुदेव की रिहाई के स्मरण में मुक्ति दिवस मनाया, इस दौरान सत्संग व भण्डारे का आयोजन किया गया। जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के तत्वाधान में विकास खण्ड कोथावां के ग्राम बैरागीखेड़ा निवासी मीरा शुक्ला पत्नी रमेश शुक्ला के निजनिवास पर मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अवसर पर सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे पहुंचे जयगुरुदेव संगत के अनुयायी सण्डीला क्षेत्र के भरिगहना गांव निवासी रामचन्द्र दीक्षित ने बताया कि जयगुरुदेव जी महाराज को पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी ने मथुरा आश्रम से 29 जून 1975 को गिरफ्तार कर बाबा जी को मथुरा, आगरा, बरेली फिर बेंगलुरु और अंत में दिल्ली के तिहाड़ जेल में रखा गया था, जिसके बाद 23 मार्च 1977 को उन्हें रिहा किया गया।

# मातृ शक्ति को मजबूत बना रही सरकार

## मंत्री नितिन अग्रवाल व जिपं अध्यक्ष प्रेमावती ने समूह की महिलाओं को बांटी सिलाई मशीन

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। प्रदेश सरकार के नव निर्माण में नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को नौ दिवसीय कार्यक्रम में गांधी भवन परिसर में आयोजित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण एवं सरस मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती के साथ फीताकाट कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सहायता महिलाओं को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि भारत एवं प्रदेश सरकार की मंशा है कि मातृ शक्ति को सामाजिक व आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है और इसी कड़ी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मशीन का वितरण किया जा रहा है, जिससे वह अपने समूह का संचालन करने के साथ सिलाई मशीन से अपने उत्पाद तैयार करें और अपनी आय दोगुनी करें। कहा कि सरकार मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलता योजना तथा उज्जवला योजना आदि योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि महिलायें देश की महत्वपूर्ण कड़ी है और आज महिलायें विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाकर आत्म निर्भर बन रही है। कार्यक्रम में ब्लाक बावन के 800, टड़ियावां, हरियावां के 200-200 तथा सुरसा के 225 कुल 1425 स्वयं सहायता समूहों को सीएसआर योजना के तहत निःशुल्क सिलाई मशीन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख बावन, टड़ियावां, हरियावां, सुरसा एवं अहिरोरी, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार द्विवेदी, अर्थ एवं संख्या अधिकारी रामप्रकाश वर्मा, पीडी अशोक कुमार मौर्य सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ व महिलायें उपस्थित रही।




लाभार्थी को सिलाई मशीन प्रदान करते मंत्री नितिन अग्रवाल व साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।

# छात्र को घसीटते हुए भैंस ने लगाई दौड़, किशोर की मौत

संवाददाता, हरदोई

- बांधने के लिए खोलते समय हाथ में फंस गई थी भैंस की रस्सी

अमृत विचार। भैंस की रस्सी पकड़े छात्र उसे बाहर बांधने जा रहा था, उसी बीच भैंस बिगड़ गई और छात्र को दूर तक घसीट ले गई। गांव वालों ने किसी तरह भैंस को घेरकर पकड़ा, गंभीर रूप से घायल छात्र को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

कोतवाली शहर तत्यौरा गांव निवासी राजेश यादव के दो बेटों में बड़ा 16 वर्षीय आदित्य यादव सनातन धर्म इण्टर कालेज में 9वीं का छात्र था। सोमवार की सुबह राजेश ने उससे घर में बंधी भैंस को बांधने के लिए कहा। आदित्य ने भैंस की रस्सी हाथ में लपेटी और बाहर जाने लगा। उसी बीच भैंस अचानक बिगड़ गई और भागने लगी। पहले तो आदित्य उसके साथ कुछ दूर तक दौड़ा, बाद में सड़क पर गिर गया। भैंस उसे सड़क पर घसीटते हुए दौड़ पड़ी। छात्र का शोर सुनकर लोगों ने भैंस को घेरकर पकड़ा। लेकिन गंभीर रूप से घायल छात्र की मौत हो गई। इस तरह छात्र की मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा रहा, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई।

# छोटे विवादों का निस्तारण सुलह समझौते से कराएं : डीएम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। तहसील सदर में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुनय झा ने की। इस मौके पर डीएम ने अधिकारियों को निद्रेश दिये कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएं। प्रत्येक गरीब व पीड़ित व्यक्ति को निष्पक्ष न्याय दिलायें।

भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिये कि गांवों में अवैध कब्जा की गयी सभी सरकारी एवं गरीबों की भूमि को पुलिस बल के सहयोग से कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों पर कठोर कार्यवाही करें तथा नियमित गांवों का भ्रमण करें और ग्रामीणों के छोटे-छोटे विवादों का निस्तारण ग्राम प्रधान, सचिव एवं गांव के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित में आपसी सुलह समझौते के आधार पर करायें।



पीड़ित को डेमो चेक प्रदान करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### पीड़ितों को दी गई सहायता राशि

हरदोई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ, सीएमओ डा. भावनाथ पाण्डे, उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, पीडी अशोक कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी, डीडी कृषि एवं सीओ सिटी ने अग्नि पीड़ित तोताराम, राजकुमार, दिन्ने, सोनी व दरिया को दैवीय आपदा योजना के तहत 10,500 रुपये की तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में सीमादेवी व मिथलेश कुमारी को पांच-पांच लाख रुपयें के डेमो चेक प्रदान किये। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, ईओ नगर पालिका सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### शाहाबाद में सीडीओ ने सुनीं जन समस्याएं

शाहाबाद तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित 44 शिकायतें आई। जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। सीडीओ सान्या छाबड़ा ने कहा संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय के अंदर निस्तारण होना चाहिए। अधिकारी शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर करें। शिकायतकर्ता को पूर्ण संतुष्टि होनी चाहिए। अगर किसी ने भी शिकायत निस्तारण करने में लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी, नायब तहसीलदार शाहाबाद, नायब तहसीलदार पंडरवा आदि मौजूद रहे।

### पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से सुने पुलिस

तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि थाने पर आने वाले गरीब एवं असहाय लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से लें। अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करें। कहा कि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा आम जनमानस में की सुरक्षा के दृष्टिगत नियमित रूप से गस्त करें और क्षेत्र के अपराधी, अराजक तत्वों, दबंग की प्रत्येक दिन की गतिविधियों की जानकारी बीट सिपाहियों एवं चौकीदारों से लेते रहें। साथ ही सरकारी व गरीबों की अवैध भूमि कब्जा मुक्त कराने में राजस्व विभाग की टीम का सहयोग करें।

# नन्ही अविका के भाषण ने दिल जीता

संवाददाता, हरदोई, पिहानी

अमृत विचार। पिहानी ब्लाक के सभागार में निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित बैठक में ब्लाक प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेई व बीईओ पिहानी प्रियंका सिंह ने क्षेत्र के प्रधानों व प्रधानाचार्यों के साथ विद्यालयों के रख-रखाव, शैक्षिक गुणवत्ता और बच्चों के समग्र विकास पर गहन मंथन किया। प्रियंका सिंह ने कहा कि निपुण भारत मिशन का उद्देश्य हर बच्चे को मूलभूत कौशल देना है, ताकि वे अपनी शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। स्कूलों में संसाधनों के साथ-साथ प्रेरणा भी देना होगी, ताकि बच्चे आगे बढ़ें।

ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई ने कहा कि देश के भविष्य का निर्माण हमारे नौनिहालों के हाथों में है, इसलिए हमें प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। कार्यक्रम में विकासखंड के भरौना निवासी सत्येंद्र मौर्य की कक्षा एक की पुत्री अविका मौर्य ने निपुण भारत मिशन पर प्रभावशाली भाषण दिया, जिसने सभी का मन मोह लिया। ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई ने अविका को माल्यार्पण कर उसके उत्साह को बढ़ाया। वहीं शाहपुर शैदान प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने मोबाइल फोन के कम उपयोग की महत्त्वता को सभी विद्यार्थियों को बताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सत्येंद्र यादव ने किया। प्रधान संघ अध्यक्ष मेवा राम राठौर व कई प्रधान मौजूद रहे।




छात्रा अविका को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

# स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिलाने के लिए छात्रा ने बीईओ को लिखा पत्र

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। विकास खण्ड कोथावां के प्राथमिक विद्यालय सिकन्दरपुर प्रधानाध्यापक पर स्थानांतरण प्रमाणपत्र न देने का आरोप लगाते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी से स्थानांतरण प्रमाणपत्र दिलाए जाने की मांग की है।

विकास खण्ड कोथावां क्षेत्र के मिश्रीपुर मजरा सिकन्दरपुर गांव निवासी मूलचंद ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को सम्बोधित प्रार्थना पत्र लिखते हुए बताया कि बीते 2023-24 के शिक्षा सत्र में बेटी मुस्कान प्राथमिक विद्यालय सिकन्दरपुर में कक्षा 7 की छात्रा थी, उस समय हम सभी लुधियाना चले गए थे। अब हमें अपनी बेटी के स्थानांतरण प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, लेकिन प्राथमिक विद्यालय सिकन्दरपुर के प्रधानाध्यापक मुस्कान का स्थानांतरण प्रमाण पत्र देने में हीलाहवाली कर रहे हैं, जिससे बेटी मुस्कान का भविष्य अधर में है और विद्यालय के चक्कर लगाकर काफी परेशान हैं।

# गौशालाओं के सीसीटीवी ब्लॉक मुख्यालय से लिंक कराएं

हरदोई, अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी, सान्या छाबड़ा ने संपूर्ण समाधान दिवस शाहाबाद के बाद विकास खंड टोडरपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी कक्ष, स्थापना पटल, शिकायत पटल एवं आवास पटल का गहन परीक्षण किया।

खंड विकास अधिकारी कक्ष के समक्ष पुराना नोटिस बोर्ड पाए जाने पर उसे तत्काल बदलवाने तथा क्षेत्र की गौशालाओं में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को ब्लॉक मुख्यालय के कंट्रोल रूम से लिंक करने के निर्देश दिए गए। ई-ऑफिस संचालन की समीक्षा में लेखाकार की मैपिंग न पाए जाने पर तत्काल मैपिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्थापना पटल के निरीक्षण में ग्राम विकास अधिकारी अमित पाण्डेय की सेवा सत्यापन लंबित पाए जाने पर पटल सहायक राहुल राठौर को कारण बताओ नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिकायत पटल के निरीक्षण में आमजन की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए खंड विकास अधिकारी को प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे के मध्य प्राप्त शिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्य विभाजन के अनुरूप शिकायत पटल का चार्ज हस्तांतरण न होने पर संबंधित पटल सहायक को कड़ी चेतावनी देते हुए उसी दिन चार्ज ग्रहण करने के निर्देश दिए गए। मनरेगा के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 95 प्रतिशत प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए 31 मार्च तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, 100 दिवस रोजगार के लक्ष्य के सापेक्ष 62 प्रतिशत उपलब्धि पर एपीओ को भी निर्धारित समय सीमा तक पूर्ण लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए।



पटल पर अभिलेखों का परीक्षण करतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा।

### हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। पिहानी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को हीरोइन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल और पुलिस बल द्वारा रत्नेश निवासी ग्राम गजुआ खेड़ा थाना पिहानी को 252 ग्राम हीरोइन के साथ पकड़ा। जिसके संबंध में थाना पिहानी पर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे भेज दिया गया।

**हरदोई हेरिटेज कप** | सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता

# न्यू हाइट्स- 11 व कॉन्सेप्ट- 11 की टीमें जीतीं

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में हरदोई हेरिटेज कप सीजन-5 का दूसरा मैच पूल बी की टीमों जयपुरिया-11 तथा न्यू हाइट्स स्कूल के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर न्यू हाइट्स -11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 198 रन बनाए। न्यू हाइट्स की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए तुषार 63 रन व आर्यन मिश्रा ने 53 रनों का योगदान किया। जयपुरिया की तरफ से गेंदबाजी करते हुए जितिन 4 विकेट, सक्षम गुप्ता व नवीन कुमार ने एक-एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुरिया -11 की टीम 13.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 95 रन ही बना सकी। इसके साथ ही न्यू हाइट्स- 11 की टीम ने 103 रनों से मैच जीत लिया। जयपुरिया-11 की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सक्षम गुप्ता ने सर्वाधिक 35 रनों योगदान किया। न्यू हाइट्स की तरफ से गेंदबाजी आशीष साहू 4 विकेट, प्रिंस व अरुण ने दो-दो विकेट, विकास एक विकेट लिया व एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। पहले मैच के मैन ऑफ द मैच तुषार ने बल्लेबाजी करते हुए 63 रनों का योगदान किया।

दूसरा मैच पूल ए से जोकि कॉन्सेप्ट -11 व जेवियर्स-11 के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर जेवियर्स- 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सभी विकेट होकर 138 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कॉन्सेप्ट- 11 की टीम ने 15.4 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। मैन ऑफ द मैच रहे शास्वत मिश्रा ने गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 16 रन देखकर दो विकेट लिए व बल्लेबाजी करते हुए चार रनों का योगदान किया। श्री सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का चौथा मैच मंगलवार को पूल -ए की टीमों जीबी पंत क्रिकेट अकादमी तथा एलिट क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला जाएगा तथा दूसरा मैच जेवियर्स -11 तथा जीबी पंत क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला जाएगा। मैच के दौरान अर्जित मित्तल, अनुज वर्मा, राधा कृष्ण गुप्ता, राणा आदि मौजूद रहे।

मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा तथा बृजेश वर्मा ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की।

### आरोपियों की गिरफ्तारी को दी जा रही दबिश

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसेंन में उत्पीड़न व मारपीट का मामला तूल पकड़ रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों को नामजद करते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है, और गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी है। पीड़ित राकेश का आरोप है कि बीते 19 मार्च को सुनील, गोविंद व सुरेश राठौर ने उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पुराने मामलों की पुष्टि कराई जा रही है, और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें हिरासत में लिया जाएगा।



केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में बैज लगाकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मी।

### बैंक कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरदोई, अमृत विचार। बैंक कर्मचारियों-अधिकारियों के संगठनों के संयुक्त मंच ने सरकार की भेदभाव वाली नीतियों के विरुद्ध आंदोलन का आह्वान किया है। सोमवार से शुरू इस आंदोलन में "वर्क टू रूल" और ड्यूटी पर ब्लैक बैज लगाकर काम करना शामिल है। संयुक्त मंच ने 24 घंटे की नोटिस पर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने केंद्र सरकार के नए नियमों का विरोध किया है। यूएफबीयू के स्थानीय संयोजक राकेश पाण्डेय ने बताया कि सरकार के निर्णय से बैंक अधिकारी व कर्मचारी नाराज हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज के लिए पीटकर घर से निकाला

**लहरपुर, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवीनगर निवासी एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। ग्राम नवीनगर निवासी सीमा शर्मा पुत्री राजेंद्र कुमार के मुताबिक, उसका विवाह पहली मार्च 2025 को शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंसूरपुर निवासी सचिन कुमार के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति सचिन, ससुर, सास, जेठ-जेठानी और देवर दिए गए दान-दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वे अतिरिक्त दहेज के रूप में 5 लाख रुपये नकद, डिजायर कार और दो बीघा जमीन की मांग को लेकर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता के मुताबिक, बीती 12 नवंबर को मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसे बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

### मनोज बने जिलामंत्री कार्यकर्ताओं में हर्ष

**लहरपुर, सीतापुर :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर जिला कार्यसमिति की घोषणा की गई, जिसमें नगर के मनोज गुप्ता को जिला मंत्री बनाया गया है। पूर्व नगर अध्यक्ष रह चुके मनोज गुप्ता को नई जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। सोमवार को भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर अबीर-गुलाल उड़ाया और होली खेली। पूर्व विधायक सुनील वर्मा, उमेश मेहरोत्रा, संजीव शुक्ला और विनीत गुप्ता ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# साहब! दिव्यांग हूं, घर में बूढ़ी मां है, सिलेंडर दिला दें

## समाधान दिवस में पहुंचे दिव्यांग ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार


फरियाद लेकर पहुंचा दिव्यांग रमेश चंद्र।


मिश्रिख तहसील में शिकायती पत्रों का निस्तारण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार टीम, सीतापुर**

**अमृत विचार:** साहब! दिव्यांग हूं, घर में केवल बूढ़ी मां है, सिलेंडर के लिए कई दिनों से भटक रहा हूं, अगर मिल जाएं तो राहत मिलेगी, दिव्यांग की फरियाद सुनकर डीएम ने तत्काल राहत भरा मरहम लगाया, अधीनस्थों को निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में सम्मिलित जिलाधिकारी ने मिश्रिख तहसील पहुंचकर कई समस्याओं के मौके पर ही हल ढूंढ निकाले।

प्रातः 11 बजे का समय था, मिश्रिख तहसील परिसर में दूर-दराज से आने वाले लोगों की भारी भीड़ थी। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के पहुंचते माने गांव जवार से आए लोगों को संजीवनी मिल गई हो। सभी एक साथ लाइन लगाकर खड़े हो गए। कुतुबनगर से आए दिव्यांग रमेश चन्द्र ने बताया कि आजीविका के कम संसाधनों के बीच बूढ़ी मां ही घर पर है। पहले सिलेण्डर में गैस थी तो खाना सहूलियत से बन जाता था। कई दिनों से सिलेण्डर खाली होने के कारण चूल्हे के सहारे मां को बीमार कर दिया है। दिव्यांग की समस्या सुन डीएम ने छटपट राहत के निर्देश दिए। उधर, लोधौरा निवासी सुशीला विपक्षियों पर जबरन खेत पर कब्जा कर न छोड़ने का दावा किया। दिव्यांग उमरापुर सरौसा निवासी दिव्यांग चन्द्रप्रकाश ने आवास न मिलने की शिकायत की। इस दौरान एसपी अंकुर अग्रवाल, एसडीएम मिश्रिख अभिनव यादव, सीओ मिश्रिख विशाल गुप्ता, सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रखर श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### घर में आग लगी, लेखपाल ने नहीं दी राहत

लहरपुर तहसील क्षेत्र के अंगेठा गांव वासी हरीश जायसवाल सदर तहसील में एडीएम नीतीश सिंह से मिले। पूछने पर बताया कि तहसील में सुनवाई नहीं हुई, इसलिए आए हैं। घर में आग लग गई थी, दावा है आग अज्ञात कारणों से लगी लेकिन लेखपाल ने मौका मुआयना न कर फोन के माध्यम से ही रिपोर्ट लगा दी।

### कब्जे का आदेश फिर भी सुनवाई नहीं

तहसील दिवस में आए खैराबाद के गौरिया खुर्द निवासी छोटेलाल ने बताया कि उन्हें भूमि पर कब्जे का आदेश प्राप्त है। खेत में पेड़ लगे हैं। विपक्षी कब्जा करना तो पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## अशरफपुर में श्रद्धा के साथ मनाया गया 'मुक्ति दिवस'

**सीतापुर, अमृत विचार:** अशरफपुर पंचायत व आसपास के क्षेत्रों में बाबा जयगुरुदेव का 'मुक्ति दिवस' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान अनुयायियों ने बाबा के जयघोष के साथ ध्वजारोहण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ काशीराम यादव, मेवालाल यादव व अजय कुमार ने जयगुरुदेव ध्वज फहराकर किया। सत्संग के दौरान वक्ताओं ने बताया कि आपातकाल की समाप्ति के बाद बाबा जयगुरुदेव महाराज दिल्ली की तिहाड़ जेल से मुक्त हुए थे, जिसकी स्मृति में प्रतिवर्ष 23 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। बाबा ने जीवनभर करोड़ों लोगों को शाकाहार, सदाचार और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। मुक्ति दिवस के साथ-साथ देश के अमर शहीदों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भी याद कर नमन किया गया।


स्वास्थ्य शिविर में मौजूद एसडीएम लहरपुर, समिति और अस्पताल की टीम। अमृत विचार

### तहसील में लगा स्वास्थ्य शिविर, 288 मरीज लाभान्वित

**लहरपुर, सीतापुर :** तहसील परिसर में सोमवार को श्री पीतांबरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल, पारा सरायं के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 288 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गईं। शिविर का निरीक्षण करते हुए उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने कहा कि निर्धन व जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे पुनीत कार्य है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज संभव होगा। शिविर में डॉ. एसए मीर, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. मधुलिका राय और डॉ. हर्षित जैन की टीम ने मरीजों का उपचार किया। इस अवसर पर अंशुमान सिंह, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी, शिवपूजन सिंह समेत कई अधिवक्ता और राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# ऑपरेटर चला रहा गैस की कालाबाजारी का सिंडीकेट

**सीतापुर, अमृत विचार:** डीएम की सख्त कार्यशैली के बावजूद कालाबाजारी करने वाले बाज नहीं आ रहे, कमलापुर स्थित गैस गोदाम के रिकार्ड खंगाले गए तो पता चला कि कम्प्यूटर ऑपरेटर सिंडीकेट बनाकर ही बड़ा घालमेल कर रहा है। हाल फिलहाल विभाग की विधिक कार्रवाई में एजेंसी धारक नामजद है, रिकार्ड में घालमेल के आधार पर आपरेटर और अन्य कर्मियों की खोजबीन हो रही है।

बता दें कि डीएम डॉ. राजा गणपति आर. को सूचना मिली थी कि कमलापुर इलाका स्थित सरौला कला में आरके सिंह इण्डियन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी में घालमेल हो रहा है। अचानक हुई छापामारी में राज खुला तो एजेंसी धारक रामश्री पर केस दर्ज कराया गया। कार्रवाई के दौरान पता चला कम्प्यूटर आपरेटर विवेक त्रिपाठी, गोदाम इंचार्ज अंकित राठौर, डिलीवरी ब्वॉय दिलीप यादव, डिलीवरी चालक अतुल यादव की भूमिका संदिग्ध पाई गई। डीएसओ अखिलेश श्रीवास्तव के मुताबिक, प्रथम दृष्टया जांच में कम्प्यूटर आपरेटर, गोदाम इंचार्ज, डिलीवरी ब्वॉय दिलीप यादव, डिलीवरी चालक अतुल यादव की भूमिका संदिग्ध पाई गई है।

### वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



वार्षिकोत्सव के दौरान प्रस्तुतियां देते बच्चे। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय अटौरा में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक ज्ञान तिवारी ने किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत और सामाजिक संदेशों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विधायक ने विद्यालय के मेधावी छात्रों प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान को उपहार देकर सम्मानित किया और नए छात्रों को पाठ्यक्रम वितरित किया। एबीएसए उदय मणि पटेल ने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। इस अवसर पर नेहा, प्रियांशी, आकाश सहित दर्जनों बच्चों ने प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में शिक्षक अनूप कुमार, शालिनी, हजारा खातून और विशिष्ट अतिथि विनायक मिश्रा, मनोज सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### एनीमिया प्रबंधन के लिए दिया प्रशिक्षण


प्रबंध तंत्र की जानकारी देतीं प्रो. डॉ. रेनू सिंह। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला महिला चिकित्सालय में यूपीटीएसयू के सहयोग से 'मैटरनल एनीमिया प्रबंधन' कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों को फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज (एफसीएम) इंजेक्शन के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया गया। केजीएमयू से आईं प्रो. डॉ. रेनू सिंह ने बताया कि एफसीएम इंजेक्शन मध्यम व गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए जीवनरक्षक है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा ने बताया एनएफएचएस-5 के आंकड़ों के अनुसार सीतापुर में 57.8% गर्भवती महिलाएं एनीमिया की शिकार हैं। डीएम व सीएमओ की प्राथमिकता मातृ-मृत्यु दर में कमी लाना है। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत मिश्रा, मिथलेश पाठक, डॉ. शेफाली कौशिक, डॉ. शिवांगी सिंह सहित यूपीटीएसयू के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


मेडल जीतने पर बेटियों का सम्मान करते समाजसेवी सागर गुप्ता। अमृत विचार

### राष्ट्रीय बैडमिंटन को सुगंधी व आदर्शनी का चयन

**सीतापुर, अमृत विचार :** कौन कहता है कि आसमान में छेद नहीं होता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों, इस कहावत को चरितार्थ किया है रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल लोनियनपुरवा की छात्राओं ने। बीते 21-22 मार्च को एचसीएल फाउंडेशन द्वारा गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत आयोजित बैडमिंटन स्पर्धा में सुगंधी और आदर्शनी ने शानदार प्रदर्शन किया। लखनऊ, हरदोई और नोएडा जोन के खिलाड़ियों के बीच लीग मैचों में सर्वाधिक अंक पाकर दोनों ने फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में सुगंधी ने आदर्शनी को 21-15 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि आदर्शनी को रजत पदक प्राप्त हुआ। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी के निर्देशन में प्रशिक्षित ये दोनों खिलाड़ी अब जुलाई 2026 में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, नोएडा में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगी। इनकी उपलब्धि पर समाजसेवी सागर गुप्ता, डीआईओएस राजेंद्र सिंह और प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्रा ने हर्ष जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## होम्योपैथिक शिविर में 112 मरीजों का हुआ उपचार

**संवाददाता सीतापुर/महोली, अमृत विचार:** पिसावां विकास खंड सभागार में आयुष विभाग की ओर से होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. गीता के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में 112 मरीजों का पंजीकरण कर उनका निशुल्क उपचार किया गया। शिविर में डॉ. रत्नेश कुमार व डॉ. अल्का सोनी की टीम ने मरीजों का परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं। इस दौरान योग प्रशिक्षक खुशी राम ने लोगों को सर्वाइकल, कंधे व जोड़ों के दर्द से राहत के लिए योगाभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित सूर्य नमस्कार से कई रोगों से मुक्ति मिल सकती है। इसे सभी को करना चाहिए। बता दें कि शिविर में स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा हुआ था। टीम में फार्मासिस्ट अभिषेक मिश्रा, वंदना, अनुज व विजय कुमार शामिल रहे। दूसरी ओर, शासन के नौ वर्ष पूर्ण होने पर स्वास्थ्य केंद्र में मेला लगा। इसमें डॉ. पंकज मिश्रा व डॉ. अपर्णा अवस्थी ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया।

# सड़क हादसों में मासूम समेत दो की मौत, आठ लोग घायल

**सीतापुर, अमृत विचार:** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो सड़क हादसों ने दो घरों के चिराग बुझा दिए। रेउसा और बिसवां क्षेत्र में हुए इन हादसों में एक मासूम बच्ची और एक युवक की जान चली गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। पहली घटना रेउसा-तंबौर मार्ग पर बंभनावा गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सीएनजी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। ऑटो सवार परिवार लहरपुर से एक मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहा था। इस हादसे में वीरेंद्र की एक वर्षीय पुत्री चंदानी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के आठ सदस्य घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल शकुंतला और संगीता को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी घटना बिसवां कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भगवानपुर माफी निवासी 18 वर्षीय साहिल साइकिल से जा रहा था, तभी पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार वाहन चालकों की तलाश शुरू कर दी है।

**सड़क हादसे में तीन घायल, एक रेफर: लहरपुर:** लहरपुर-तंबौर मार्ग पर सोमवार को ग्राम गंगादीन पुरवा के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बिना हेलमेट बाइक चला रहे तीरथ राम (45), संतोष कुमार (24) और निर्भय (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने निर्भय की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जबकि अन्य दो को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### कार की खिड़की पर स्टंट पड़ा भारी, जुर्माना



इस वाहन का हुआ चालान। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे-30 सीतापुर-शाहजहांपुर पर चलती कार में खतरनाक स्टंट कर रील बनाना युवकों को महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने संबंधित कार मालिक पर 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। वायरल वीडियो में युवक तेज रफ्तार कार की खिड़कियों पर बैठकर स्टंट करते नजर आ रहे थे, जिससे दूसरों की सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो रहा था। यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने बताया चालान की कार्रवाई की गई है।

# मांगों को लेकर किया गया प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**


कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन करते संगठन के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद में विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। भारत मुक्ति मोर्चा जहां अपनी चार चरणीय राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत सड़क पर उतरा, वहीं विश्व हिंदू महासंघ और समता युवा मंच ने भी अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपे।

**जाति जनगणना और आरक्षण पर आंदोलन:** भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष शीलरत्न ने कहा केंद्र सरकार ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के वादे से मुकर रही है।

**'वंदे मातरम चौक' की मांग:** विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर जिले के एक व्यस्ततम चौराहे का नाम 'वंदे मातरम चौक' रखने की मांग की है। संगठन का तर्क है कि इससे युवाओं में राष्ट्रवाद और क्रांतिकारियों के प्रति सम्मान की भावना जागृत होगी।

**शहीद दिवस पर एकजुटता का संदेश:** शहीद दिवस के अवसर पर समता युवा मंच ने विशाल जनसभा आयोजित की। जाति-धर्म के झगड़े छोड़ो, भारत जोड़ो के नारे के साथ युवाओं ने बेरोजगारी और महंगी शिक्षा के खिलाफ आवाज उठाई। मंच के प्रतिनिधियों ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के सपनों का भारत बनाने के लिए तर्क, विज्ञान और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## बारिश से धंसी सड़क, परेशानी

**रामपुर मथुरा, सीतापुर:** विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र में छतौनी पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी बारिश के चलते ग्राम पंचायत छतौनी के अंतर्गत पठाननपुरवा मार्ग का एक हिस्सा करीब डेढ़ फीट चौड़ा और पांच फीट गहरा धंस गया। यह मार्ग पठाननपुरवा को मुख्य हाईवे बांसुरा घाट से चंदौली घाट रोड से जोड़ता है। सड़क धंसने वाली जगह पर जल निकासी के लिए पुलिया और पाइप डाले गए थे, जिसके पास का हिस्सा अचानक बैठ गया। इस मार्ग से प्रतिदिन करीब पांच सौ से अधिक लोगों की आवाजाही होती है, जो अब पूरी तरह ठप हो गई है।



साइकिल के साथ मेधावी छात्राएं। अमृत विचार

### प्रतियोगिता में राज शुक्ला को मिली साइकिल

**लहरपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र की सामाजिक संस्था शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के तत्वाधान में खेमकरन इंटर कॉलेज में भव्य सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के उद्देश्य से आयोजित इस परीक्षा में क्षेत्र के लगभग एक दर्जन विद्यालयों के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के परिणामों के आधार पर लक्ष्मी पब्लिक स्कूल के छात्र राज शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर साइकिल जीती। वहीं, विद्या मंदिर के महीप कुमार को ट्रॉली बैग और ओएनजीसी स्कूल की छात्रा आरिफा को सीलिंग फैन प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण हरीश रस्तोगी, वीरेंद्र पुरी, राजेश्वर दयाल, अरुण सिंह और डॉ. आकाश शुक्ला आदि द्वारा किया गया। इस मौके पर संस्था के आशीष शुक्ला, अनिमेष श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा और मनीष शुक्ला सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### कंगना के बयान पर कांग्रेस मुखर, सौंपा ज्ञापन



कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध-प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध की गई कथित टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। कांग्रेस नेता व जिला पंचायत सदस्य सुनीला रावत ने बताया कि कंगना रनौत ने सदन में राहुल गांधी के खिलाफ 'टपोरी' जैसे अभद्र और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है। कांग्रेस नेता रत्नम राठौर ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधि द्वारा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न केवल अपमानजनक है बल्कि यह संसदीय गरिमा पर भी प्रहार है।

### चार अप्रैल को दिल्ली कूच करेंगे शिक्षक

**सीतापुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यसमिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष रवींद्र दीक्षित एवं जिला मंत्री हंसराज वर्मा के नेतृत्व में नवीन पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। जिला अध्यक्ष रवींद्र दीक्षित ने सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर व प्रमाण पत्र भेंट कर जिम्मेदारी सौंपी। नई समिति में चंद किशोर तिवारी को संरक्षक, महेंद्र पांडे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नवीन श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष तथा विवेक पंडित को मीडिया प्रभारी सहित अन्य पदों पर मनोनीत किया गया।

### शादी तुड़वाने की साजिश में चार पर केस

**लहरपुर, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गलत अफवाह फैलाकर शादी तुड़वाने और विरोध करने पर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहन की शादी तालगांव क्षेत्र के एक गांव में तय हुई थी। शुक्रवार को सगाई की रस्म पूरी हुई थी, लेकिन गांव के ही किशनपाल, राम लखन, बीनू और लवकुश निवासी रुखारा ने गलत अफवाह फैलाकर शादी तुड़वा दी। जब इसका विरोध किया गया, तो आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज की। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गयी है।


निरीक्षण के दौरान डॉक्टर को निर्देश देते डीएम डॉ. राजागणपति आर। अमृत विचार

### पहले अस्पताल की सफाई करें फिर जाएं घर

**नैमिषारण्य/ मिश्रिख, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नैमिषारण्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में गंदगी और अभिलेखों के रखरखाव में लापरवाही मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। डीएम सबसे पहले टीबी कक्ष पहुंचे, जहां गंदगी देख उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जयप्रकाश पटेल को शाम तक सफाई कराकर फोटो भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान हीमोग्लोबिन के मानक और उपचार को लेकर सही जानकारी न दे पाने पर परामर्शदाता गायत्री देवी को भी कड़ी फटकार लगाई गई। उन्होंने सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार को निर्देश दिए कि मरीजों को स्वच्छ वातावरण में बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जाए। लैब और दवा भंडार के निरीक्षण में डीएम ने स्टॉक रजिस्टर तत्काल अपडेट करने तथा सीबीसी, एक्सरे व विडाल जांच का रिकॉर्ड अलग-अलग रखने के निर्देश दिए। ओपीडी, इमरजेंसी और लेबर रूम में मिली गंदगी पर डीएम ने कहा सुविधाओं में शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पशुपालकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**सांडा, सीतापुर:** सकरन ब्लॉक सभागार में प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना के अंतर्गत पशुपालकों के लिए ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए पशुपालकों को पशुपालन की आधुनिक बारीकियों से अवगत कराया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद ने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, समय पर टीकाकरण, संतुलित आहार और स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम और कृत्रिम गर्भाधान की तकनीक पर जोर दिया।



ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा की जानकारी देती मानपुर पुलिस टीम। अमृत विचार

### मिशन शक्ति: जागरुकता के लिए निकली रैली

**सीतापुर/मानपुर/औरंगाबाद :** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन व सीओ सदर नेहा त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में स्कूटी रैली निकाली गई। यह रैली प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों ने 'अपने अधिकार को पहचानो' का संदेश दिया। वहीं, थाना मानपुर पुलिस की टीम ने ग्राम पट्टी मजरा भिटौली में ग्रामीण महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिला आरक्षी प्रीति व निदा परवीन ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उधर, नैमिषारण्य क्षेत्र के श्री राम जानकी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, ततरोई में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने छात्राओं को 1090, 112, 181 व 1098 जैसे टोल-फ्री नंबरों के महत्व को समझाया। इस दौरान कांस्टेबल शुभम पाल, जतिन राहल, अपूर्वा दीक्षित सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने निकाला भव्य पथ संचलन

**बिसवां, सीतापुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कस्बे के एल्पिस ग्लोबल स्कूल से भव्य पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता सह जिला प्रचारक विकल्प के संबोधन से हुआ। उन्होंने संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की शक्ति ही राष्ट्र निर्माण का असली मार्ग है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को मजबूत करने का आह्वान किया। इसके पश्चात पूर्ण गणवेश में सजे स्वयंसेवक वाद्य यंत्रों की धुन पर कदमताल करते हुए निकले। संचलन मंसाराम चुंगी, सेठ गंज, बादल पुरवा, मगरिया बाजार, एसजीडी कॉलेज, दशहरा मैदान, वाल्मीकि मंदिर और बड़ा चौराहा होते हुए वापस स्कूल पहुंचकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजेश सिंह, बलराम वर्मा, महानारायण वर्मा, कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, विशाल गुप्ता, कृपा अवस्थी, रवि राज सिंह रहे।

# वर्दी खामोश रहने से चौराहों पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त

## जिम्मेदार मौनः शहर के प्रमुख चौराहों पर उड़ रही है यातायात नियमों की धज्जियां, ध्यान नहीं देने से जनता को भुगतना पड़ता है खामियाजा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर के प्रमुख चौराहों पर इन दिनों जो दृश्य देखने को मिल रहा है, वह किसी भी जिम्मेदार प्रशासन के लिए शर्मनाक है। कागजों में चुस्त-दुरुस्त बताई जाने वाली यातायात व्यवस्था हकीकत में पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही है।

शहर के त्रिपुला चौराहा, रतापुर चौराहा, मोटल चौराहा, सिविल लाइन चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा, पुलिस लाइन चौराहा, बस स्टेशन चौराहा, अस्पताल चौराहा और घंटाघर जैसे प्रमुख चौराहे अब अव्यवस्था के प्रतीक बन चुके हैं। कहने को इन सभी चौराहों पर यातायात कर्मियों की फौज तैनात है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ये "फौज" चौराहे पर यातायात व्यवस्था संभालने के बजाय किनारे बैठकर ड्यूटी का मजाक उड़ाती नजर आती है। अमृत विचार की पड़ताल में चौराहों पर तैनात यातायात कर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के बजाय समय काटते नजर आए। कोई किनारे बैठा मिला तो कोई छांव में सुस्ता रहा था तो कोई मोबाइल में व्यस्त दिखा। यह दृश्य न केवल व्यवस्था की पोल खोलता है, बल्कि उस भरोसे को भी तोड़ता है जो आम जनता वर्दी पर करती है।



सिविल लाइन चौराहे पर यातायात कर्मी की मौजूदगी में मनमाने ढंग से निकलता टेम्पो चालक व बाइक सवार। अमृत विचार


त्रिपुला चौराहे पर यातायात कर्मियों की गैर मौजूदगी में चौराहे से गुजरते वाहन।

हालात यह है कि शहर में यह धारणा बनती जा रही है कि यातायात व्यवस्था को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा, और यही वजह है कि हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। यह केवल वाहनों के संचालन का विषय नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ा हुआ है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है और तब भी इसका खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ेगा।

**सिर्फ अफसर और वीआईपी रहती सतर्कताः** चौराहों पर तैनात यातायात कर्मियों की प्राथमिकता व्यवस्था सुधारना नहीं, बल्कि वीआईपी मूवमेंट को सुगम बनाना बनती जा रही है। जैसे ही किसी अधिकारी के आने की भनक लगती है, पूरी टीम मोर्चा संभालने के लिए तैयार हो जाती है। जबकि लापरवाही के चलते नो-एंट्री में वाहनों का प्रवेश बात बन चुकी है। अमृत विचार के कैमरे में कैद तस्वीरें इस दोहरे रवैये और व्यवस्था के नाटक की सच्चाई उजागर करती हैं।

### प्रभारी के आने पर कर्मियां ने छोड़ दी बेंच

डिग्री कॉलेज चौराहा पर चार पहिया वाहन बिना किसी रोकटोक के नो-एंट्री में प्रवेश करते दिखाई दिए। वहीं ड्यूटी पर तैनात यातायात कर्मी तमाशबीन बने रहे। यहां पर दो कर्मी छांव में बैठे, जबकि एक महिला कर्मी आइसक्रीम का आनंद ले रही थी, जिसकी तस्वीर अमृत विचार के कैमरे में कैद है। अचानक कैनाल रोड की ओर से यातायात प्रभारी का वाहन जैसे ही दिखाई दिया माहौल बदल गया। तत्काल सक्रियता दिखाते हुए साहब के वाहन को सुरक्षित निकालने में सभी जुट गए।



यातायात प्रभारी का वाहन आते ही मुस्तैद हो गए कर्मी।

### पांच किमी तक लगा रहा जाम, खाकी असहाय


डलमऊ चौराहा पर लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार।** डलमऊ कस्बा एक बार फिर जाम की समस्या से कराह उठा। घंटों लगे भीषण जाम के चलते सभी सड़कों पर पांच-पांच किलोमीटर से अधिक तक वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। इस दौरान मौजूद पुलिस कर्मी भी मूकदर्शक बने रहे। डलमऊ में इस समय जाम की समस्या बढ़ती जा रही है दिन प्रतिदिन वाहनों की लगने वाले जाम से राहगीर परेशान हो रहे हैं। स्कूली बच्चों के साथ ही बुजुर्ग व मरीज बेहाल हो रहे हैं। रविवार देर रात से सोमवार की सुबह तक लगे भयंकर जाम की वजह से मुराई बाग कस्बा जाम की समस्या से जूझता रहा। सोमवार को जिलाधिकारी के समाधान दिवस में आने की खबर के बाद दिन में पुलिस कर्मी मुख्य चौराहे पर डटे रहे। वहीं भोर में जाम की समस्या से जूझ रहे वाहनों के लिए कोई पुलिसकर्मी दिखाई नहीं पड़ा। स्थानीय सुधीर जायसवाल, प्रदीप श्रीवास्तव, नीलकमल, मुकेश कुमार, घनश्याम का कहना है कि मुराई बाग में जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। व्यापार चौपट हो रहा है। इतना ही नहीं आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की वजह से भी लोगों में दहशत है। यदि इस पर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो यह समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जाएगी।

### न्यूज ब्रीफ

#### सड़क हादसे में दो लोगों की गई जान

**राही :** भदोखर थाना क्षेत्र के मेजरगंज के निकट नहरी चौराहे पर साइकिल सवार को बचाने के चक्कर मे दो बाइको की आमने सामने टक्कर हो गई। इसमे तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिनको आनन फानन जिला अस्पताल भेजा गया, जहां दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त दिनेश कुमार निवासी पूरे हुलसी, विकास पुत्र रज्जन निवासी देवी नगर के रूप में हुई है। वही घायल विपिन श्रीवास्तव पुत्र सोनू श्रीवास्तव को एम्स रेफर किया गया है।

#### हत्यारोपी को पुलिस ने दबोचा

**डीह :** पुलिस ने इनामिया हत्यारोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। रविवार की शाम प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिवम जायसवाल, सुभाष यादव कांस्टेबल विनीत कुमार, अरविंद यादव, गौरव, शुभम विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, हेड कांस्टेबल स्वामी नाथ दुबे के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों का निरीक्षण कर रहे थे। तभी टेकारी-फुरसतगंज मार्ग पर मझिलहा बाजार के पहले बिरनावां गांव निवासी सूरज कुमार उर्फ कुल्लू पुत्र राम प्यारे उर्फ रामकुमार को दबोच लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि मौलाना हत्याकांड का आरोपी था। उसके ऊपर 50 हजार का इनाम था जो 3 महीने से फरार चल रहा था।

#### एडीएम ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**रायबरेली :** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने नगर पंचायत सलोन के निर्माण कार्यों एवं जल निकासी की समस्या के दृष्टिगत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधितों को कार्य समय एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत प्रियंका तिवारी एवं नायब तहसीलदार सुजीत सिंह रहे।

#### आग लगने से लाखों का नुकसान

**शिवगढ़ :** सोमवार की शाम थाना क्षेत्र के गढ़ी मजरे देहली में अज्ञात कारणों से खरफूस से बनी दो झोपड़ियों में आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई, जब तक आग बुझाई जाती लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

सोमवार की शाम गढ़ी मजरे देहली में श्रीराम पुत्र द्वारिका प्रसाद के घर के सभी लोग खेत में थे। तभी उनकी दो झोपड़ियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की उठती तेज लपटों को देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों की चीख पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। हल्का लेखपाल अपूर्व ने बताया कि मामला संज्ञान में है। नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी गई है।

#### शटर तोड़कर दुकान से हजारों की चोरी

**सलोन :** सलोन कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला मिया साहब का फाटक निवासी राहुल साहू पुत्र बाबूराम की करबा स्थित मार्किट में परचून की दुकान है। रविवार की रात व्यापारी दुकान बंद कर घर चला गया था। दुकानदार के मुताबिक सोमवार की सुबह दुकान का शटर टूटा हुआ था। पीड़ित जब दुकान पर पहुंचा तो उसे चोरी हो जाने की सूचना मिली है। दुकान से 40 हजार का सामान चोरी होने की बात बताई गई है। कोतवाली इंचार्ज पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है।

## लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : शेफाली रस्तोगी

रायबरेली

**अमृत विचार।** नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जोरदार अभियान छेड़ दिया है। जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में चलाए गए इस सघन जांच अभियान से मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

टीम ने कार्रवाई करते हुए जगतपुर क्षेत्र स्थित पालक ई-कॉमर्स से काजू का नमूना लिया। वहीं ऊंचाहार में रायन कन्फेक्शनरी एंड किराना स्टोर से भी काजू की जांच हेतु सैंपल संग्रहित किया गया। इसके अलावा इस्माइलमऊ में राजेन्द्र विक्रेता से पेठा, गदागंज के अलीपुर चकराई में रामनारायण विक्रेता से साबुत सिंघाड़ा, मानिकपुर रोड लालापुर स्थित राहुल किराना स्टोर से मूंगफली दाना और मानिकपुर रोड के रेहान किराना स्टोर से मखाना का नमूना लिया गया। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचनलता तिवारी, शेफाली रस्तोगी, महेन्द्र यादव और उदय राज मौर्य की टीम पूरी सक्रियता के साथ जुटी रही। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शेफाली रस्तोगी ने बताया कि नवरात्र जैसे बड़े पर्व पर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग लगातार ऐसे अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस सख्ती से आम जनता में भरोसा बढ़ा है। वहीं मिलावटखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ा संदेश भी गया।


खाद्य सामग्री की जांच करते खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारी।

## 40 फीट गहरे नाले में गिरा वाहन, 3 घायल

- पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन को बाहर निकाला

खीरों (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सोमवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पुल के नीचे करीब 40 फीट गहरे नाले में जा गिरी। हादसे में वाहन सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार थाना बछरावां क्षेत्र के पश्चिमगांव निवासी युवराज खान (40) और आरिफ खान (33) अपने चालक मनोज पाल (37) के साथ स्कॉर्पियो से कानपुर से वापस घर लौट रहे थे। सोमवार तड़के करीब चार बजे सेमरी-खीरों मार्ग पर बरौला गांव के पास बसहा नाले के पुल के समीप अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और सीधे नीचे गहरे नाले में पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन "जाको राखे साइयां मार सके ना कोय" कहावत उस वक्त सच साबित हुई जब तीनों सवारों की जान बच गई। हालांकि सभी को गंभीर चोटें आईं।


क्षतिग्रस्त वाहन को निकालती क्रेन।

घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक संतोष कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद घायलों को वाहन से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खीरों पहुंचाया, जहां से तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। दोपहर को परिजनों ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को नाले से बाहर निकलवाया, जिससे कुछ देर के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज जारी है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

**सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, केस दर्ज, सलोनः** सलोन कोतवाली अंतर्गत करहिया चौकी क्षेत्र के कमालुद्दीनपुर निवासी रोहित यादव (35) पुत्र रामसुख यादव रविवार की रात बाइक से अपने घर लौट रहा था। सलोन प्रतापगढ़ राज्यमार्ग एक होटल से सौ मीटर आगे बाइक सवार युवक को अज्ञात ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर घायल युवक को सीएचसी सलोन इलाज के लिए भेजा, जहां डॉक्टर ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली इंचार्ज पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### शिवगढ़ से काशी और विंध्याचल धाम पहुंचा श्रद्धालुओं का जत्था

**शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार।** शिवगढ़ से वाराणसी और विंध्याचल धाम पहुंचे श्रद्धालुओं के जत्थे ने बाबा काशी विश्वनाथ, काल भैरव, मां विंध्यवासिनी के मंदिर में बड़ी ही शिद्दत के साथ माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इससे पहले रविवार को समाजसेवी राज भैया उर्फ़ राज दीक्षित हरियाणा वाले के नेतृत्व में शिवगढ़ नगर पंचायत स्थित प्रसिद्ध श्री बरखण्डीनाथ महादेव मन्दिर परिसर से हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इसके बाद बाबा काशी विश्वनाथ एवं मां विंध्यवासिनी धाम के लिए रवाना हुआ। जिसको लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। राज दीक्षित ने कहा कि धार्मिक यात्राएं समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और मानव कल्याण की भावना को मजबूत करती हैं। धार्मिक यात्राओं से आध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ता है और मन को शांति मिलती है। जत्थे में कन्हैया अवस्थी, अमित मिश्रा, नीरज अवस्थी, छोटू द्विवेदी, अंगद राही, विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।


पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष नवजात कन्याओं को वितरित किए किट

**बछरावां, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। इस दौरान उन्होंने केक काटकर तीन वर्ष तक की कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया। साथ ही 50 नवजात कन्याओं के परिजनो को स्वास्थ्य संबंधी किट वितरित किए। उन्होंने कहा कि पहले के समय में कन्याओं का जन्म बोझ समझा जाता था, परंतु आज बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि आज बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कन्याओं का जन्म उत्सव मनाया गया है और यहां पर मौजूद तीन वर्ष तक की नवजात कन्याओं के परिजनों को स्वास्थ्य संबंधी किट वितरित किए गए हैं। इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल अकेला भी मौजूद रहे। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां इंद्रा देवी और प्राथमिक विद्यालय मेहरबान खेड़ा प्रधानाचार्य श्वेता त्रिवेदी व शिक्षक संगठन अध्यक्ष अमन शुक्ला ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।


गोदभराई करती उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व अन्य।

## शहादत दिवस पर भगत सिंह को किया याद

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सोमवार को महराजगंज ब्लॉक सभागार में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर एक भव्य 'पुण्यतिथि एवं न्याय सम्मेलन' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी मौजूद रहे। उन्होंने भीमराव अंबेडकर, भगत सिंह और महात्मा गांधी के सिद्धांतों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की तरक्की का रास्ता संविधान के पालन में ही निहित है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि अक्सर क्रांतिकारी नायकों को भुला दिया जाता है, लेकिन आज युवाओं ने भगत सिंह को याद कर यह साबित कर दिया है कि देश अब किसी भी प्रकार की मानसिक या सामाजिक गुलामी को बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान आमिर खान आजाद, वीरेंद्र यादव, भगवान दीन फौजी, सच्चिदानंद त्रिपाठी, मो. उमर, अखिलेश शुक्ला, जमुना पासी, संजय पांडे, अजमल खान आदि रहे।



कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी, मौजूद अन्य।

## 33 केवी लाइन का तार टूटने से तीन घंटे ठप रही बिजली

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में सोमवार को बिजली व्यवस्था उस समय चरमरा गई, जब अमावा ट्रांसमिशन से जगतपुर उपकेंद्र को आने वाली 33 केवी लाइन का तार नवाबगंज के पास अचानक टूट गया। इस घटना से करीब तीन घंटे तक पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रही, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग हरकत में आया और संविदा कर्मियों की टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के चलते आपूर्ति बहाल करने में करीब तीन घंटे का समय लग गया। इस दौरान उपभोक्ता बिजली आने का इंतजार करते रहे। अवर अभियंता चन्द्रेश पटेल ने बताया कि 33 केवी लाइन का तार टूटने से आपूर्ति बाधित हुई थी। मरम्मत कार्य पूरा कर आपूर्ति को सुचारू रूप से चालू करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि विद्युत लाइन की सतत निगरानी की जा रही है।

### नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने भरी उड़ानः दीप प्रकाश

**लालगंज।** भाजपा नेता और चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मां की आराधना का पर्व नवरात्र का आरंभ होता है। नवरात्र शक्ति की उपासना का पर्व है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों के बाबत भी चर्चा करते हुए बताया कि आद्यशक्ति माँ दुर्गा के 9 स्वरूपों की प्रेरणा से नवनिर्माण के 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने उन्नति की उड़ान भरी है। सरकार की योजनाओं का सुफल है कि महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार हुआ है।


दीप प्रकाश शुक्ला।

निर्देश | संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनता की फरियाद

# समस्याओं को समय से किया जाए निस्तारित : जिलाधिकारी

डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें डीएम और एसपी ने लोगों की फरियाद को सुना। बरारा बुजुर्ग से राज सिंह के साथ दर्जनों ग्रामीणों ने गांव में बने आवागमन के मार्गों को खुलवाए जाने की गुहार लगाई।

पूरे गुरु देवली से आई आराधना एवं रोली ने गांव के ही लोगों पर आवागमन को अवरोध करने की शिकायत की। इस पर पुलिस अधीक्षक ने डलमऊ कोतवाल को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। मधुकरपुर प्राचीन के धीरेंद्र सिंह ने खतौनी में गलत नाम दर्ज होने की शिकायत की। शोभवापुर पखरौली निवासी ब्रजकिशोर ने लेखपाल पर अंस निर्धारण को दुरुस्त करने के लिए सुविधा शुल्क मांगने की शिकायत की। पूरे सेखन निवासिनी लक्ष्मी देवी व उसके बेटे ने विपक्षियों पर मारपीट करने पर पुलिस अधीक्षक के समक्ष पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने की शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।


सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुनतीं डीएम और एसपी। अमृत विचार

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आई हुई सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया और कहा कि सभी फरियादियों की समस्याओं को समय से निस्तारित किया जाए। पुलिस विभाग से आई शिकायतों के लिए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने डलमऊ और गदागंज थाना प्रभारी को शिकायत को गंभीरता से लेकर निस्तारित के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह, तहसीलदार मंजरी सिंह, खंड विकास अधिकारी अशोक सचान आदि मौजूद रहे।

**लेखपाल पर सांठगांठ करने का लगाया आरोप, महराजगंजः** तहसील सभागार में एसडीएम गौतम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 37 शिकायत आई। इस दौरान जमीनी विवाद के एक मामले में हल्का लेखपाल पर सांठगांठ करने का भी आरोप लगा। तहसील क्षेत्र के पूरे रघुनाथ मजरे भटसरा गांव निवासी सियाराम पुत्र गुरुदीन ने उपजिलाधिकारी को बताया कि गांव स्थित आबादी की भूमि पर गांव के ही सूर्यबली ने हल्का लेखपाल से सांठगांठ कर निर्माण कार्य रोकवा दिया। मामले में एसडीएम गौतम सिंह ने राजस्व टीम को मौके की स्थिति में जांच कर निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक मुकेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### बेजुबानों की देखभाल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विकास खंड डलमऊ के अस्थायी गौ संरक्षण केन्द्र 'पूरे रेवती' का औचक निरीक्षण किया। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचीं जिलाधिकारी ने अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई। जिले में गोवंशों की देखभाल को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कई गोवंशों के ईयर टैगिंग (पहचान संख्या) नहीं मिले पर संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई। इस दौरान हरे चारे की कमी और समुचित प्रबंधन का अभाव भी देखने को मिला। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर भी डीएम ने गहरी नाराजगी जताई और जिम्मेदार अधिकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई न जाए। डीएम ने भरोसा दिलाया कि भूसे की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी, ताकि चारे की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रह सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कुलदीप द्विवेदी भी मौजूद रहे।

### ऊंचाहार पैसेंजर ट्रेन के संचालन की मांग

**रायबरेली, अमृत विचार।** ऊंचाहार क्षेत्र के यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या को लेकर अब स्थानीय लोगों ने आवाज उठानी शुरू कर दी है। स्थानीय निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता बाल किशोर त्रिपाठी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक को प्रार्थना पत्र देकर ऊंचाहार पैसेंजर के पूर्व की भांति दोनों टाइम संचालन की मांग की है। प्रार्थना पत्र में कहा है कि ऊंचाहार से रायबरेली तक चलने वाली यह पैसेंजर ट्रेन दरियापुर, लक्ष्मणपुर और रामचंदरपुर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों को जोड़ते हुए क्षेत्र के हजारों यात्रियों के लिए जीवनरेखा का कार्य करती रही है। बताया जा रहा है कि लगभग 50 वर्षों से यह ट्रेन प्रतिदिन दोनों टाइम संचालित होती थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के दौरान इसके संचालन में बदलाव कर दिया गया। वर्तमान में यह ट्रेन केवल एक बार ऊंचाहार तक आ जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रेन के फेरे में कमी होने से दैनिक यात्रियों, छात्रों और कर्मचारियों को समय पर अपने कार्यस्थल और शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। साथ ही वैकल्पिक साधनों की कमी के कारण उन्हें अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने जनहित को ध्यान में रखते हुए विधायक से मांग की है कि ऊंचाहार पैसेंजर ट्रेन को पुनः पहले की तरह रोज दोनों टाइम संचालित कराया जाए।

### अभियान चलाकर महिलाओं को किया जागरूक

**सलोन, अमृत विचार।** सोमवार को सलोन पुलिस की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत आयोजित किया गया। टीमों ने सार्वजनिक स्थानो का दौरा कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया है ।कोतवाली इंचार्ज पुष्पेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल हरकमलजीत कौर, ज्योति क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के जरिये जागरूक कर रही है। कार्यक्रम के माध्यम से शोषण, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध और, जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग को भगाने का लगाया आरोप

**तिलोई (अमेठी) :** मोहनगंज थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने मोहनगंज थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि मेरी 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री को बीते दिन रविवार की शाम करीब 7 बजे हरिराम पुत्र रमेश ग्राम पूरे बछिलन मौजा तामामऊ थाना जायस ने शादी का झांसा देकर कही भगा ले गए हैं। पीड़ित पिता ने लिखित शिकायत करते हुए पुत्री को बरामद करने व आरोपी पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि उक्त मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है जल्द ही युवती को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### मस्जिद के सामने खड़ी बाइक चोरी

**शुकुल बाजार (अमेठी) :** थाना क्षेत्र के जैनबगंज बाजार में मस्जिद के सामने खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार पूरे अंचली गांव निवासी पवन कुमार पुत्र प्रभुनाथ शनिवार की शाम करीब छह बजे जैनमगंज बाजार पहुंचे थे। उन्होंने अपनी हीरो कंपनी की मोटरसाइकिल मस्जिद के सामने खड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। आसपास काफी तलाश करने और लोगों से पूछताछ करने के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के बाद पीड़ित ने बाजार शुक्ल थाना पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी और बाइक चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कराई जा रही है, ताकि बाइक चोर का पता लगाया जा सके।

### 60 व्यापारियों के बने फूड लाइसेंस

**बछरावां (रायबरेली) :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमिक सोनी की अध्यक्षता में खाद्य पंजीकरण लाइसेंस शिविर लगाया गया। इसमें 60 व्यापारियों के खाद्य लाइसेंस बनाए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उदय राज मौर्य ने कहा कि फूड से संबंधित व्यापार करने वाले व्यापारियों को फूड का लाइसेंस अवश्य बनवाना चाहिए। इस लाइसेंस से व्यापार करने में पारदर्शिता बनी रहती है। इस मौके पर व्यापार मंडल से प्रदेश युवा उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, महामंत्री अमित वर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश सोनकर, महामंत्रीअंजनी गुप्ता, उपाध्यक्ष भूपेश कुशवाहा, राहुल वर्मा, अनूप वर्मा, शाहिद आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में पांच लोग घायल

**फुरसतगंज (अमेठी) :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजीव गांधी विमानन विश्वविद्यालय को जाने वाली सड़क पर तरौना गांव के पास रविवार रात करीब 10 बजे कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा पलट गया और उसमें सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान शिवकुमार मौर्य (42) पुत्र शिव नारायण निवासी नहर कोठी, चंदन सिंह (25) निवासी रामपुर, हंसराज (30) पुत्र संतलाल निवासी पूरे बाबा महमदपुर, विजय कुमार पुत्र विश्राम निवासी पूरे गंगा सिंह और महेश (45) पुत्र शिया राम के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एम्बुलेंस पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फुरसतगंज पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने महेश और विजय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शिकायतों को न रखा जाए लंबित: डीएम

## अमेठी की चारों तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 60 शिकायतें और 3 का हुआ निस्तारण

संवाददाता, अमेठी



जन शिकायत को सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद की चारों तहसीलों में सोमवार को जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मुसाफिरखाना में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां उन्होंने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों को लंबित न रखा जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना तथा संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तहसील मुसाफिरखाना में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील अमेठी में 22 शिकायतें आईं, जिनमें 1 का निस्तारण किया गया। वहीं तहसील तिलोई में 5 तथा तहसील गौरीगंज में 12 शिकायतें दर्ज की गईं। शेष शिकायतों के समाधान के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**मकान पर जबरन कब्जे का आरोप, न्याय की गुहार, जगतपुर (रायबरेली):** थाना क्षेत्र के पूरे हनुमान मजरे रामगढ़ टिकरिया गांव निवासी राजा राम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। उनका कहना है कि लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर टांघन स्थित रामचरन से सड़क किनारे जमीन खरीद कर उन्होंने मकान बनवाया। उनके मकान के पीछे गदागंज थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी एक युवक की जमीन है। आरोप है कि उक्त युवक ने अपने मकान का दरवाजा पीड़ित के मकान की ओर खोल दिया और जबरन अंदर घुसकर कब्जा कर लिया। इतना ही नहीं, मकान में लगे ताले को तोड़कर अपना ताला लगा दिया। पीड़ित ने मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे महतो मजरे थुलवासा निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि 16 मार्च को गांव के ही पप्पू पुत्र किरसन के परिवार के सत्येन्द्र, गीता व रोशनी ने मिलकर पुरानी रंजिश में उसके घर में घुसकर उसकी मां कलावती, पिता बाबूलाल व उसके भाई इंद्रेश कुमार पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में घायल मां कलावती, पिता व भाई को नाजुक हालत में एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित ने कोतवाल पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक रविकुमार के निर्देश पर महराजगंज पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मारपीट के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



एसपी को शिकायती पत्र देने जाता पीड़ित परिवार।

# भाजपा नेताओं ने मनाया पूर्व सांसद स्मृति ईरानी का जन्मदिन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद स्मृति ईरानी का जन्मदिवस अमेठी जनपद में मनाया गया। यह आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके दीर्घायु, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यालय परिसर में केक काटकर की गई। इसके बाद समीप स्थित बूढ़न माई मंदिर में प्रसाद वितरण हुआ। यह वितरण नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित किया गया। सभी उपस्थित जनों ने मां के चरणों में नमन किया।

उन्होंने दीदी के उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में हवन-पूजन हुआ। यह हवन मां कालिकन भवानी मंदिर में विधिवत आयोजित किया गया। इसमें कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने आहूति देकर सफलता की कामना की। उन्होंने दीदी के जीवन में निरंतर ऊर्जा और जनसेवा की भावना बनी रहने की प्रार्थना की। जनपद के कई अन्य क्षेत्रों में भी विशेष पूजन-अर्चन किया गया। इनमें तपेश्वर धाम, मुसाफिरखाना और दादरा स्थित मां हिंगलाज धाम शामिल हैं। अहोरवा भवानी मंदिर में भी पूजन कार्यक्रम हुए। मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इन आयोजनों में भाग लिया। सभी ने मां दुर्गा से दीदी के स्वस्थ, प्रसन्न और जनसेवा के मार्ग पर अग्रसर रहने की प्रार्थना की। यह आयोजन केवल एक जन्मदिवस का उत्सव मात्र नहीं था। यह जनसेवा, समर्पण और श्रद्धा का एक अद्भुत संगम भी रहा।



जन्मदिन मनाते भाजपा पदाधिकारी।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई लोहिया की जयंती



सपा कार्यालय पर कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती एवं शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लोहिया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया के विचार आज भी सामाजिक समानता, सामाजिक न्याय और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को दिशा देते हैं। जिला महासचिव अरशद अहमद ने कार्यकर्ताओं से लोहिया के सिद्धांतों को अपनाकर समाजहित में काम करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि लोहिया का जीवन संघर्ष, सादगी और जनसेवा का प्रतीक रहा है तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समतामूलक समाज की स्थापना संभव है। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) शशिकांत साहू ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। यहां चंद्रशेखर यादव, घनश्याम सिंह, मनीराम वर्मा, गुंजन सिंह, राकेश, सूबेदार यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब स्कूल में बच्चों के प्रवेश में बाधा नहीं बनेंगे आधार व जन्म प्रमाण पत्र

केशव बाजपेयी, अमेठी

- नए शैक्षिक सत्र को लेकर बीएसए ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** आगामी एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षिक सत्र 2026-27 में परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक संख्या में बच्चों के प्रवेश के लिए बड़ी राहत दी जा रही है। आगामी सत्र में नए प्रवेश के लिए आधार कार्ड और जन्म तिथि प्रमाण पत्र की बाधा नहीं रहेगी। शासन की ओर से जारी निर्देश के तहत अभिभावकों को इसके लिए छूट प्रदान की जाएगी।

इस बारे में बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि अभिभावकों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ही विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा। हालांकि यह व्यवस्था अभी परिषदीय विद्यालयों के लिए है। जबकि निजी स्कूलों को लेकर अलग से कोई गाइडलाइन नहीं जारी की गई है। उन्होंने बताया कि सभी प्रधानाध्यापकों और इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने ड्रॉपआउट और आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया है। अभियान के तहत एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसमें रैलियां, प्रभात फेरियां और दीवार लेखन के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस बार नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। अभिभावकों से अपील है कि वे अपने बच्चों का नामांकन नजदीकी विद्यालय में अवश्य कराएं।



बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी।

### अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम

**परिवार सर्वेक्षण :** शिक्षक अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और वंचित व कामकाजी बच्चों को चिह्नित कर उनका नामांकन कराएंगे।

**जनजागरुकता :** रैली, प्रभात फेरी और प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।

**बालिका शिक्षा :** शिक्षा से वंचित बालिकाओं को प्राथमिकता के आधार पर नामांकित किया जाएगा।

**दिव्यांग बच्चों के विशेष व्यवस्था:** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जाएगी।

**विद्यालय वातावरण :** स्कूलों को स्वच्छ और आकर्षक बनाकर नामांकन बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं आंगनबाड़ी से कक्षा एक, कक्षा पांच से छह और कक्षा आठ से नौ में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

# संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

खीरों (रायबरेली)



शिक्षिका डॉ. पूनम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को कस्बा खीरों के ब्लाक संसाधन केन्द्र के परिसर में निपुण भारत मिशन, जय विज्ञान-जय अनुसंधान के तहत ग्राम प्रधान/स्थानीय प्राधिकारी- निकाय के सदस्यों की ब्लाक स्तरीय शिक्षा संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके अलावां प्रभारियों ने सभी शिक्षा विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान सभी ग्राम प्रधानों और शिक्षकों ने प्राथमिक शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में आपरेशन कायाकल्प, डीबीटी, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, एमडीएम की गुणवत्ता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सभी ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने प्राथमिक शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का संकल्प लिया। इस दौरान लगातार तीसरी बार खीरों क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय डंडनपुर को निपुण घोषित किए जाने पर शिक्षिका डॉ. पूनम को बीईओ मुकेश कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष शिवराम सिंह, मण्डल अध्यक्ष सन्तोष पासवान, शिवराज पासवान, ग्राम प्रधान शिवाकांत, रामशरण पाण्डेय, इरशाद अली, मंगेश पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

# मनरेगा बचाओ चौपाल में गूंजी मजदूरों के अधिकार की आवाज

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम सभा हेवतहा नेवढिया अंतर्गत पूरे गिरधारी गांव में सोमवार को किसान कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित 'मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल' में मजदूरों के अधिकारों की जोरदार आवाज गूंजी। चौपाल की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष देवनाथ ने की।

मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रमाकांत सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों के लिए जीवन रेखा है, लेकिन इसकी मूल भावना को कमजोर किया जा रहा है। जिला महासचिव राकेश सिंह राना ने कहा कि मनरेगा का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाना और जरूरतमंदों को रोजगार की गारंटी देना था, लेकिन वर्तमान नीतियों के चलते योजना अपने मूल लक्ष्य से भटकती नजर आ रही है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में मजदूरों के काम के अधिकार की रक्षा के लिए संकल्पित है। उन्होंने मनरेगा में किए गए बदलावों को तत्काल वापस लेने, प्रत्येक मजदूर को काम और समय पर मजदूरी की गारंटी देने तथा न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन किए जाने की मांग उठाई। कार्यक्रम में छत्रपाल यादव, आशापाल सिंह, केके सिंह, राजकुमार पाल, इंद्रसेन, मनोज गुप्ता, राम खेलावन मौर्य, उमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### सर्वेश को मिला जयशंकर प्रसाद पुरस्कार

**संवाददाता, अमेठी/लखनऊ, अमृत विचार :** अमेठी के बहादुरपुर विकासखंड के ग्राम पीढ़ी निवासी सर्वेश कुमार मिश्र को उनके काव्य संग्रह "यथार्थ" के लिए राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रतिष्ठित जयशंकर प्रसाद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 22 मार्च को सीएमएस गोमती नगर में आयोजित अलंकरण-2026 समारोह में प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सर्वेश मिश्र को सम्मानित किया। सर्वेश कुमार मिश्र वर्तमान में उत्तर प्रदेश सचिवालय में निजी सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से गांव पीढ़ी में खुशी का माहौल है। यह गांव तपेश्वर नाथ महादेव मंदिर के लिए भी प्रसिद्ध है। इस मौके पर भवानी दत्त दीक्षित, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, मंदाकिनी शुक्ला, केशव शुक्ला, विनोद त्रिपाठी एवं अन्य ग्राम वासियों ने उनके पिता शिव शरण लाल मिश्र को बधाई दी। श्री मिश्र ने खुशी जाहिर करते हुए संस्थान का आभार व्यक्त किया।



सर्वेश मिश्र को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

### बीएमपीएस की शिक्षण कार्यशैली अद्वितीय : अमित

**लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 का कक्षा नर्सरी से कक्षा-9 एवं कक्षा -11 का वार्षिक रिपोर्ट-कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ लालगंज अमित सिंह ने कहा कि वास्तव में बैसवारा क्षेत्र में बीएमपीएस का अपना विशिष्ट स्थान है, यहां की कार्यशैली अद्वितीय है। नायब तहसीलदार लालगंज ऋषिकांत नागर ने भी विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकों और यहां की व्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रबंधक शांतनु सिंह ने बताया कि नवरात्रि पर प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश लेने वाली सभी बालिकाओं के प्रवेश शुल्क में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्रवण तिवारी ने किया। इस मौके पर प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह, प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन, जनसंपर्क अधिकारी यश बहादुर यादव, बीएन यादव, अर्चना सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, प्रशांत दुबे आदि लोग मौजूद रहे।



बच्चों को प्रमाण पत्र देते प्रबंधक शांतनु सिंह।

### नाम कटने पर ग्रामीणों का तहसील में प्रदर्शन

**अमेठी, अमृत विचार।** अमेठी के मई गांव में मतदाता सूची से 200 से अधिक लोगों के नाम काटे जाने की सूचना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सैकड़ों ग्रामीणों, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं, ने अमेठी तहसील पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी स्पष्ट सूचना या सत्यापन के उनके नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इससे वे अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए चिंताजनक है। गांव की महिलाओं ने बूथ लेवल अधिकारी पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में अपनी शिकायतें विस्तार से बताईं। उन्होंने कहा कि उन्हें नाम हटाने से पहले कोई सूचना नहीं दी गई थी। बिना किसी सत्यापन प्रक्रिया के उनके नाम हटा दिए गए हैं। उपजिलाधिकारी ने ग्रामीणों को मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। प्रशासन ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है।



विरोध-प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर महापद्मानंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) संग्रामपुर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं और समाजसेवियों ने भाग लेकर रक्तदान किया और मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अंशुमान सिंह रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिल सकता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। शिविर में सीएचसी प्रभारी डॉ. संतोष सिंह, राजीव सिंह तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बृजेश मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति के जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह शिविर देश के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और उनके साथियों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

### मनाई गई निषाद राज गुहा की जयंती

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के परम सखा निषाद राज गुहा की पावन जयंती के अवसर पर सोमवार को करुणेश्वर धाम, दुवरिया संघ में गंगा समग्र की ओर से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गंगा समग्र के पदाधिकारियों द्वारा भगवान करुणेश्वर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य राज बहादुर सिंह ने गंगा गीत का भावपूर्ण वाचन प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विपिन कुमार पांडे ने भगवान श्री राम और निषाद राज गुहा की अटूट मित्रता का अत्यंत मनोहारी प्रसंग सुनाया। उनके कथा वाचन से वहाँ मौजूद जनसमुदाय भाव-विभोर हो उठा। इसके बाद आदि गोमती नदी के किनारे बसे निषाद राज गुहा के वंशजों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर करुणेश्वर धाम मंदिर के व्यवस्थापक बृजराज सिंह तथा प्रधानाचार्य राज किशोर ने भक्तों का स्वागत किया।

**आयोजन**

**राही ब्लाक के झकरासी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक ने भक्त ध्रुव, प्रह्लाद, नर्सिंह अवतार का किया वर्णन**

# श्रीमद्भागवत कथा में धूमधाम से मना भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राही ब्लाक के झकरासी गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छतरपुर मध्य प्रदेश से पधारे राजनजी महाराज ने भक्त ध्रुव, प्रह्लाद, नर्सिंह औतार, समुद्र मंथन व मोहनी अवतार कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जगत को न देखो जगदीश्वर को देखो। शबरी की प्रतीक्षा और सती की परीक्षा व सूर्पनखा का वर्णन किया गया। नवधा भक्ति और भगवान कपिल जी की कथा सुनाई।

आयोजक यजमान निरुपमा शुक्ला पत्नी कृष्णा चंद्रमणि शुक्ला ने बताया कृष्ण जन्म धूमधाम से मनाया गया। भगवान के जन्मोत्सव पर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर जयशंकर वाजपेई, प्राचार्य एसएन सिंह, अनिल, अंजनी तिवारी, मानवेंद्र द्विवेदी, शांति सिंह, गुड़िया पांडे, शशि बाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।



कथा में प्रवचन देते व्यास पीठ राजनजी महाराज।

**ब्रह्म ही सत्य है, भागवत कथा जीवन सुधार का महान विज्ञान, रायबरेली:** शहर के इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित जी.एस. उत्सव लॉन में आयोजित साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कालाकांकर के सिद्धेश्वर आश्रम से पधारे प्रख्यात कथावाचक बाल ब्रह्मचारी (डंडी स्वामी) श्री आनंदाश्रम जी महाराज ने " पिबत भागवतम् रसमालयम् " की गूंज के बीच अपने ओजस्वी प्रवचनों उत्कंठ हृदय वाणी से श्रोताओं को आध्यात्मिक प्रस्तुति से भाव विभोर कर दिया। कथाव्यास बाल ब्रह्मचारी डंडी स्वामी जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मात्र श्रवण या मनोरंजन का विषय नहीं, बल्कि समाज के सुधार और व्यक्तित्व के उत्थान का दिव्य विज्ञान है। उन्होंने कहा कि भागवत के प्रत्येक श्लोक का मर्म वही समझ सकता है, जो भगवान श्रीकृष्ण के तत्व को जानता है।स्वामी आनंदाश्रम जी महाराज नेकहा कि भक्ति, ज्ञान,तप और वैराग्य से ही सृष्टि संचालित है।

उन्होंने जीवन में सजगता का संदेश देते हुए कहा कि अच्छे से अच्छे व्यक्ति भी भटक सकते हैं, वहीं बुरे से बुरे व्यक्ति में भी सुधार की अपार संभावनाएं रहती हैं। उन्होंने यज्ञ, ज्ञान और तप को सृष्टि का मूल आधार बताते हुए कहा कि इनका त्याग कभी नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद युवा समाजसेवी यश पांडेय एवं उनकी माता भारती पांडेय ने भी कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अमिताभ पांडेय 'रिंकू भैया' धर्मपत्नी पल्लवी पांडेय अपने बच्चों परिवार संग साथ में अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। मुख्य यजमान सुनीता शर्मा, मनोज शर्मा, पंडित ज्ञान शंकर तिवारी, रमाकांत मिश्रा, विकास मिश्रा, सदानंद शुक्ला 'पप्पू भैया', नित्यानंद शुक्ला, शिव प्रसाद मिश्रा, गोविंद मिश्र आदि रहे।

### श्रद्धा के साथ कन्या पूजन और भोज का आयोजन

**छतोह (रायबरेली) अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के पूरे पंडित, बभनपुर में आनंद सेवा न्यास के तत्वावधान में भक्ति और श्रद्धा के साथ कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और विधि-विधान से कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कन्याओं के चरण पूजकर उन्हें भोजन कराया गया और उपहार भेंट किए गए। वाचक मुकेश आनन्द की उपस्थिति रही। साथ ही कार्यक्रम में दिनेश सिंह संरक्षक, अनिरुद्ध सिंह महासचिव, भूपेंद्र सिंह प्रधान, संजय पाण्डेय, मनीष श्रीवास्तव, डब्लू श्रीवास्तव, संजय कौशल, देव प्रकाश पाठक, अंशुमान मिश्र, फूल चन्द्र दुबे, मनीष आदि मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

अमृत विचार

मंगलवार, 24 मार्च 2026



ज्ञान को केवल दिमाग से प्राप्त नहीं किया जा सकता है, इसे अनुभव से भी प्राप्त किया जाना चाहिए।
ओशो, दार्शनिक



# संकट विकट निकट है

तेल, गैस आपूर्ति के सुचारु रहने के आश्वासनों तथा सामान्य पेट्रोल, डीजल के दामों में बढ़ोतरी को कुशलतापूर्वक थामे रहने के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि विकट संकट निकट आता दिख रहा है। पश्चिमी एशिया में तनाव और युद्ध का चौथा सप्ताह शुरू हो चुका है और युद्ध की तीव्रता मंद पड़ने की बजाय और भी तीव्रतर होती जा रही है। चौथे हफ्ते की शुरुआत ईरान द्वारा इजराइल पर भीषण हमले के जवाब से हुई, जो इजराइल के उसके परमाणु संयंत्र पर आक्रमण का प्रत्युत्तर था। उधर अमेरिका ने धमकी दी है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोला गया, तो वह ईरान के तमाम ऊर्जा संयंत्रों, पावर प्लांट को तबाह कर देगा। जवाब में ईरान ने भी अमेरिका को खाड़ी के देशों में उनके खारे पानी को पीने योग्य बनाने वाले संयंत्रों को भारी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। हजारों किलोमीटर दूर डियागो गार्सिया पर ईरानी मिसाइल हमले के बाद यूरोप भी खौफजदा है, उसे लगता है कि लंदन और बर्लिन भी उसके निशाने पर आ सकते हैं। ब्रिटेन की परमाणु संचालित पनडुब्बी के अरब सागर में उतरने के बाद अब ब्रिटेन भी युद्ध में शामिल हो चुका है। ये सभी ऐसे संकेत हैं, जिससे लगता है कि शायद जंग जल्द खत्म नहीं होगी।

इस बीच डैम कैपिटल एडवाइजर्स की रिपोर्ट की चेतावनी चिंता बढ़ाने वाली है कि खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव और आशंकित व्यवधानों के चलते दुनिया के कई प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक आपूर्ति संकट खड़ा हो सकता है। यह संकट यदि दो महीने और चला तो भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापक मंदी की शिकार हो सकती है। रिपोर्ट में व्यक्त यह चिंता वाकई काबिले गौर है कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं तथा होर्मुज जलडमरूमध्य इसी तरह बाधित रहा, तो देश का राजकोषीय घाटा बुरी तरह बढ़ेगा और सल्फर, हिलियम, मेथेनॉल,एल्यूमीनियम जैसी वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होगी। रसायन, सेमीकंडक्टर तथा उर्वरक निर्माण उद्योग को गहरा धक्का लगेगा। साथ ही कृषि एवं खाद्य सुरक्षा पर भी बहुत बुरा असर दिखेगा। आम उपभोक्ता वस्तुओं के दाम भी बढ़ेंगे। तेल कीमतों की उछाल को नियंत्रित करने के लिए ऑल इंडिया डिस्टलर्स एसोसिएशन द्वारा पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण की आपूर्ति की पेशकश और इसे तीस फीसदी तक पहुंचाने की बात हो अथवा एथेनॉल से चलने वाली गाड़ियों और कुकिंग स्टोव के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करना, इस आसन्न संकट से निपटने के बहुत ठोस उपाय नहीं हैं और न ही अमेरिका से एलपीजी तथा रूस से कच्चे तेल लिए भारत पहुंचने वाले कुछ जहाज। अच्छी बात यह है कि भारत सरकार इस संकट के पूर्वानुमानों को लेकर सतर्क है। मंत्रालय ने कच्चे तेल की आपूर्ति के विकल्पों की तरफ देखा है और प्रधानमंत्री ने इस बात की सख्त ताकीद की है कि कालाबाजारी और जमाखोरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने गैस परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी देने के साथ ही उपभोक्ताओं और उद्योगों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने के संकेत दिए। उम्मीद है यह सतर्कता संकट समाधान का स्थायी कारक बनेगी।

## प्रसंगवश

# टीबीः 2026 में भी सिस्टम के लिए चुनौती

ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) आज भी समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। सरकार लगातार नए इनोवेशन, दवा रेजीमेन और प्रोटोकॉल के जरिए ज्यादा से ज्यादा संक्रमित लोगों तक बेहतर इलाज पहुंचाने की कोशिश कर रही है। इसके बावजूद, वर्ष 2030 के टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य को कई स्तरों पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को दोबारा शुरू किए जाने के बाद भी सिस्टमिक और सामाजिक बाधाएं बनी हुई हैं, खासकर 2025 के लक्ष्य से पीछे रह जाने के बाद। ज्यादा मरीजों वाले जिलों में व्यापक स्क्रीनिंग की आवश्यकता साफ दिखाई देती है। दूर-दराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित पहुंच के कारण डायग्नोसिस में देरी होती है, जिससे संक्रमण का फैलाव बढ़ता है। वहीं, प्राइवेट सेक्टर में कम रिपोर्टिंग भी एक बड़ी समस्या है, क्योंकि कई मरीज सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के दायरे में आ ही नहीं पाते।



डॉ. राजेंद्र प्रसाद
वाइस चेयरमैन
नेशनल टीबी टास्क फोर्स

सामाजिक और आर्थिक कारक भी टीबी के प्रसार में अहम भूमिका निभाते हैं। कुपोषण, गरीबी व भीड़भाड़ जैसी परिस्थितियां, खासकर प्रवासी मजदूरों और कमजोर वर्गों में इस बीमारी को बढ़ावा देती हैं। इन चुनौतियों के बीच, पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। यह बदलाव केवल नई योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि टीबी को समझने और उससे निपटने के तरीके में परिवर्तन को दर्शाता है। घर-घर जाकर जांच, कमजोर वर्गों की पहचान व फ्रंटलाइन वर्करों की सक्रिय भागीदारी से मरीजों की समय पर पहचान संभव हो रही है। इसका परिणाम यह रहा कि वर्ष 2025 में 6.90 लाख टीबी मरीजों की पहचान की गई, जो निर्धारित लक्ष्य 6.75 लाख से अधिक है। डायग्नोसिस और उपचार में तकनीकी प्रगति ने इस अभियान को और मजबूती दी है। एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें दूरस्थ क्षेत्रों में संदिग्ध मरीजों की तुरंत पहचान कर रही हैं। मॉलिक्यूलर टेस्टिंग से जांच की सटीकता बढ़ी है, जबकि ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए छोटे और पूरी तरह मौखिक इलाज ने उपचार अवधि को लगभग दो साल से घटाकर 6-9 महीने कर दिया है। इससे मरीजों में इलाज का पालन बेहतर हुआ है और मृत्यु दर में कमी आई है। प्रिवेंटिव थेरेपी का विस्तार भी खासकर उच्च जोखिम समूहों में संक्रमण को रोकने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

उत्तर प्रदेश में अब तक 1.83 लाख से अधिक निक्षय मित्र पंजीकृत हो चुके हैं। बुलंदशहर जैसे जिलों में संस्थाओं द्वारा सभी टीबी मरीजों को गोद लेने जैसी पहलें भी सामने आई हैं। ग्राम स्तर पर भी व्यापक भागीदारी देखने को मिल रही है। 20,000 से अधिक ग्राम प्रधानों ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में योगदान दिया है और हजारों पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। मोबाइल डायग्नोस्टिक वैन, हैंडहेल्ड एक्स-रे और एआई तकनीक के उपयोग से दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है। साथ ही, नियमित वल्नरेबिलिटी मैपिंग और एक्टिव केस फाइंडिंग से जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2030 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब स्वास्थ्य शिक्षा पर और अधिक जोर देना आवश्यक है। लोगों में जागरूकता बढ़ाकर ही टीबी के प्रति भय और कलंक को खत्म किया जा सकता है। साथ ही, जांच के लिए आवश्यक रीएजेंट और दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है। सामुदायिक भागीदारी, तकनीकी नवाचार और मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली के संयुक्त प्रयासों से ही भारत को टीबी मुक्त बनाने का सपना साकार हो सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# युद्ध की तपिश से भारत भी सशंकित





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

अमेरिका व इजराइल का ईरान के साथ युद्ध अब भयावह हो चला है। विगत 28 फरवरी से ही वे एक दूसरे के सैन्य ठिकानों पर बम बरसा रहे हैं। युद्ध से तीनों देशों के धन-जन को काफी क्षति भी पहुंच रही है। इसकी विभीषिका का प्रभाव विश्व की समेकित ऊर्जा पर पड़ता दिख रहा है। इसके प्रत्यक्ष असर से भारत भी अछूता नहीं है। कच्चे तेल व एलपीजी (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) का एक बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते भारत के समुद्र तटीय क्षेत्रों में बड़े जहाजों से आता है। होर्मुज ईरान व ओमान के मध्य स्थित करीब 33 किमी का महत्वपूर्ण संकरा समुद्री गलियारा दुनिया के करीब 25 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस के निर्यात का प्रमुख मार्ग है। वर्तमान में भारत के करीब 24 जहाज वहां फंसे हुए हैं। एलपीजी व कच्चे तेल से लदे उक्त जहाज यदि जल्द नहीं आएं तो यहां के विनिर्माण, परिवहन, खाद्य उत्पादन के अलावा ऊर्जा क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना तय। यहां वस्तुओं की कीमतें तो प्रभावित होंगी ही, उत्पादन व रोजगार पर भी खासा प्रभाव पड़ेगा।

अपनी जरूरत का करीब 89 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करने वाला भारत क्या इससे यथाशीघ्र उबर पाएगा? यक्ष प्रश्न यह भी कि संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ प्रत्येक भारतीय अपनी जिम्मेदारी को क्या बखूबी निभा रहा है? अमेरिका की दादागिरी ने समूचे विश्व के आर्थिक तंत्र को झकझोर कर रख दिया है। करीब साढ़े 11 हजार किमी दूर ईरान से भला अमेरिका को किस बात का खतरा है कि वह इजराइल के साथ मिलकर उसे नेस्तनाबूद करने को युद्ध कर रहा? इसे गहराई से जानने के लिए अमेरिका का वेनेजुएला के कच्चे तेल भंडारों पर कब्जा तथा ग्रीनलैंड को हथियाने की उसकी मंशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अमेरिका द्वारा खेला जा रहा तेल का खेल वास्तव में वैश्विक बाजार पर आधिपत्य का ही है। ईरान पर उसका हमला मध्य-एशिया में अमेरिकी प्रभाव में वृद्धि का ही है। ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम को इस युद्ध ने कमजोर करने का काम किया है। क्योंकि कच्चे तेल से निर्मित पेट्रोलियम पदार्थों के निर्यात में भारत का स्थान विश्व में चौथा है। यदि इसे सुचारु रूप से कच्चा तेल नहीं मिल पाएगा, तो हमारी रिफाइनरियों का क्या होगा? तेज रफ्तार से बढ़ती हमारी अर्थव्यवस्था क्या गतिमान रह पाएगी? यह आने वाला समय ही बता पाएगा।

> अपनी जरूरत का करीब 89 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करने वाला भारत क्या इससे यथाशीघ्र उबर पाएगा? यक्ष प्रश्न यह भी कि संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ प्रत्येक भारतीय अपनी जिम्मेदारी को क्या बखूबी निभा रहा है?

हमारे देश के लोग बिना कुछ सोचे-समझे राशनिंग को ढाल बनाने लगते हैं। सामान्य दिनों में यहां एलपीजी की औसत बुकिंग करीब 55 लाख सिलेंडर प्रतिदिन है, लेकिन कुछ गत कुछ दिनों में बुकिंग बढ़कर करीब 76 लाख सिलेंडर प्रतिदिन हो गई। आपदा में अवसर ढूंढने वाले स्वार्थी किस्म के लोगों को क्या यह नहीं समझना चाहिए कि कच्चा तेल और एलपीजी भारत बड़े पैमाने पर आयात करता है? कालाबाजारी से तो उसके ही बंधु-बांधव प्रभावित होंगे। देश में करीब 25 हजार गैस वितरक हैं। जाहिर है, इसमें कुछ राशनिंग को बढ़ावा देने वालों को लाभ देते हों, लेकिन संकटकाल के इस दौर में उन्हें भी ईमानदारी और पारदर्शिता दिखानी होगी। उक्त ईंधनों के असमान वितरण तथा पैनिक पैटर्न से हमें बचना ही होगा।

आम भारतीयों की सुविधा के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गत दिनों नियमित आवंटन से इतर करीब 48 हजार किलोलीटर अतिरिक्त केरोसीन का आवंटन कर दिया है। अपनी भूमिका को और सक्रिय करते हुए भारत सरकार के वन मंत्रालय और कोयला मंत्रालय ने भी चुनौती से निपटने को कमर कस ली है। युद्ध की विभीषिका के मध्य सरकार व प्रत्येक भारतीय को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि कच्चे तेल व एलपीजी का हमारे यहां विकल्प क्या हो सकता है? क्योंकि भारत में दोनों ईंधन बहुतायत में आयात किया जाता है। आत्मनिर्भर होकर अपनी ऊर्जा संप्रभुता की सुलभ राह खोजनी होगी। उक्त राह हमारे खेतों, गोशालाओं व हमारी उस परंपरा में छिपी है, जिसे हमने आधुनिकता की आड़ में पीछे धकेल दिया है। हमें अपने उपलब्ध पशुधन का उपयोग कर प्रतिवर्ष 60 हजार करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन बचाना होगा। आंकडे बताते हैं कि देश के पशुधन में 21,924 अरब किलोवाट ऊर्जा प्रतिवर्ष उत्पन्न करने की क्षमता है। अफसोसजनक यह कि हम उसका केवल 25 प्रतिशत भाग ही उपयोग कर पा रहे हैं।

यह भी जान लें कि एक देसी बैल की जोड़ी प्रतिवर्ष 247 लीटर डीजल का स्थान लेती है। पशु अपशिष्ट व कृषि अवशेषों से बायोगैस के रूप में तीन हजार से अधिक टेराजूल प्रतिदिन ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है, जो देश के 55 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्षम है। भारत के करीब 65 प्रतिशत घरों में भोजन बनाने को लकड़ी व उपलों का प्रयोग आज भी किया जाता है। हमारे लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि ऊर्जा की असली सुरक्षा किसी आयात समझौते में नहीं, अपितु अपनी मिट्टी, पेड़-पौधे, जीव-जंतु और अपने पशुधन में है। अपेक्षा यह है कि हम उस 75 प्रतिशत ऊर्जा क्षमता को पहचानें और तेल संपन्न देशों की निर्भरता से पार पाएं। हमें बायोगैस संयंत्रों का भी विस्तार करना होगा। हमें किसानों में भी विश्वास भरना होगा कि भारत की ऊर्जा संप्रभुता उसके अपने खेतों में ही है। युद्ध ने हमें सशंकित तो किया है, तो आ अब लौट चलें... की तर्ज पर हम अपनी परंपरागत ऊर्जा का पूर्व की भांति उत्पादन करें। इसका संरक्षण कर आत्मनिर्भर बनें। ऐसा कर लेने के पश्चात न तो हम अमेरिका, रूस, ईरान पर निर्भर रहेंगे न ही वैश्विक युद्ध से सशंकित।

## आमने सामने



भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से कितनी भी बाधाएं लगाए, कुछ भी कर ले, लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार को ही चुनेगी। पश्चिम बंगाल में हर स्तर पर ममता बनर्जी ने काम किया है। ऐसे में ममता की ही सरकार वहां फिर से बनेगी।

-अखिलेश यादव,
पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

अखिलेश यादव तो बिहार में तेजस्वी यादव को भी जिता रहे थे और अब वैसे ही वे पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को जिता रहे हैं। जिस तरह अखिलेश यादव के प्रचार के कारण तेजस्वी यादव हारे थे, अब वैसे ही ममता बनर्जी भी चुनाव हारेंगी।

-केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



# युद्ध के बीच भारत में ऊर्जा आपूर्ति पर्याप्त व सुरक्षित



राजीव जैन
पूर्व महानिदेशक
पीआईबी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बाधाओं ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को गहरे संकट में डाल दिया है। यह वही समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के बड़े हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। हालात इतने गंभीर हैं कि एशिया के कई देशों में ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई है और कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है और उसका एक बड़ा भाग इसी मार्ग से आता है। इसके बावजूद, भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता व्यापक स्तर पर सामान्य बनी हुई है। यह स्थिति किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, सक्रिय कूटनीति और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कुशल प्रबंधन का परिणाम है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव के कारण तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हुई है।

कई देशों को आपूर्ति संकट और कीमतों के झटके झेलने पड़े हैं, लेकिन भारत ने समय रहते अपने आयात स्रोतों और आपूर्ति श्रृंखला को पुनर्संतुलित किया। सरकार ने स्पष्ट किया कि देश में ऊर्जा आपूर्ति "पर्याप्त और सुरक्षित" है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। भारत की ऊर्जा नीति का सबसे मजबूत आधार है स्रोतों का विविधीकरण। आज हमारा देश केवल खाड़ी देशों पर निर्भर नहीं है, बल्कि रूस, अमेरिका, ब्राजील और अफ्रीका के कई देशों से तेल आयात कर रहा है। हाल के घटनाक्रम में यह भी देखा गया कि रूस और अन्य वैकल्पिक स्रोतों से आयात बढ़ाकर भारत ने आपूर्ति संतुलन बनाए रखा। सरकार के प्रयासों से अब लगभग 70 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाहर के मार्गों से किया जा रहा है, जिससे जोखिम काफी कम हुआ है। मजबूत भंडार और मजबूत रिफाइनिंग क्षमता के कारण भारत ने इस संकट से पहले ही अपनी रणनीतिक तैयारी मजबूत कर ली थी। देश के पास कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं, जो अल्पकालिक झटकों को संभालने में सक्षम हैं। साथ ही, भारत की मजबूत रिफाइनिंग क्षमता जो दुनिया में अग्रणी है, घरेलू मांग को पूरा करने के साथ अतिरिक्त उत्पादन की भी क्षमता रखती है। संकट के दौरान सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें तेल कंपनियों को घरेलू मांग को प्राथमिकता देने के निर्देश, रिफाइनरियों को अधिकतम उत्पादन बढ़ाने के आदेश के अलावा एलपीजी आपूर्ति को घरेलू उपयोग के लिए प्राथमिकता देना तथा रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए डेटा साझा करने की व्यवस्था की गई है। इन कदमों से यह सुनिश्चित हुआ कि संकट का असर आम नागरिक तक न्यूनतम पहुंचे। रसोई गैस की कोई परेशानी आम आदमी को कतई न होने पाए इसका व्यापक प्रबंध किया गया है।

> कई देशों को आपूर्ति संकट और कीमतों के झटके झेलने पड़े हैं, लेकिन भारत ने समय रहते अपने आयात स्रोतों और आपूर्ति श्रृंखला को पुनर्संतुलित किया।

पीएम मोदी ने गत दिनों कहा भी था कि भारत में एलपीजी की स्थिति को लेकर दहशत फैलाने वालों से देशवासियों को सतर्क रहना चाहिए। झूठी सूचना फैलाने वाले न केवल जनता के सामने अपनी पोल खोल रहे हैं, बल्कि देश को भी नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि वे ऐसे समय में कालाबाजारियों और जमाखोरों को रोकने के लिए अपनी निगरानी सख्त कर दें। इसी बीच सरकार की ओर से घोषणा की गई है कि राज्यों को एलपीजी के विकल्प के रूप में 48 हजार किलोलीटर अतिरिक्त केरोसिन आवंटित कर दिया गया है। शहरी क्षेत्रों के लिए दो एलपीजी सिलेंडर बुक करने के बीच की अंतरिम अवधि 25 दिन ही रहेगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इसे बढ़ाकर 45 दिन कर दिया गया है। एलपीजी के मोर्चे पर स्थिति सबसे चुनौतीपूर्ण रही, क्योंकि भारत अपनी बड़ी आवश्यकता आयात से पूरी करता है। फिर भी सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी, औद्योगिक उपयोग में अस्थायी कटौती की और वैकल्पिक आयात बढ़ाकर आपूर्ति संतुलित रखी। मूल्य स्थिरता से आम उपभोक्ता को राहत दी गई है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद भारत में कीमतों को नियंत्रित रखने का प्रयास किया गया। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ा। पीएम मोदी ने बार-बार स्पष्ट किया है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है।

इसी दृष्टिकोण के तहत भारत ने तीन प्रमुख स्तंभों पर काम किया। पहला, आपूर्ति का विविधीकरण, दूसरा रणनीतिक भंडारण तथा तीसरा वैकल्पिक ऊर्जा इथेनॉल व गैस आधारित वैकल्पिक ऊर्जा की व्यवस्था। जब दुनिया के कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, भारत ने संतुलित नीति, समयबद्ध निर्णय और मजबूत प्रशासनिक समन्वय के जरिए स्थिति को संभाला है। उक्त उदाहरण दर्शाते हैं कि यदि नेतृत्व स्पष्ट हो, नीति दूरदर्शी हो और निर्णय समय पर लिए जाएं, तो सबसे बड़ी वैश्विक चुनौतियों को भी प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने यह सिद्ध किया है कि संकट के समय भी आम नागरिक का हित सर्वोच्च प्राथमिकता रह सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# युद्ध का परिणाम

युद्ध जीवन और प्रकृति का विनाश कर रहा है, चारों ओर आग की लपटें और धुआं हैं, चारों ओर हाहाकार हो रहा है, लेकिन तृष्णा का अंत अभी भी नहीं दिख रहा है, संसार के नेता टुकुर-टुकुर देख रहे हैं, विश्वजनमत सो रहा है, संयुक्त राष्ट्र की भावना मूर्च्छित है। सभ्यता हार रही है और बर्बरता जीत रही है। विवेक सो रहा है और अविवेक का नशा सिर पर चढ़ गया है। महायुद्ध नहीं है, किंतु जो विध्वंस प्रतिदिन हो रहा है, वह कुछ कम नहीं है। यह कहीं पर से भी विश्व के कल्याण के लिए सही नहीं ठहराया जा सकता है।



डॉ. राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी
वरिष्ठ लेखक

यह सब जो हो रहा है, वह एकाएक नहीं हो रहा है, इसका कारण संसार की वह राजनीति है, जो अभी तक अंदर ही अंदर चल रही थी और अभी भी चल रही है, यह अंदर ही अंदर सुलगने वाली उस राजनीति का विस्फोट है। भले ही वह मजहबी उन्माद की राजनीति हो या आर्थिक साम्राज्यवाद की राजनीति हो। मजहबी आतंक कट्टरता और संकीर्णता की संतान है, तो बाजारवाद, आर्थिक साम्राज्यवाद का आतंक तृष्णा और प्रभुता का विस्फोट है, वह इंसान और प्रकृति दोनों एको कच्चा माल समझता है। अभिमान का कैसा मद है कि वह कह रहा है कि इस देश का नाम दुनिया के नक्शे से मिटा देंगे। पर्यावरण प्रदूषण का संकट इसी अविवेक और जड़ता का परिणाम है, जिसकी वजह से जलवायु परिवर्तन देखने को मिल रहा है। राजनीति का पतन हुआ है कि वह दायरों को देख रही है, किंतु मनुष्य को नहीं देख पा रही है। दुष्ट प्रकृति के लोग युद्ध में भी व्यक्तिगत स्वार्थ या लाभ देख रहे हैं। वे लोग युद्ध से भी मुनाफा कमाएंगे। यदि ऐसा न होता, तो शायद युद्ध ही न होता और यदि युद्ध होता, तो अब तक युद्ध के विरुद्ध जनमत खड़ा हो जाता।

यह सही है कि तकनीकी और विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है, मौसम की सटीक भविष्यवाणी प्रतिदिन आ जाती है, अब कोई तकनीकी और विज्ञान संसार के राजनेताओं को इस युद्ध का परिणाम समझा सके तो बहुत अच्छी बात होगी। युद्ध में हारने वाला तो हारेगा ही, जीतने वाला भी हारेगा, किंतु सबसे बड़ी हार तो मनुष्य और मनुष्यता की होगी। सामान्य जन की जिंदगी और अधिक कठिन हो जाएगी।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# वैश्विक शक्ति के रूप में उभरता ईरान

अमेरिका और इजराइल के ईरान के विरुद्ध जारी युद्ध को 24 दिन पूरे हो चुके हैं। जैसे-जैसे यह संघर्ष आगे बढ़ रहा है, ईरान की शक्ति के विविध आयाम स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। इस जंग में ईरान कूटनीतिक, सैनिक, भू-राजनीतिक तथा तकनीकी स्तर पर अमेरिका और इजराइल की अपेक्षाओं के विपरीत अधिक प्रभावशाली दिखाई दे रहा है। अमेरिकी हवाई हमलों और बमबारी के जवाब में ईरान ने पूरे मध्य-पूर्व में अमेरिकी ठिकानों, तेल-गैस रिफाइनरियों और आधारभूत ढांचे को निशाना बनाया है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर पड़ा है।

ईरान की आक्रामक सैन्य और मिसाइल क्षमता यह संकेत देती है कि उसके पास अत्याधुनिक हथियारों का भंडार और उन्नत तकनीक मौजूद है। उसकी मिसाइलों की मारक क्षमता लगातार बढ़ती दिख रही है। तेहरान से हजारों किलोमीटर दूर तक हमले की क्षमता प्रदर्शित कर उसने यह स्पष्ट किया है कि उसकी पहुंच यूरोप तक हो सकती है। यह केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को चुनौती देने का संकेत भी है। रणनीतिक दृष्टि से होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान का सबसे बड़ा हथियार बनकर उभरा है। इस मार्ग पर उसकी पकड़ ने विश्व शक्तियों को यह अहसास कराया है कि ऊर्जा आपूर्ति के प्रमुख मार्गों पर नियंत्रण कितना निर्णायक हो सकता है। तेल और गैस के परिवहन में बाधा आने से अनेक देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है और इसका असर आम नागरिकों के दैनिक जीवन तक पहुंच रहा है।



बीना नयाल
शिक्षिका, हल्द्वानी

यह संघर्ष भले ही ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच है, लेकिन इसकी तपिश पूरी दुनिया महसूस कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और विभिन्न देशों के रुख से भी यह स्पष्ट है कि वे प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में शामिल होने से बचना चाहते हैं। कई राष्ट्र मध्यस्थता की भूमिका निभाने के लिए सक्रिय हैं, क्योंकि उनका प्राथमिक उद्देश्य ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। युद्ध के चलते ईरान अब एक मजबूत सौदेबाजी की स्थिति में पहुंचता दिखाई दे रहा है। उस पर लगे आर्थिक और सैन्य प्रतिबंधों को हटाने की दिशा में परिस्थितियां उसके पक्ष में बन रही हैं। साथ ही, तेल व्यापार को वैकल्पिक मुद्राओं में करने की उसकी रणनीति वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, विशेषकर डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देती है। इससे अमेरिका की आर्थिक और कूटनीतिक स्थिति पर दबाव बढ़ सकता है। इस युद्ध ने यह भी दिखाया है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों का नहीं, बल्कि आर्थिक, तकनीकी और मनोवैज्ञानिक शक्ति का भी होता है। लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है और कई देशों की विकास यात्रा को पीछे धकेल सकता है। वर्तमान परिस्थितियों में दोनों पक्षों का कठोर रुख युद्धविराम की संभावनाओं को जटिल बना रहा है। स्थिति यदि और बिगड़ती है, तो यह संघर्ष व्यापक और विनाशकारी रूप ले सकता है। ऐसे में केवल वही देश प्रभावी मध्यस्थ बन सकते हैं, जिनकी विदेश नीति संतुलित, विश्वसनीय और शांति पर आधारित रही है। यह युद्ध केवल भू-राजनीतिक वर्चस्व का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान, रणनीतिक हितों और वैश्विक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला, तो इसके परिणाम दूरगामी और अत्यंत गंभीर हो सकते हैं।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# धोपेश्वर नाथ मंदिर

## ऐतिहासिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संगम

बरेली की आध्यात्मिक पहचान जिन कुछ प्राचीन तीर्थस्थलों से निर्मित होती है, उनमें धोपेश्वर नाथ मंदिर का स्थान अत्यंत विशिष्ट, प्राचीन और श्रद्धा से परिपूर्ण है। यह केवल एक शिव मंदिर नहीं, बल्कि समय, साधना, लोकआस्था, इतिहास और सांस्कृतिक निरंतरता का जीवंत केंद्र है। इस मंदिर के प्रांगण में प्रवेश करते ही एक ऐसा अनुभव होता है मानो अनेक शताब्दियों की आराधना आज भी वातावरण में स्पंदित हो रही हों। मंदिर की घंटियों की ध्वनि, शिवलिंग पर निरंतर चढ़ता जल, धूप की सुगंध, प्राचीन वृक्षों की छाया और भक्तों की मौन प्रार्थनाएं इस स्थल को एक अद्वितीय दिव्यता प्रदान करती हैं। धोपेश्वर नाथ केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि बरेली की आत्मा में बसने वाला वह आध्यात्मिक केंद्र है, जहां पीढ़ियां अपनी आशा, आस्था और भावनाएं समर्पित करती रही हैं।



डॉ.तनु जैन
सीईओ, बरेली छावनी



### मंदिर से जुड़ी कथा

*धोपेश्वर नाथ मंदिर से जुड़ी एक अत्यंत भावनात्मक कथा केदार नाथ टंडन की भी है, जो आज भी भक्तों में श्रद्धा से सुनाई जाती है। वे एक साधारण मुनीम थे, जो प्रतिदिन मंदिर आकर भगवान शिव के समक्ष अपनी जीवन की कठिनाइयां रखते थे। एक दिन एक संत ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि उनकी भक्ति शीघ्र ही उन्हें सामान्य जीवन से उठाकर समृद्धि के उच्च स्तर पर ले जाएगी। कुछ समय बाद उन्हें असम जाकर व्यापार प्रारंभ करने का अवसर मिला। वहां वे अत्यंत सफल हुए, किंतु समृद्धि के बीच भी उनका मन धोपेश्वर नाथ से जुड़ा रहा। वे प्रत्येक श्रावण मास में बरेली आकर दर्शन करते, दान देते, भंडारा कराते और अंततः असम में भी धोपेश्वर नाथ नाम से शिवलिंग स्थापित कर मंदिर बनवाया। यह कथा आज भी इस मंदिर को "जीवन बदलने वाली कृपा" के रूप में प्रतिष्ठित करती है।*



### पांचाल भूभाग का हिस्सा

स्थानीय परंपराओं और जनश्रुतियों के अनुसार इस मंदिर की पौराणिक जड़ें प्राचीन पांचाल राज्य से जुड़ी मानी जाती हैं। यह संपूर्ण क्षेत्र महाभारत कालीन पांचाल भूभाग का हिस्सा माना जाता है, जहां राजा द्रुपद का राज्य था और जहां से उनकी पुत्री द्रौपदी का गौरवशाली इतिहास जुड़ता है। लोकमान्यता है कि अपने जीवन के संघर्षपूर्ण समय में द्रौपदी ने इस क्षेत्र में स्थित शिवस्थलों पर भगवान शिव की उपासना की थी और धोपेश्वर नाथ में जल, पुष्प और श्रद्धा अर्पित कर अपने जीवन के लिए शक्ति, संरक्षण और न्याय की प्रार्थना की थी। यह कथा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि स्त्री-शक्ति, धैर्य और आंतरिक सामर्थ्य का प्रतीक भी बन चुकी है। आज भी अनेक महिलाएं यहां आकर यह अनुभव करती हैं कि द्रौपदी की भांति यहां की प्रार्थना जीवन को संबल देती है। धोपेश्वर नाथ इस दृष्टि से वह स्थल बन जाता है, जहां शिव केवल देवता नहीं, बल्कि पीड़ा को सुनने वाले करुणामय साक्षी बन जाते हैं।

### नाथ परंपरा

मंदिर की प्राचीनता को स्थानीय स्तर पर प्राप्त कुछ पुरातात्विक संकेत भी पुष्ट करते हैं। मंदिर परिसर और उसके आसपास समय-समय पर प्राचीन शिलाखंड, पुरानी मूर्तियों के अवशेष तथा पत्थर पर उत्कीर्ण आकृतियां प्राप्त होने की बातें स्थानीय लोगों द्वारा कही जाती रही हैं। इन अवशेषों की शैली यह संकेत देती है कि यह क्षेत्र संभवतः किसी प्राचीन मंदिर समूह अथवा आध्यात्मिक संरचना का भाग रहा होगा। यद्यपि इस क्षेत्र में व्यापक वैज्ञानिक उत्खनन सीमित है तथापि स्थानीय स्मृतियों में सुरक्षित ये पुरातात्विक चिह्न यह बताते हैं कि धोपेश्वर नाथ की आराधना केवल कुछ पीढ़ियों पुरानी नहीं, बल्कि अनेक कालखंडों को पार करती हुई वर्तमान तक पहुंची है। धोपेश्वर नाथ का महत्व केवल पौराणिक नहीं, बल्कि नाथ परंपरा के कारण भी अत्यंत विशिष्ट है। बरेली क्षेत्र लंबे समय से साधना, योग और तपस्या की भूमि माना जाता रहा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार यहां धूम्र ऋषि जैसे महात्माओं ने तप किया और बाद में उनके शिष्यों ने इस क्षेत्र को साधना-केंद्र के रूप में विकसित किया। जहां आज आर. एन. टैगोर इंटर कॉलेज स्थित है, उस क्षेत्र को भी कभी ऋषियों की तपोभूमि माना जाता है। कहा जाता है कि यहां आश्रम थे, जहां दूर-दूर से विद्यार्थी शिक्षा और अनुशासन ग्रहण करने आते थे। साधना और शिक्षा का यह अद्भुत संगम इस क्षेत्र को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाता है।



### बाबा हरदेव तालाब

स्थानीय परंपरा में बाबा हरिहर देव का उल्लेख विशेष श्रद्धा से किया जाता है। कहा जाता है कि उन्होंने अपने गुरु की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यहां एक विशाल आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। विद्यार्थियों के लिए तालाब बनवाया गया, जिसके चारों ओर 108 पीपल के वृक्ष लगाए गए। यह तालाब आज भी बाबा हरदेव तालाब के रूप में स्मृतियों में जीवित है। इसके आसपास आम, अमरूद, कटहल, जामुन, अंजीर, केला आदि के वृक्ष लगाए गए, जिससे यह क्षेत्र प्रकृति और आध्यात्मिकता का सुंदर संगम बन गया। यह बताता है कि यहां केवल पूजा नहीं होती थी, बल्कि जीवन को संतुलित, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाने की व्यवस्था भी थी।





### नाथ नगरी कॉरिडोर

वर्तमान समय में धोपेश्वर नाथ मंदिर बरेली के सबसे सक्रिय आध्यात्मिक केंद्रों में से एक है। महाशिवरात्रि और श्रावण मास में यहां विशाल जनसमूह उमड़ता है। भक्त दूर-दूर से गंगाजल लेकर आते हैं। मंदिर परिसर में "हर हर महादेव" की गूंज, शिव स्तुति, रुद्राभिषेक और भक्ति का प्रवाह वातावरण को अत्यंत दिव्य बना देता है। अनेक परिवार पीढ़ियों से यहां आकर अपने बच्चों को भी इस परंपरा से जोड़ते हैं। हाल के वर्षों में मंदिर का महत्व और अधिक बढ़ा है, क्योंकि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अनेक प्राचीन धार्मिक स्थलों को समग्र विकास से जोड़ने का प्रयास हुआ है। इसी क्रम में बरेली के लिए नाथ नगरी कॉरिडोर की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण बनकर उभरी है। इस कॉरिडोर का उद्देश्य केवल मंदिर तक पहुंच बनाना नहीं, बल्कि नाथ परंपरा से जुड़े प्रमुख स्थलों, मंदिरों, प्राचीन तालाबों, मार्गों और सांस्कृतिक बिंदुओं को एक समग्र आध्यात्मिक धारा में जोड़ना है। नाथ नगरी कॉरिडोर के अंतर्गत धोपेश्वर नाथ मंदिर का विशेष स्थान माना जा रहा है, क्योंकि यह बरेली की प्राचीन शिव परंपरा का केंद्रीय स्थल है। यदि यह परियोजना पूर्ण रूप से विकसित होती है, तो मंदिर क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, पारंपरिक शैली की प्रकाश व्यवस्था, तीर्थयात्री सुविधाएं, विरासत-उन्मुख मार्ग, सांस्कृतिक सूचना पट्ट और पर्यावरणीय संरक्षण जैसे अनेक कार्य संभव होंगे। इससे बरेली की आध्यात्मिक पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त होगी।

### जीवित विश्वास का मंदिर

वर्तमान समय में स्थानीय प्रशासनिक दृष्टि से भी इस क्षेत्र के प्रति संवेदनशीलता बढ़ी है। डॉ. तनु जैन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बरेली छावनी, द्वारा आसपास के सांस्कृतिक और विरासत-संबद्ध स्थलों को गरिमा और स्वच्छता के साथ विकसित करने की दृष्टि इस व्यापक विरासत चेतना से जुड़ती है। यह समझ अत्यंत महत्वपूर्ण है कि किसी मंदिर की पवित्रता केवल उसके गर्भगृह तक सीमित नहीं होती, उसके आसपास का वातावरण, स्वच्छता, हरियाली और सार्वजनिक गरिमा भी उसकी आध्यात्मिक अनुभूति को गहरा करती है। धोपेश्वर नाथ मंदिर आज केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान की जीवंत आस्था और भविष्य की सांस्कृतिक दिशा है। यहां द्रौपदी की मौन प्रार्थना की कल्पना है, ऋषियों की तपस्या है, नाथ संतों की साधना है, साधारण भक्तों की बदली हुई नियति है, प्राचीन मूर्तियों की मौन गवाही है और आधुनिक समय की नई आध्यात्मिक पुनर्स्थापना की संभावना है। जब कोई भक्त शिवलिंग के सामने खड़ा होकर जल अर्पित करता है, तब वह केवल पूजा नहीं करता-वह स्वयं को शताब्दियों पुरानी उस आस्था से जोड़ देता है, जो पीढ़ियों से यहां प्रवाहित हो रही है। यही धोपेश्वर नाथ की सबसे बड़ी शक्ति है। यह मंदिर केवल पत्थरों का नहीं, बल्कि जीवित विश्वास का मंदिर है।



---

**पौराणिक कथा**

## श्रीकृष्ण के प्रेम में दीवानी मीराबाई

भारत का राजस्थान प्रांत वीरों की खान कहा जाता है, पर इस भूमि को श्रीकृष्ण के प्रेम में अपना तन-मन और राजमहलों के सुखों को ठोकर मारने वाली मीराबाई ने भी अपनी चरण रज से पवित्र किया है। हिन्दी साहित्य में रसपूर्ण भजनों को जन्म देने का श्रेय मीरा को ही है। साधुओं की संगत और एकतारा बजाते हुए भजन गाना ही उनकी साधना थी। मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई.. गाकर मीरा ने स्वयं को अमर कर लिया। मीरा का जन्म मेड़ता के राव रत्नसिंह के घर 23 मार्च, 1498 को हुआ था। जब मीरा तीन साल की थी, तब उनके पिता का और दस साल की होने पर माता का देहांत हो गया। जब मीरा बहुत छोटी थी, तो एक विवाह के अवसर पर उसने अपनी मां से पूछा कि मेरा पति कौन है? माता ने हंसी में श्रीकृष्ण की प्रतिमा की ओर इशारा कर कहा कि यही तेरे पति हैं। भोली मीरा ने इसे ही सच मानकर श्रीकृष्ण को अपने मन-मंदिर में बैठा लिया।





सुरेश बाबू मिश्रा
साहित्य भूषण,बरेली

माता और पिता की छत्रछाया सिर पर से उठ जाने के बाद मीरा अपने दादा राव दूदाजी के पास रहने लगीं। उनकी आयु की बालिकाएं जब खेलती थीं, तब मीरा श्रीकृष्ण की प्रतिमा के सम्मुख बैठी उनसे बात करती रहती थी। कुछ समय बाद उसके दादा जी भी स्वर्गवासी हो गए। अब राव वीरमदेव गद्दी पर बैठे। उन्होंने मीरा का विवाह चित्तौड़ के प्रतापी राजा राणा सांगा के बड़े पुत्र भोजराज से कर दिया। इस प्रकार मीरा ससुराल आ गई, पर अपने साथ वह अपने इष्टदेव श्रीकृष्ण की प्रतिमा लाना नहीं भूली। मीरा की श्रीकृष्ण भक्ति और वैवाहिक जीवन सुखपूर्वक बीत रहा था। राजा भोज भी प्रसन्न थे, पर दुर्भाग्यवश विवाह के दस साल बाद राजा भोजराज का देहांत हो गया। अब तो मीरा पूरी तरह श्रीकृष्ण को समर्पित हो गईं। उनकी भक्ति की चर्चा सर्वत्र फैल गई। दूर-दूर से लोग उनके दर्शन को आने लगे। पैरों में घुंघरू बांध कर नाचते हुए मीरा प्रायः अपनी सुधबुध खो देती थीं। मीरा की सास, ननद और राणा विक्रमाजीत को यह पसंद नहीं था। राज-परिवार की पुत्रवधू इस प्रकार बेसुध होकर आम लोगों के बीच नाचे और गाए, यह उनकी प्रतिष्ठा के विरुद्ध था। उन्होंने मीरा को समझाने का प्रयास किया, पर वह तो सांसारिक मान-सम्मान से ऊपर उठ चुकी थीं। उनकी गतिविधियों में कोई अंतर नहीं आया। अंततः राणा ने उनके लिए विष का प्याला श्रीकृष्ण का प्रसाद कहकर भेजा। मीरा ने उसे पी लिया, पर सब हैरान रह गए, जब उसका मीरा पर कुछ असर नहीं हुआ। राणा का क्रोध और बढ़ गया। उन्होंने एक काला नाग पिटारी में रखकर मीरा के पास भेजा, पर वह नाग भी फूलों की माला बन गया। अब मीरा समझ गई कि उन्हें मेवाड़ छोड़ देना चाहिए। अतः वह पहले मथुरा-वृंदावन और फिर द्वारका आ गईं। इसके बाद चित्तौड़ पर अनेक विपत्तियां आईं। राणा के हाथ से राजपाट निकल गया और युद्ध में उनकी मृत्यु हो गई।

यह देखकर मेवाड़ के लोग उन्हें वापस लाने के लिए द्वारका गए। मीरा आना तो नहीं चाहती थी, पर जनता का आग्रह वे टाल नहीं सकीं। वे विदा लेने के लिए रणछोड़ मंदिर में गईं, पर पूजा में वे इतनी तल्लीन हो गईं कि वहीं उनका शरीर छूट गया। इस प्रकार 1573 ई. में द्वारका में ही श्रीकृष्ण की दीवानी मीरा ने अपनी देहलीला समाप्त की।

---

## मां नंदादेवी भक्तों को सपने में देती हैं दर्शन

अल्मोड़ा में स्थित मां नंदा देवी का पावन मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। यहां स्थापित मां नंदा देवी को शैलपुत्री का रूप माना जाता है। अल्मोड़ा की नंदा देवी चंद वंश राजाओं की कुलदेवी हैं, जो आज भी अपने भक्तों को सपने में दर्शन देती हैं और उनकी मनोकामना पूरी करती हैं। पुजारी तारा दत्त जोशी बताते हैं कि यह मंदिर प्राचीन काल का है और माता की मूर्ति की स्थापना इस प्रांगण में करीब 200 साल पहले की गई थी। इससे पहले नंदा देवी को मल्ला महल में पूजा जाता था। उसके बाद इस प्रांगण में माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तब से लेकर आज तक यहां माता की पूजा-अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में हर महीने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के द्वारा यह भी कहा जाता है कि माता ने उन्हें सपने में आकर दर्शन दिए, जिसके बाद वह इस मंदिर तक पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि चंद वंशज राज परिवार मां नंदादेवी को अपनी कुल देवी के रूप में पूजन करते है।

*-रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा*

### 200 अशर्फियों को गलाकर हुई मंदिर की स्थापना

नंदादेवी मंदिर समिति संयोजक अर्जुन बिष्ट ने बताया कि 1670 में बाज बहादुर चंद बधानगढ़ से नंदादेवी की स्वर्ण प्रतिमा अल्मोड़ा लाए थे। 1699 में राजा ज्ञानचंद भी बधानकोट से एक स्वर्ण प्रतिमा अल्मोड़ा लाए। 1710 में राजा जगत चंद को बधानकोट विजय के अवसर पर नंदादेवी की प्रतिमा प्राप्त नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने अपने खजाने से 200 अशर्फियों को गलाकर नंदादेवी की प्रतिमा का निर्माण कराया और इन्हें मल्ला महल स्थित नंदादेवी मंदिर में प्रतिष्ठित कराया। जिस परिसर में वर्तमान नंदादेवी मंदिर स्थित है, वहां पर 1690-91 में तत्कालीन नरेश उद्योत चंद ने दो शिव मंदिर उद्योत चंद्रेश्वर और पार्वती चंद्रेश्वर बनाए। अंग्रेजी शासनकाल में 1815 में तत्कालीन कमिश्नर ट्रेल ने उन्हें उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर में रखवा दिया। इसके बाद कमिश्नर ट्रेल उनकी आंखों की रोशनी अचानक काफी कम हो गई। कुछ लोगों की सलाह पर उन्होंने अल्मोड़ा आकर 1816 में नंदादेवी का मंदिर बनवाकर (वर्तमान मंदिर) वहां नंदादेवी की मूर्ति स्थापित कराई। उसके बाद उनके आंखों की रोशनी लौट आई।





### मंदिरों में खजुराहो कलाकृति

नंदादेवी मंदिर अल्मोड़ा की मंदिर की निर्माण शैली भी काफी पुरानी है। यहां उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर की स्थापना 17 वीं शताब्दी के अंत में मानी जाती है। उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर के ऊपरी हिस्से में एक लकड़ी का छज्जा है। मंदिर में बनी कलाकृति खजुराहो मंदिरों की तर्ज पर है। ये मंदिर संरक्षित श्रेणी में शामिल हैं।

### चंद वंशज करते हैं तांत्रिक पूजा

अल्मोड़ा में मां नंदा की पूजा-अर्चना तारा शक्ति के रूप में तांत्रिक विधि से करने की परंपरा है। पहले से ही विशेष तांत्रिक पूजा चंद शासक व उनके परिवार के सदस्य करते आए हैं। वर्तमान में चंद वंशज नैनीताल के पूर्व सांसद स्व. केसी सिंह बाबा का परिवार राजा के रूप में पूजा में बैठते हैं।

---

**बोधकथा**

## लालच का अंत

एक समय की बात है, एक छोटे से गांव में रामू नाम का किसान रहता था। वह बहुत मेहनती था, लेकिन उसकी एक बुरी आदत थी-उसे हमेशा और अधिक पाने की लालसा रहती थी, जो उसके पास था, उससे वह कभी संतुष्ट नहीं होता था। एक दिन खेत में काम करते हुए उसे जमीन के अंदर एक चमकती हुई सोने की मूर्ति मिली। रामू की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने सोचा, "अब तो मेरी किस्मत बदल गई।" वह मूर्ति को घर ले आया और उसे बेचकर बहुत सारा धन कमा लिया। अब उसके पास अच्छे कपड़े, बड़ा घर और ढेर सारी सुविधाएं थीं, लेकिन कुछ ही दिनों में उसका मन फिर असंतुष्ट हो गया। उसने सोचा, "अगर मुझे एक मूर्ति मिल सकती है, तो और भी मिल सकती हैं।" लालच में आकर वह रोज अपने खेत की खुदाई करने लगा। वह खेती पर ध्यान देना भूल गया।



दिन बीतते गए, खेत बर्बाद हो गया, फसल नष्ट हो गई और घर का खर्च भी बढ़ता गया, जो पैसा उसने मूर्ति से कमाया था, वह धीरे-धीरे खत्म होने लगा। अब रामू के पास न खेत बचा, न पैसा। एक दिन वह थककर बैठ गया और सोचने लगा, "मैंने क्या खो दिया?" तभी उसके गांव का एक बुजुर्ग उसके पास आया और बोला, "रामू, प्रकृति ने तुम्हें मेहनत से कमाने का रास्ता दिया था, लेकिन तुमने लालच में आकर उसे छोड़ दिया।" रामू को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने फिर से अपने खेत को संवारना शुरू किया, मेहनत की और धीरे-धीरे उसकी हालत सुधरने लगी। अब उसने तय कर लिया कि वह जो मिलेगा, उसमें संतोष रखेगा और मेहनत से ही आगे बढ़ेगा। कथा से सीख मिलती है कि लालच इंसान को उसके मूल रास्ते से भटका देता है। सच्ची सफलता मेहनत और संतोष में ही छिपी होती है।

---

## मर्यादा, करुणा और आदर्श के शाश्वत प्रतीक श्रीराम

गोस्वामी जी ने लिखा है- विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार। उल्लेख मिलता है कि इक्ष्वाकु वंशीय, अयोध्या के चक्रवर्ती राजा दशरथ ने चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ किया, जिसके फलस्वरूप श्रीहरि के सातवें अवतार के रूप में श्रीरामचंद्र उनको पुत्र-रूप में प्राप्त हुए। एक मां के ममत्व की दृष्टि से रानी कौशल्या ने प्रगट हुए श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर अनुरोध किया कि आप मेरे गर्भ से जन्म लेकर शिशु-लीला कीजिए। मेरे वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता तो आपके बालरूप में ही प्राप्त होगी। इस संदर्भ में कौशल्या सहित अन्य समस्त नारी समाज के लिए भी यह अवसर उसके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और सार्थकता प्रदान करने वाला होता है, जब वह मां बनती हैं। तदनंतर श्रीहरि कौशल्या के गोद में नवजात शिशु की भांति चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी, पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्तबेला में जन्म लेते हैं। यही दिन चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है।



रामकथा में वनवास- प्रसंग को मूलतः संसारी जीवों के अनेक उतार-चढ़ाव, उथल-पुथल और झंझावातों के बीच से संतुलन बनाकर निकलने के सांकेतिक निष्कर्ष के रूप में ही ग्रहण करना चाहिए, जिसे प्रभु राम भरपूर, सानंद जीते हैं तथा 14 वर्ष के दीर्घ अंतराल तक तापस-वेष में जंगल-जंगल घूमने वाले श्रीराम स्वयं में इस यथार्थ के प्रतीक हैं कि अपने-अपने हिस्से का वनवास तो सबको स्वयं ही काटना पड़ेगा। अपने हालात पर किसी को दोष न देना और सत्साहस से उसका मुकाबला करते हुए परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेने का सबक उन्हीं से सीखना चाहिए। कंटकाकीर्ण पथ पर आम और खास सब एक समान हैं। अपने कर्म व प्रारब्ध की गति पर पर सभी को तैयार रहना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो।



संतोष कुमार तिवारी
नैनीताल

रामजी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण व ग्रहणीय पक्ष यही है कि आप जीवन को दीन-दुखियों, जरूरतमंदों और हाशिये पर जी रहे लाखों लोगों के लिए प्रेरक कैसे बन सकते हैं। उनको मुख्यधारा में लाकर सम्मानित जीवन का उजाला कैसे प्रदान कर सकते हैं। श्रीराम ने चौदह वर्ष के जंगल-प्रवास को इसी संकल्प के साथ जिया। चाहे वह केवटराज को अपने स्नेह से अत्यंत प्रिय बना लेना हो, चाहे जनम-जनम से हरिदर्शन की भूखी एकनिष्ठ स्नेही-शबरी की कुटिया में जाकर उनके जूठे बैर खाना हो या वानर जाति, जो एक से दूसरी शाखा पर उछलकूद करके जीवन गुजार देते हैं, उनसे मैत्री कर भार्या सीता की खोज व प्राप्ति का पूरा श्रेय उन्हें देने का हो। श्रीराम की यह भिन्न-भिन्न गुण, धर्म, जाति व संस्कृति के साथ सर्वग्राहकता अद्भुत और अनूठी है। राजा न होते हुए भी उन्होंने सबको एक मंच पर अन्याय के विरुद्ध एकत्र कर लिया। लंकाधिपति को अयोध्या या अन्य राजाओं की सैन्य मदद से भी परास्त किया जा सकता था, परंतु राम जी ने ऐसा नहीं किया। कारण स्पष्ट है उन्होंने बिखरी हुई जनशक्ति को सही दिशा दी। महाबली के घमंड को माटी में मिलाना गुणनिधान के उसी चिंतन का प्रतिफल है। राम रथविहीन हैं, वानरों की सेना के सहारे, तापस वेषधारी हैं, सैन्य साजोसामान से वंचित हैं, किंतु स्त्री-अस्मिता की लड़ाई के लिए जो साहस और इरादे की जरूरत होती है, उनमें भरी हुई है। संपूर्ण रामकथा को पढ़ाते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वे अंतिम समय तक युद्ध को टालते के विकल्पों पर विचार विमर्श करते रहे।



आज पूरी दुनिया युद्ध के मुहाने पर खड़ी है, चंद सिरफिरों के अहंकार और वर्चस्व की आग में खाड़ी के कई देश जल रहे हैं। ऐसे में राम का चरित्र, राम का आचरण और उनकी महानता से अहंकारी और लालची देशों को सबक लेना चाहिए कि उन्होंने जो अपनी ताकत इकट्ठा कर रखी है, वह दूसरे को भयभीत करने में नहीं, परस्पर सहयोग वह सामंजस्य में ही उसका सदुपयोग करें। हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम राजाओं-महाराजाओं के ऐश्वर्यवादी जीवन से दूर केवल एक पत्नीव्रती हैं। पत्नी को सुरक्षित कैद से मुक्ति दिलाने हेतु रावण के एक लाख पूत सवा लाख नाती, ता रावन घर दिया न बाती की कहावत को उन्होंने चरितार्थ किया। सत्य की इसी स्थापना की पूर्ति के लिए ही तो उनका अवतार हुआ था। वे तभी तो जन-जन के प्रिय और आदर्श बन गए। जानकी के कंठाभूषण और प्रजापालक ऐसे कि प्रजा के सवाल खड़ा करने पर बिना देर किए उसी प्राणबल्लभा जानकी को त्यागने मे तत्पर हो गए। यह किसी और राजा-महाराजा के वश की बात नहीं, प्रजा को प्राणों की तरह मानने वाले प्रभु राम प्राण-प्यारी माता सीता को भी निर्वासन देने में नहीं हिचके। वस्तुतः आज के समय में जो अपनी प्रजा (जनमानस) की आर्त-पुकार अनसुना कर दे, उसे श्रीराम को हृदयंगम करना चाहिए।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,696.39 | 22,512.65 |
| गिरावट | 1,836.57 | 601.85 |
| प्रतिशत में | 2.46 | 2.60 |

सोना 1,43,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,30,000 प्रति किलो


# अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 24 मार्च 2026

www.amritvichar.com




**बरेली मंडी**

### आंध्र में स्टील के इस्पात संयंत्र का शिलान्यास

**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को अनकापल्ली जिले के नक्कापल्ली मंडल में आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस) के 1.36 लाख करोड़ रुपये के इस्पात संयंत्र की आधारशिला रखी। सरकार के अनुसार, 1.78 करोड़ टन सालाना क्षमता वाला यह संयंत्र 5,465 एकड़ में दो चरणों में स्थापित किया जाएगा और इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करीब एक लाख रोजगार पैदा होंगे। पहले चरण में संयंत्र की क्षमता 73 लाख टन सालाना की होगी, दूसरे चरण में इसे बढ़ाकर 1.5 करोड़ टन किया जाएगा।

### स्वतंत्र निदेशक बिना सबूत आक्षेप न लगाएं

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे के कुछ दिन बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि स्वतंत्र निदेशकों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिम्मेदारी से काम करें और बिना ठोस सबूत के कोई आक्षेप न लगाएं। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब चक्रवर्ती ने नैतिकता और मूल्यों से जुड़े मुद्दों का हवाला देते हुए देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### वेदांता की याचिका पर सुनवाई कल तक टली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सोमवार को वेदांता समूह को आदेश दिया कि वह जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए अदाणी समूह की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को मंजूरी देने वाले एनसीएलटी के आदेश को चुनौती देने वाली अपीलों में अदाणी समूह को भी पक्षकार बनाए। दो सदस्यीय पीठ ने वेदांता समूह को निर्देश दिया कि वह सफल समाधान आवेदक अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिन के अंत तक याचिका की प्रति उपलब्ध कराए।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुका है ईरान युद्धः आईईए

## अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख बिरोल ने कहा- कोई देश इसके प्रभाव से नहीं बचेगा अछूता

**वेलिंगटन, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने सोमवार को कहा कि ईरान युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने बहुत बड़ा खतरा खड़ा हो गया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में नेशनल प्रेस क्लब को संबोधित करते हुए कहा, अगर यह संकट यूं ही आगे बढ़ता रहा तो कोई भी देश इसके प्रभाव से अछूता नहीं रहेगा।

बिरोल ने कहा कि पश्चिम एशिया का यह संकट 1970 के दशक के दो तेल संकटों और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान गैस बाजारों पर पड़े प्रभाव से भी अधिक गंभीर असर डाल रहा है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब तेहरान पर सोमवार तड़के इजराइल ने हमलों की बौछार शुरू की। इस बीच, एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य कमांडर ने ईरान के लोगों से फिलहाल शरणस्थलों में रहने को कहा है जबकि ईरान ने अपने खाड़ी पड़ोसी देशों पर हमले तेज कर दिए हैं और उनके बिजली संयंत्रों को निशाना बनाने की धमकी दी है।

बिरोल ने बताया कि इस पूरे क्षेत्र में नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह यूरोप और एशिया की सरकारों के साथ तेल भंडार को मुहैया करने की संभावना पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम बाजार की स्थिति पर नजर रखेंगे। अगर आवश्यकता पड़ी, तो हम निश्चित रूप से कदम उठाएंगे, लेकिन पहले हम हालात का विश्लेषण करेंगे और सदस्य देशों के साथ चर्चा करेंगे।



**नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से हो चुके हैं क्षतिग्रस्त**

### महाराष्ट्रः रेस्तरांओं को पीएनजी आपूर्ति बढ़ी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी की आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़ा दी गई है। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि इससे रेस्तरां एवं भोजनालयों को राहत मिलेगी। मंत्री ने रविवार को कहा कि 23 मार्च से अगले आदेश तक व्यावसायिक पीएनजी आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़ने के साथ यह आपूर्ति 50 प्रतिशत हो जाएगी।

## भारतीय ध्वज वाले दो और जहाज होर्मुज पार करके भारत हुए रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर फारस की खाड़ी से निकलकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर चुके हैं और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। जहाज निगरानी से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत सोमवार दोपहर को ईरान के लारक और क्वेशम द्वीपों के बीच के जलक्षेत्र के पास थे। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय झंडे वाले जहाज में शामिल हैं जो पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से फारस की खाड़ी में फंस गए थे। जहाज ट्रैकिंग आंकड़ों से पता चला है कि ये दोनों जहाजों ने सोमवार को जलडमरूमध्य को पार कर लिया और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। इससे पहले, लगभग 92,712 टन एलपीजी ला रहे एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी सुरक्षित रूप से भारतीय तट पर पहुंच चुके हैं। यह देश की लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है।

### युद्ध क्षेत्र में अब भारतीय ध्वज वाले 24 जहाज इन पर 611 नाविक

युद्ध क्षेत्र में बचे हुए 24 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से 22 जलडमरूमध्य के पश्चिमी भाग में हैं, जिनमें 611 नाविक सवार हैं, जबकि दो पूर्वी भाग में हैं। पश्चिमी भाग में बचे हुए 22 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से छह एलपीजी वाहक हैं। इनमें से दो भारत के लिए रवाना हो चुके हैं। बाकी बचे जहाजों में से एक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) टैंकर है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों का परिवहन कर रहा है, तीन कंटेनर जहाज हैं और दो बल्क यानी थोक सामान की ढुलाई करने वाले हैं। इसके अतिरिक्त, एक ड्रेजर है, एक खाली है और तीन नियमित रखरखाव के लिए बंदरगाह पर हैं।

### पश्चिम एशिया संकट के बाद अमेरिका की नई व्यापार जांच से वैश्विक बाजारों में और बढ़ी अस्थिरता : रिजर्व बैंक

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अमेरिका की ओर से नई व्यापार जांच के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त है। वित्त 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। अर्थव्यवस्था की स्थिति का संकेतक देने वाले आंकड़े फरवरी में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का संकेत दे रहे हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई फरवरी में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों के कारण बढ़ी।

## खरीफ सत्र से पहले उर्वरक आपूर्ति हो सकती बाधित

- **गैस संकट से प्रभावित यूरिया उत्पादकों ने सरकार से मांगी वित्तीय राहत**

**नई दिल्ली।** भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) ने चेतावनी दी है कि उत्पादन में कमी और पैकेजिंग सामग्री की अलग से कमी के कारण महत्वपूर्ण खरीफ सत्र से पहले उर्वरक आपूर्ति बाधित हो सकती है। इसके साथ, एफएआई ने सरकार से गैस आपूर्ति में व्यवधान से प्रभावित यूरिया उत्पादकों को वित्तीय राहत प्रदान करने का आग्रह किया है। सरकार को लिखे पत्र में एफएआई ने मौजूदा भूराजनीतिक संकट से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों का हवाला देते हुए सीमित गैस आपूर्ति के तहत संचालित संयंत्रों के लिए ऊर्जा लागत प्रतिपूर्ति और जुर्माने में छूट की मांग की है।

## शेयर बाजार में निवेशकों के एक ही दिन डूबे 14.23 लाख करोड़

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट के कारण निवेशकों को एक ही दिन में 14.23 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा। बीएसई के अनुसार, सोमवार की गिरावट से कुल बाजार पूंजीकरण 14,23,396 करोड़ रुपये घटकर 4,14,52,902 करोड़ रुपये रह गया जो पिछले साल 15 अप्रैल के बाद का निचला स्तर है।

पिछले कारोबारी दिवस पर 20 मार्च को कुल बाजार पूंजीकरण 4,28,76,298 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक निफ्टी-50 और सेंसेक्स ढाई प्रतिशत के करीब टूट गये। सेंसेक्स 21 महीने और निफ्टी-50 ग्यारह महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर बंद हुआ। खास बात यह रही कि बिकवाली का दबाव चौतरफा रहा जिससे 10 प्रतिशत कंपनियां ही गिरावट से अछूती रहीं। शेयर बाजार में शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,78,499 करोड़ रुपये घटकर 87,29,171 करोड़ रुपये रहा गया।



### युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों की 48.29 लाख करोड़ रुपये घटी संपत्ति

पश्चिम एशिया युद्ध के 28 फरवरी को शुरू होने के बाद से बीएसई सेंसेक्स 8,590 .8 अंक यानी 10 .56 प्रतिशत गिरा, जबकि एनएसई का निफ्टी 2,666 अंक या 10 .58 प्रतिशत नीचे आया। युद्ध शुरू होने के बाद से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 48 .29 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज हुई और यह 415 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है।

### रिजर्व बैंक ने जनवरी में शुद्ध रूप से 2.53 अरब डॉलर खरीदे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने जनवरी में हाजिर मुद्रा बाजार से शुद्ध रूप से 2 .53 अरब डॉलर की खरीदारी की। केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर की यह खरीद लगातार सात महीनों की शुद्ध डॉलर बिक्री के बाद की है। रिजर्व बैंक के सोमवार को जारी मासिक बुलेटिन के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने ने पिछली बार मई 2025 में हाजिर मुद्रा बाजार से 1.76 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद की थी। इससे पहले दिसंबर में 10 .02 अरब, नवंबर में 9 .71 अरब, अक्टूबर में 11 .88 अरब, सितंबर में 7 .91 अरब, अगस्त में 7 .69 अरब, जुलाई में 2 .54 अरब, और जून में 3 .66 अरब अमेरिकी डॉलर की शुद्ध बिक्री की। सकल आधार पर केंद्रीय बैंक ने जनवरी में 27 .99 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद और 25 .473 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री की।



## गिरावटः सोना 9,050 रुपये टूटा, चांदी 10,500

**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग और सुस्त वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 9,050 रुपये टूटकर 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी 10,500 रुपये की गिरावट के साथ 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 9,050 रुपये या लगभग छह प्रतिशत टूटकर सभी करों सहित 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी भी 10,500 रुपये या 4.36 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ सभी करों सहित 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।



## सेबी ने आईपीओ खुलासे के नियमों को बनाया सरल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **निवेशकों की सहूलियत के लिए पेश किया संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा**

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के दस्तावेजों को सरल और मानकीकृत बनाने के लिए, 'संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा' पेश किया है। इस कदम का उद्देश्य निर्गम संबंधी जानकारियों को निवेशकों के लिए अधिक सुलभ और समझने में आसान बनाना है।

अब सार्वजनिक निर्गम लाने वाली कंपनियों को अपने विस्तृत प्रस्ताव दस्तावेजों के साथ इस संक्षिप्त विवरण पुस्तिका को भी जमा करना अनिवार्य होगा। नियामक ने कहा कि इस दस्तावेज में कंपनी के कारोबार मॉडल, वित्तीय विवरण, प्रवर्तकों, जोखिम कारकों और मुख्य प्रदर्शन संकेतकों जैसी महत्वपूर्ण जानकारी अत्यंत सरल प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी। सेबी द्वारा 16 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार, इस संक्षिप्त मसौदे को निर्गम जारी करने वाली कंपनी, नियामक, उन शेयर बाजारों जहां प्रतिभूतियां सूचीबद्ध होनी हैं, और निर्गम से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

नियामक ने यह भी निर्देश दिया है कि कंपनियां आवेदन पत्रों में विज्ञापनों में 'क्यूआर कोड' और लिंक उपलब्ध कराएं, ताकि निवेशक विवरण पुस्तिका और मूल्य सीमा की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें। सूचनाओं की स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए, सेबी ने शब्द सीमा भी तय कर दी है। कंपनी के प्राथमिक व्यवसाय का सारांश 500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। उद्योग के अवलोकन के लिए 250 शब्द और प्रत्येक प्रवर्तक की पृष्ठभूमि व योग्यता के ब्योरे के लिए अधिकतम 100 शब्द तय किए गए हैं।

### सीएनजी में 20% सीबीजी मिश्रण करने का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने दिल्ली सरकार को सुझाव दिया है कि वह संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) में संपीड़ित बायोगैस के 20 प्रतिशत तक मिश्रण को अपनाए। इससे गैस से चलने वाले वाहनों को कॉर्बन निरपेक्षता के करीब ला सकता है। एक बयान में, आईबीए ने बताया कि बिजलीचालित वाहन (ईवी) की स्वीकार्यता बढ़ रही है, लेकिन समग्र वाहन बेड़े में ईवी की पहुंच सीमित है।

## एफडीआई में 2% से ज्यादा होगी चीन की हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी**

सरकार की ओर से 'प्रेस नोट 3' में किए गए संशोधनों से भारत में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर फिर से दो प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। प्रेस नोट 3 लागू होने से पहले यह इसी स्तर पर था।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में कहा गया है कि नियमों में बदलाव से कुल एफडीआई में चीनी निवेश का हिस्सा दो प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार,



- **क्रिसिल का केंद्र की ओर से प्रेस नोट 3 में बदलाव के बाद दावा**

वर्ष 2014 से 2019 के बीच हांगकांग सहित चीन से होने वाला कुल एफडीआई प्रवाह भारत के कुल निवेश का लगभग दो प्रतिशत था।

हालांकि, प्रेस नोट 3 के नए नियम लागू होने के बाद यह घटकर मात्र 0.27 प्रतिशत रह गया था। रिपोर्ट के अनुसार, नियमों में ढील दिए जाने से लंबित प्रस्तावों का रास्ता साफ होने की उम्मीद है। इससे अल्पावधि में चीन और हांगकांग से निवेश में तेजी आ सकती है।

सरकार के इस कदम से भारत में एफडीआई प्रवाह तेज होने, घरेलू क्षमताओं के मजबूत होने और आयात पर निर्भरता कम होने की संभावना है। सरकार ने अप्रैल, 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकने के लिए ये नियम लागू किए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों और पॉलीसिलिकॉन जैसे क्षेत्रों के लिए मंजूरी की समयसीमा 60 दिन तय किए जाने से भारतीय और चीनी फर्म के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रेस नोट 3 के तहत 75,691 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से केवल 13,625 करोड़ रुपये को ही मंजूरी मिली थी।

## कोयला कारोबार में मुनाफाखोरी पर रोक लगाएं राज्यः केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण छोटे कोयला खुदरा विक्रेताओं को मुनाफाखोरी करने से रोकें, क्योंकि विदेशी ऊर्जा व्यवधानों से घरेलू ईंधन बाजार पर असर पड़ने का खतरा है।

कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, हमारे सचिव (कोयला) ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से बात की है। मैंने कल मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। कोयले की कोई कमी नहीं है और घरेलू कोयले की कीमतों में वृद्धि की कोई गुंजाइश नहीं है। मंत्री ने कहा कि अगर कोयले की कीमतें बढ़ती हैं तो कार्रवाई करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हमने राज्यों से कोयले की कीमतों पर नजर रखने और खुदरा विक्रेताओं को मौजूदा संकट से लाभ नहीं उठाने देने को कहा है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोयले की कीमतें नहीं बढ़नी चाहिए।

## निर्यात पर घरेलू कर, शुल्क छूट की पुरानी दरें बहाल

**पश्चिम एशिया संकट**

**नई दिल्ली।** सरकार ने पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों के बीच निर्यातकों की मदद के लिए निर्यात माल को शुल्कों और करों से छूट देने की योजना आरओडीटीईपी के अंतर्गत पुरानी दरों को तत्काल प्रभाव से बहाल करने का निर्णय किया है। इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

इस फैसले से शुल्क और करों में छूट की गत 22 फरवरी तक लागू दरें और मूल्य सीमा पुनः प्रभावी हो गई हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के कारण समुद्री लॉजिस्टिक्स में चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं, जिनमें मार्ग और पारगमन पैटर्न में परिवर्तन शामिल हैं। इनका प्रभाव इस क्षेत्र में या इसके माध्यम से जाने वाले निर्यात माल के लिए लॉजिस्टिक्स लागत और जहाज से माल भेजने के कार्यक्रम पर पड़ा है।

## मानक बॉन्ड प्रतिफल 14 महीने के उच्च स्तर पर

**कच्चे तेल की महंगाई**

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारतीय मानक बॉन्ड प्रतिफल सोमवार को 14 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। सोमवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल 6.8173 प्रतिशत रहा जबकि शुक्रवार को यह 6.737 प्रतिशत पर बंद हुआ था।

बाजार भागीदारों से संकलित आंकड़ों के अनुसार यह 14 जनवरी 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। एरीटे कैपिटल (चॉइस समूह) में उपाध्यक्ष मातप्रसाद पांडे ने कहा, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से कच्चे तेल की कीमत 110 डॉलर बैरल से ऊपर जाने के बाद बॉन्ड प्रतिफल बढ़ रहा है। जनवरी-फरवरी में सरकारी बॉन्ड के शुद्ध खरीदार रहे विदेशी संस्थागत निवेशक मार्च में शुद्ध विक्रेता बन गए हैं।



**पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम**

# पश्चिम बंगालः ओवैसी-हुमायूं के गठबंधन से मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**विपक्ष ने ओवैसी पर लगाया भाजपा की मदद करके धर्मनिरपेक्ष ताकतों को कमजोर करने का आरोप**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के गठबंधन की विपक्ष ने कड़ी आलोचना करते हुए इस गठबंधन से वोट बंटने और विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में धर्मनिरपेक्ष दलों के कमजोर होने की आशंका जताई है। विपक्ष के नेताओं ने ओवैसी को घेरते हुए कहा है कि उनकी पार्टी असल में भाजपा की मदद करना चाहती है।

एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी के साथ गठबंधन किया है। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 23 और 29 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना चार मई को होगी। तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने इस गठबंधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे मुस्लिम समाज अलग-थलग पड़ सकता है। उन्होंने कहा, ओवैसी की पार्टी वास्तव में भाजपा की मदद करना चाहती है, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। उनके पास ताकत नहीं है और उन्हें वोट नहीं मिलेंगे।

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने धर्मनिरपेक्ष ताकतों को कमजोर करने का ठेका ले रखा है।

कांग्रेस के एक अन्य सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि गठबंधन करना राजनीतिक फैसला है, लेकिन ध्यान सांप्रदायिक ताकतों को हराने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा, कौन किससे गठबंधन करता है, यह उनका मामला है। लेकिन हमारा लक्ष्य सांप्रदायिक ताकतों को हराना है और इसके लिए कांग्रेस लगातार काम करती रहेगी। शिवसेना (उबाठा) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि एआईएमआईएम अक्सर भाजपा की मदद करती है। जब भी भाजपा मुश्किल में होती है, वह एआईएमआईएम को बुलाती है, जो उसके ''स्पीड डायल'' पर रहती है। पार्टी उसे चुनाव में उतरने और जीत दिलाने के लिए आमंत्रित करती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सांसद महुआ माझी ने एआईएमआईएम को भाजपा की ''बी-टीम'' बताया और आरोप लगाया कि वह सिर्फ विपक्ष के वोट बांटने के लिए उतरती है, जिससे भाजपा को फायदा होता है। यह हर जगह हो रहा है।

### आचार संहिताः 181 करोड़ कैश, शराब जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सभी 294 विधानसभा सीटों पर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है और अब तक करीब 181 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, मादक पदार्थ और अन्य सामग्री जब्त की जा चुकी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना चार मई को होगी।



कोलकाता में चुनाव प्रचार करती तृणमूल प्रत्याशी श्रेया पांडेय।

### असम : झामुमो की सूची में 21 प्रत्याशी

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने असम विधानसभा चुनाव के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की सूची सोमवार को जारी की। झामुमो क्षेत्रीय पार्टी की छवि को मिटाकर एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में उभरना चाहता है। पार्टी का उद्देश्य चाय बागानों में काम करने वाली जनजाति के लगभग 70 लाख लोगों को अपने पक्ष में करना है, जिनमें से कई लोगों की जड़ें झारखंड से जुड़ी हुई हैं। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने बताया, विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, पार्टी ने असम की 126-सदस्यीय विधानसभा के चुनावों के लिए 21 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

### गोगोई ने जोरहाट सीट से भरा पर्चा

**जोरहाट।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने सोमवार को जोरहाट सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। गोगोई राज्य विधानसभा चुनाव में पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गोगोई ने जोरहाट स्टेडियम से रैली शुरू करने से पूर्व विभिन्न धार्मिक स्थलों का दौरा किया। लगभग तीन घंटे बाद इस रैली का समापन जिला आयुक्त कार्यालय पर हुआ। रैली में बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। गोगोई नजीर अली क्षेत्र स्थित अपने पैतृक आवास पर भी पहुंचे और अपने पिता एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की तस्वीर के समक्ष खड़े होकर प्रार्थना की।

## पुडुचेरी में रंगासामी कैबिनेट के दो मंत्रियों को नहीं मिला टिकट

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी में सत्तारूढ़ ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) ने बड़ा फैसला लेते हुए अपने दो मौजूदा मंत्रियों को टिकट नहीं दिया है।

मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व वाली सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री के. लक्ष्मीनारायणन और कृषि मंत्री थेनी जयकुमार को इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया है। सूत्रों के अनुसार, लक्ष्मीनारायणन की राजभवन सीट एनडीए गठबंधन में भाजपा को दे दी गई है। जयकुमार की मंगालम सीट से रंगासामी चुनाव लड़ेंगे।

### पुडुचेरी : नामांकन के आखिरी दिन तक द्रमुक-कांग्रेस में सीट बंटवारे पर गतिरोध

**पुडुचेरी।** केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) और कांग्रेस के बीच इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जारी बातचीत अब तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। चेन्नई में रविवार से शुरू हुई मैराथन बैठकें सोमवार तड़के तक चलीं लेकिन बिना किसी निष्कर्ष समाप्त हो गईं। हालांकि दोनों दलों ने गठबंधन जारी रखने पर सहमति जताई है। स्थिति को देखते हुए दोनों दलों के संभावित उम्मीदवार सोमवार दोपहर तीन बजे तक सभी 30 सीटों पर नामांकन दाखिल करेंगे। बाद में 26 मार्च तक, जो नामांकन वापसी की अंतिम तिथि है, आपसी सहमति बनने पर उम्मीदवार पर्चे वापस ले सकते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मिसाइल का मलबे से एक भारतीय घायल

**दुबई।** अबूधाबी के अल शवामेख इलाके में हवा में मार गिराई गई मिसाइल का मलबा गिरने से एक भारतीय नागरिक मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि हवाई रक्षा प्रणाली ने आती हुई मिसाइल पर हमला किया, जिसके बाद आपात टीमों ने कदम उठाया। इसके बाद मिसाइल का मलबा रिहाइशी इलाके पर गिर गया। अबूधाबी के मीडिया कार्यालय ने एक्स पर कहा कि हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराए जाने के बाद उसका मलबा अल शवामेख क्षेत्र में गिर गया। इस घटना में एक भारतीय नागरिक को मामूली चोट आई।

### पांच पूर्व सैनिकों को वेटरन अचीवर्स अवार्ड

**नई दिल्ली।** थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अपनी भोपाल यात्रा के दौरान पांच प्रतिष्ठित पूर्व सैनिकों को 'वेटरन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित किया। पुरस्कार विजेताओं, ब्रिगेडियर अवधेंद्र प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त), कर्नल एमके तिवारी (सेवानिवृत्त), मानद सूबेदार मेजर डीके सेन (सेवानिवृत्त), नायब सूबेदार जीएस मेहता (सेवानिवृत्त) और नायक एलएस राठौड़ (सेवानिवृत्त) को विभिन्न क्षेत्रों में उनके निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### हवाई में 2,000 लोग बिजली से वंचित

**होनोलूलू।** हवाई द्वीप पर भारी बारिश के बाद आई भीषण बाढ़ के कारण रविवार अपराह्न तक 2,000 से अधिक लोग बिजली आपूर्ति से वंचित रहे। यह बाढ़ 20 से अधिक वर्षों में आई सबसे भीषण बाढ़ बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, एक सप्ताह पहले आए शीतकालीन तूफान की बारिश से पहले से ही अत्यधिक गीली मिट्टी पर भारी वर्षा हुई जिससे उफनता पानी घरों और कई कारों को बहा ले गया।

### नेपाल के बाझंग में 4.1 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में सोमवार की दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी तीव्रता 4.1 मापी गयी। भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सोमवार को दोपहर बाद 1:14 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र बाझंग के रायल क्षेत्र के पास स्थित था। बाझंग के पड़ोसी जिले बाजुरा और बैताडी समेत पड़ोसी जिलों में भी झटका लगा।

# फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछाने की ईरान ने दी धमकी

- तटवर्ती इलाकों अथवा द्वीपों पर हमलों को लेकर चेताया

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके तटवर्ती इलाकों या द्वीपों पर हमला होता है तो वह फारस की खाड़ी में महत्वपूर्ण संचार मार्गों पर बारूदी सुरंगें बिछा देगा। ईरान की राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने कहा कि उसके क्षेत्र को निशाना बनाने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप फारस की खाड़ी में सभी संचार लाइनों में बारूदी सुरंगें बिछा दी जाएंगी।

उसने यह भी कहा कि जहाज केवल तेहरान के समन्वय से ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर सकेंगे। बयान में कहा गया कि दुश्मन द्वारा ईरानी तटों या द्वीपों पर हमला करने के किसी प्रयास के बाद स्वाभाविक रूप से और सामान्य सैन्य अभ्यास के अनुसार फारस की खाड़ी और तटों के सभी पहुंच मार्गों एवं संचार लाइनों को विभिन्न प्रकार की नौसैनिक बारूदों से भर दिया जाएगा, जिसमें तैरती बारूदें भी शामिल हैं जिन्हें तटों से छोड़ा जा सकता है। ईरान ने कहा, ऐसे में, पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में लंबे समय तक होर्मुज जलडमरूमध्य जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इस बार, होर्मुज के साथ पूरा फारस की खाड़ी क्षेत्र व्यावहारिक रूप से अवरुद्ध हो जाएगा और इसकी जिम्मेदारी धमकी देने वाले पक्ष की होगी। इस बीच, अमेरिका कथित तौर पर ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने योजनाओं पर विचार कर रहा है।

## खाड़ी के समुद्र में बारूदी सुरंग

दुनिया आज जिस डिजिटल युग में जी रही है, उसकी असली रीढ़ ज़मीन पर नहीं, बल्कि समुद्र की अतल गहराइयों में बिछी है। वैश्विक इंटरनेट ट्रैफिक का लगभग 95% से अधिक हिस्सा इन्हीं सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल्स के जरिए एक से दूसरे महाद्वीप तक जाता है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर से गुजरने वाली इन केबलों को निशाना बनाने की धमकी दी है। उसने केबिल काटने की चेतावनी दी है। विशेष रूप से गूगल की ब्लू-रमन परियोजना इस समय चर्चा के केंद्र में है। इधर ईरान ने भी अपने तटीय इलाकों और द्वीपों पर हमलों को लेकर फारस की खाड़ी में केबल के ऊपर बारूदी सुरंगें लगाने की चेतावनी दी है। यदि ऐसा हुआ तो दुनिया को डिजिटल ब्लैकआउट का सामना करना पड़ेगा। वित्तीय आदान-प्रदान पर भी इसका असर पड़ेगा।

## डिजिटल ब्लैकआउट का खतरा



### उपयोग और महत्व

- समुद्र के रास्ते आ रहीं यह केबल केवल 'यूट्यूब' देखने के लिए नहीं है, बल्कि इसके उपयोग बहुत व्यापक है।
- अत्यधिक डेटा क्षमता : यह केबल 218 टेराबिट्स प्रति सेकंड से अधिक की क्षमता रखती है। यह इतनी गति है कि एक सेकंड में हज़ारों हाई-डेफिनिशन फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं।
- क्लाउड कंप्यूटिंग : गूगल क्लाउड, माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर और अमेज़न एडब्ल्यूएस जैसी सेवाएं इसी केबल पर निर्भर हैं। दुनिया की बड़ी कंपनियों का डेटा इसी रास्ते से सफर करता है। ● वित्तीय लेनदेन : अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग और शेयर बाज़ारों के बीच रीयल-टाइम डेटा ट्रांसफर के लिए ये केबलें अनिवार्य हैं।

### केबल कटने का दुनिया पर असर

● डिजिटल ब्लैकआउट : एशिया और यूरोप के बीच इंटरनेट की गति 25% से 40% तक गिर सकती है। ● आर्थिक नुकसान : एक अनुमान के अनुसार, महत्वपूर्ण केबल कटने से वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रति घंटे लाखों डॉलर का नुकसान हो सकता है। ● ई-कॉमर्स और बैंकिंग ठप : ऑनलाइन भुगतानसेवा धीमी हो सकती हैं, जिससे व्यापारिक लेनदेन रुक सकते हैं।

### दुनिया के पास क्या हैं समाधान

● रूट डायवर्सिफिकेशन : गूगल की 'ब्लू-रमन' केबल परियोजना की तरह नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं जो विवादित क्षेत्रों (जैसे लाल सागर) से दूर हों। ● गहरी केबल बिछाना : केबलों को समुद्र की सतह से बहुत नीचे (8000 मीटर तक) दबाया जा रहा है ताकि जहाजों के लंगर या छोटे विस्फोट उन तक न पहुँच सकें। ● सैटेलाइट इंटरनेट : स्टारलिंक जैसे नेटवर्क को बैकअप के रूप में देखा जा रहा है।

### चोक प्वाइंट

● लाल सागर एक ऐसा चोकपॉइंट है जहां दुनिया की प्रमुख केबलें गुजरती हैं। यहाँ किसी भी प्रकार का व्यवधान न केवल इंटरनेट की गति को धीमा करेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, शेयर बाज़ार और बैंकिंग सेवा को पंगु बना सकता है।

### भारत के पास क्या हैं विकल्प

● मल्टीपल गेटवे : भारत केवल लाल सागर पर निर्भर नहीं है। भारत के पास सिंगापुर के रास्ते (पूर्व की ओर) जाने वाली केबलें भी हैं, जैसे मिस्ट और लैक्स।

● जियो की पहल : जियो अपनी आईईएक्स (इंडिया-यूरोप एक्सप्रेस) केबल बिछा रहा है, जो यूरोप को सीधे भारत से जोड़ती है और इसमें सुरक्षा के उन्नत उपाय किए गए हैं।

● स्वदेशी लैंडिंग स्टेशन : सरकार मुंबई, चेन्नई के अलावा नए लैंडिंग स्टेशन बना रही है ताकि डेटा ट्रैफिक को बांटा जा सके।

# गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से विकसित भारत का लक्ष्य संभव नहीं

## सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां

- देश में यूएपीए के अत्यधिक इस्तेमाल पर जताई चिंता

**नई दिल्ली/बेंगलुरु, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने कहा है कि असहमति को अपराध घोषित करने, आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत अंधाधुंध गिरफ्तारियों और गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है।

रविवार को बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति भुइयां ने उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने इसकी तुलना देश भर में जिला न्यायपालिका में न्यायिक अधिकारियों के पदों पर 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की नियुक्ति से की। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा लेकिन क्या संवैधानिक अदालतों में भी यही प्रणाली लागू हुई है? सवाल यही है। यहीं पर कॉलेजियम प्रणाली की जांच पड़ताल का महत्व सामने आता है। ऐसा क्यों है कि जब मूल्यांकन व्यक्तिपरक हो जाता है, तो महिलाएं उस स्तर तक नहीं पहुंच पातीं? उन्होंने कहा कि 1950 से अब तक उच्चतम न्यायालय के 287 न्यायाधीशों में से कुल मिलाकर केवल 11 महिला न्यायाधीश रही हैं। ऐसा क्यों? फातिमा बीवी से लेकर अब न्यायमूर्ति नागरत्ना तक, यह आंकड़ा लगभग दो प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम के व्यक्तिपरक मूल्यांकन मानदंडों के अनुसार, बहुत कम लोगों का ही उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में चयन होता है।

गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के इस्तेमाल के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने 2019 से 2023 तक के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि सही मायने में विकसित राष्ट्र को राजनीतिक नारों के बजाय संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि यूएपीए के तहत कम दोषसिद्धि दर कानून के दुरुपयोग को नहीं तो अत्यधिक उपयोग को दर्शाती है।" यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों के 2019 से 2023 तक के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन दोषसिद्धि दर लगभग पांच प्रतिशत है।



### अदालतों में लैंगिग प्रतिनिधित्व में हो समानता

न्यायमूर्ति ने कहा कि अदालतों में महिला जजों की संख्या बेहद अपर्याप्त है, 25 उच्च न्यायालयों में से केवल तीन। उन्होंने कहा कि मेरे शोध से पता चलता है कि जब भी भर्ती प्रक्रिया वस्तुनिष्ठ होती है, तो न्यायिक क्षेत्र में अधिक महिलाएं प्रवेश करती हैं। जब भारत एक विकसित राष्ट्र (विकसित भारत 2047) बनेगा, तब न्यायपालिका में लैंगिक प्रतिनिधित्व में अधिक समानता होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ऐसा स्थान होना चाहिए, जो वास्तव में देश की विविधता को दर्शाए। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि विकसित देशों में बहस और असहमति के लिए अधिक गुंजाइश होनी चाहिए। बहस को अपराध नहीं माना जाना चाहिए।

### अधिकांश गिरफ्तारियां तो की गईं पर दोष साबित नहीं किया जा सका

न्यायाधीश ने कहा कि इससे लगातार कम दोषसिद्धि दर दिखती है। इससे क्या संकेत मिलता है? दुरुपयोग नहीं, तो अत्यधिक इस्तेमाल का, और आपराधिक न्याय प्रणाली पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है? इससे अदालतों पर कितना बोझ पड़ता है? इससे पता चलता है कि अधिकांश लोगों को गिरफ्तार तो किया गया, लेकिन उन्हें दोषी साबित नहीं किया जा सका। इससे संकेत मिलता है कि कई गिरफ्तारियां समय से पहले और पर्याप्त सबूतों के अभाव में की गईं। उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों में उनकी संख्या केवल 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 25 उच्च न्यायालयों में से केवल दो में महिला मुख्य न्यायाधीश हैं- गुजरात और मेघालय। एक महीने में एक और महिला मुख्य न्यायाधीश बन जाएंगी।

# शीर्ष कोर्ट के गुंबद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उसकी इमारत के गुंबद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर प्रशासनिक स्तर पर विचार किया जाएगा। पीठ ने उच्चतम न्यायालय के महासचिव से कहा कि वे उचित नोट सक्षम प्राधिकारी के सामने पेश करें। पीठ बी. वेणुगोपाल की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के नए परिसर का निर्माण हो रहा है, जहां इस तरह की वास्तु पर ध्यान दिया जाएगा।

# प्री परीक्षा के बाद यूपीएससी जारी करेगा अस्थायी कुंजी

- सिविल सेवा परीक्षा को लेकर सरकार ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा में सरकार ने सोमवार को बताया कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अपनी वेबसाइट पर अस्थायी उत्तर कुंजी जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) आदि के लिए अधिकारियों के चयन हेतु प्रतिवर्ष तीन चरणों - प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार - में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न में लिखित उत्तर में उच्च सदन को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुपालन में, यूपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अस्थायी उत्तर कुंजी जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं। सिंह ने कहा कि यह प्रक्रिया, जो 2026 की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा से लागू होगी, यूपीएससी द्वारा आयोजित सभी संरचित परीक्षाओं पर लागू होगी। मंत्री ने कहा, "प्रारंभिक परीक्षा के अंक अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद ही जारी किए जाएंगे।" उन्होंने कहा कि वैकल्पिक विषयों में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए, यूपीएससी अंतर-विषय मॉडरेशन लागू करता है ताकि किसी भी उम्मीदवार को, चाहे उसने कोई भी वैकल्पिक विषय चुना हो।

# एक वर्षीय बीएड कोर्स शुरू करने की योजना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि बैचलर ऑफ़ एजुकेशन (बीएड) पाठ्यक्रम का समय एक साल किए जाने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सदन में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, देश में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नियम और मानक तय करने वाले वैधानिक प्राधिकार - राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) से मिली जानकारी के अनुसार, फिलहाल बी.एड. कार्यक्रम का समय पुनः एक साल करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

एनसीटीई ने पिछले साल घोषणा की थी कि वह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के मुताबिक, 2014 में बंद किए गए एक वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम को एक दशक से अधिक समय बाद फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। बता दें कि विद्यार्थियों में भी एक साल के बीएड कोर्स को लेकर काफी जिज्ञासा है।

# हिरासत में मौत मामले में नौ पुलिसकर्मी दोषी करार

- तमिलनाडु के मदुरै जिले में साल 2020 में हुई थी घटना

**मदुरै, एजेंसी**

तमिलनाडु के मदुरै जिले की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को प्रदेश के थूथुकुडी जिले के साथनकुलम में 2020 में एक व्यक्ति और उसके बेटे को हिरासत में यातना देने के मामले में सभी नौ आरोपी पुलिसकर्मियों को दोषी करार दिया।

पुलिस हिरासत में याताना के बाद पिता-पुत्र की मौत हो गयी थी। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश जी मुथुकुमारन ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोप साबित कर दिया है और पुलिसकर्मियों को दोषी पाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों को 30 मार्च को सजा सुनाई जाएगी। मोबाइल फोन की दुकान के मालिक पी जयराज (59) और उनके बेटे जे बेनिक्स (31) को कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के नियमों के कथित उल्लंघन के संबंध में 19 जून 2020 को साथनकुलम पुलिस थाने ले जाया गया था। कोविलपट्टी उप-जेल में हिरासत के दौरान कथित क्रूर यातना दिये जाने के बाद पिता और पुत्र की 23 जून को मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस निरीक्षक एस श्रीधर, उपनिरीक्षक के बालकृष्णन, पी रघुगणेश, मुख्य आरक्षी एस मुरुगन और ए समीदुराई समेत 10 पुलिसकर्मियों पर हत्या का आरोप था। इसकी शुरुआती जांच सीबी-सीआईडी ने की थी, जिसे बाद में सीबीआई ने अपने हाथ में ले लिया। इस घटना के कारण उस वक्त राज्य में भारी जनाक्रोश फैल गया था। इस मामले में 105 गवाह थे।

# एनसीबी हिरासत में बीएसएफ के कांस्टेबल की मौत

**चंडीगढ़/अमृतसर।** बीएसएफ के एक कांस्टेबल की स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की हिरासत में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसके साथ बेहरमी से मारपीट की गई। बीएसएफ कांस्टेबल जसविंदर सिंह को एक मामले में पूछताछ के सिलसिले में तीन मार्च को जम्मू से पकड़ा गया था, जिनकी शुक्रवार रात अमृतसर में इलाज के दौरान मौत हो गई। अमृतसर के मकबूलपुरा थाना प्रभारी जसजीत सिंह ने बताया कि एनसीबी एक मामले की जांच कर रहा था और कांस्टेबल की हालत अचानक बिगड़ने के बाद उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। शनिवार को अमृतसर सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया। मां गुरमीत कौर ने रविवार को बताया कि उनका बेटा छुट्टी पर घर आया था और तीन मार्च को एनसीबी की जम्मू इकाई उसे अपने साथ ले गई।

# न्यूयॉर्क में भीषण विमान हादसा पायलट व सह पायलट की मौत

- न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाई अड्डे पर ट्रक से भिड़ी उड़ान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाई अड्डे पर रविवार रात लैंडिंग के दौरान एयर कनाडा का एक विमान रनवे पर दमकल विभाग के ट्रक से टकरा गया, जिसके चलते दो पायलटों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि भिड़ंत की वजह से विमान का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

उन्होंने बताया कि घटना के बाद 39 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को आसपास के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से कुछ को गंभीर चोट आई है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।




हवाई अड्डे का संचालन करने वाले न्यूयॉर्क एवं न्यूजर्सी पोर्ट अथॉरिटी की कार्यकारी निदेशक कैथरीन गार्सिया ने बताया कि ट्रक में सवार पोर्ट अथॉरिटी के दो कर्मचारी भी घायल हो गए। गार्सिया ने सोमवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों में विमान के पायलट और सह-पायलट शामिल हैं। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के नेतृत्व में घटना की जांच की जा रही है। गार्सिया ने कहा कि दमकल ट्रक यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान से जुड़ी एक अलग घटना के चलते घटनास्थल पर जा रहा था। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान में दुर्गंध आने की सूचना मिली थी। इससे पहले कहा गया कि एयर कनाडा की ओर से संचालन कर रही जैज़ एविएशन की उड़ान में 72 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान मॉन्ट्रियल-पियरे एलियट ट्रूडो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ था। तस्वीरों और वीडियो में विमान का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त दिखता है और कॉकपिट से तार तथा अन्य चीजें लटकी दिखती हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज का दिन नए काम की शुरुआत के लिए अच्छा है। ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। कार्यस्थल पर आपके प्रयासों की सराहना होगी।

**तुला** – आज निर्णय लेते समय सोच-समझकर कदम उठाएं। नए संबंध बन सकते हैं, जो भविष्य में लाभ देंगे। घर का माहौल सुखद रहेगा।

**वृष** – आज आर्थिक मामलों में सावधानी जरूरी है। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें, आराम करें। धैर्य और समझदारी से काम लें, जल्दबाजी से बचें।

**वृश्चिक** – आज कार्य में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। छिपी हुई चिंताएं सामने आ सकती हैं। ध्यान और योग से मन को शांति मिलेगी।

**मिथुन** – आज मित्रों से सहयोग मिलेगा और मन हल्का रहेगा। नए अवसर सामने आ सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं।

**धनु** – आज यात्रा के योग बन रहे हैं, लाभदायक साबित हो सकती है। नई सीख और अनुभव मिलेंगे। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

**कर्क** – आज भावनाओं में बहने से बचें, व्यावहारिक निर्णय लें। कार्य में थोड़ी मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**मकर** – आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कड़ी मेहनत का फल मिलने वाला है। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**सिंह** – आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नेतृत्व क्षमता से लोग प्रभावित होंगे। आर्थिक लाभ के अच्छे संकेत हैं।

**कुंभ** – आज दोस्तों से मदद मिलेगी। मन में सकारात्मक विचार आएंगे। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**कन्या** – आज का दिन संतुलित रहेगा। योजनाएं सफल होंगी, मेहनत रंग लाएगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन** – आज रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 16.07 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-रोहिणी 19.05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 |

### सुडोकू -98

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 7 | | | 5 | | 9 | | | |
| 8 | | 5 | | 6 | | | | |
| | | 1 | | | 8 | | 5 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 9 | | | 4 | | 8 | | 7 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | | | | | 9 | | |

# देश में और बाहर पढ़ने को उपलब्ध है ऋण की सुविधा

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि बैंक छात्रों को मांग के आधार पर शिक्षा ऋण उपलब्ध करा रहे हैं और इसमें कहीं किसी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में सोमवार को कहा कि आज बैंक सभी जगह उपलब्ध हैं। विद्यालक्ष्मी और मॉडल विद्यालय में भी भारत सरकार ऋण उपलब्ध कराती है। विद्यालक्ष्मी योजना के तहत तीन प्रतिशत से कम ब्याज दर तय की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार कई शिक्षा संबंधी योजनाएं चला रही है।

**संसद में बोली सरकार**

**केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में पूछे गए सवाल पर दिया स्पष्टीकरण**

# किसी राज्य पर हिंदी सहित कोई भी भाषा थोपी नहीं जा रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किसी राज्य पर हिंदी समेत कोई भी भाषा नहीं थोप रही। चौधरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल में द्रमुक सांसद कलानिधि वीरास्वामी के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बात कही।

तमिलनाडु के सदस्य ने उनके राज्य का समग्र शिक्षा अभियान के तहत बकाया धन जारी नहीं किये जाने का मुद्दा उठाते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत तीन भाषा के फार्मूले को लेकर चिंता जताई। चौधरी ने कहा कि एनईपी में स्पष्ट रूप से छात्रों को बहुभाषाएं सिखाने से उनके शिक्षण पर पड़ने वाले प्रभावों का उल्लेख है। सभी राज्यों को स्कूलों में तीन भाषाओं को सिखाने का ढांचा बनाना चाहिए। कम से कम 15 साल तक के बच्चों को विशेष रूप से दो भाषाओं में दक्षता होनी चाहिए जो मातृभाषा हों। तीसरी भाषा पूरी तरह मांग पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में केंद्र सरकार समग्र शिक्षा अभियान 2.0 के तहत राज्यों को शिक्षकों की नियुक्ति आदि में मदद करती है। तमिलनाडु में तीन भाषाओं के फार्मूले को लागू करने पर द्रमुक सांसद की चिंता पर चौधरी ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि एनईपी 2020 में कहीं भी हिंदी समेत किसी भाषा को थोपने की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2011 के भाषा एटलस के अनुसार तमिलनाडु में 96 भारतीय भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं। चौधरी ने कहा कि एनईपी में तीन भाषाओं में दो मातृभाषाओं को सिखाने की बात है। उन्होंने कहा कि तीन भाषाओं को लागू करने की बात भी दो भाषाओं के फार्मूले, जिसे द्रमुक भी तमिलनाडु में स्वीकार करती है।



### तमिलनाडु भी लागू करे पीएमश्री योजना

शिक्षा राज्य मंत्री ने दावा किया कि तमिलनाडु ने मार्च 2024 में पीएमश्री योजना पर समझौता करने की इच्छा जताई थी, लेकिन अभी तक करार नहीं किया है। इस पर द्रमुक के कुछ सदस्यों को आपत्ति जताते सुना गया। चौधरी ने कहा कि अगर आप राष्ट्रीय शिक्षा नीति से सहमत हैं तो पीएमश्री योजना भी लागू करनी चाहिए। इसे देश में 14 हजार से अधिक स्कूलों के लिए डिजाइन किया गया है।

